# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026



अब काश नहीं...
सिर्फ आकाश

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations







**प्रवेश प्रारंभ**

| कक्षा | कक्षा | कक्षा | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 6वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्र | 11वीं में अध्ययनरत छात्र | 12वीं में अध्ययनरत छात्र | 12वीं में अध्ययनरत व उत्तीर्ण छात्र |
| स्कूल, बोर्ड परीक्षा एवं ओलंपियाड के लिए फाउंडेशन कोर्स* | NEET / JEE के लिए 2 वर्षीय इंटीग्रेटेड क्लासरूम कोर्स | NEET / JEE के लिए 1 वर्षीय इंटीग्रेटेड क्लासरूम कोर्स | NEET / JEE के लिए 1 वर्षीय रिपीटर / ड्रॉपर कोर्स |

*Classes 6th, 7th & 8th for selected branches only.

इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (iACST) में भाग लें।
निःशुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in
पर जाएँ या दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

**90%** तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें

नियम व शर्तें लागू।

बैचेस जल्द शुरू हो रहे हैं।

**Call Your Nearest Branch:** **Indore (Geeta Bhawan):** 8800013061, 9752592088 **Indore (Ranjeet Hanuman):** 8800013062, 9752592087 **Indore (Vijay Nagar):** 8800952602, 9319682642 **Mhow:** 7225060455, 7225060453 **Bhopal (MP Nagar):** 8800013060, 9752539318 **Bhopal (Hoshangabad Road):** 9479403000, 9479406000 **Bhopal (Lalghati):** 9977555297, 9977555074 **Gwalior (City Centre):** 8800013064, 9752539770 **Gwalior (DD Nagar):** 8800857552, 9289278420 **Jabalpur (Madan Mahal):** 8800013063, 8448799058 **Jabalpur (Tilhari):** 6262222088, 6262222099 **Ujjain:** 8800013119, 8448985465 **Sagar:** 8800860649, 7869501923 **Chhindwara:** 8800860153, 9289149594 **Ratlam:** 8800898646, 9289356958 **Rewa:** 8800745625, 8448799027 **Khargone:** 6262600907, 6262600906

नजदीकी ब्रांच के लिए QR कोड को स्कैन करें

CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727

VISIT: aakash.ac.in

Aakash INVICTUS Advanced JEE Prep Program

Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

# मध्य प्रदेश : यहां बेटियों और महिलाओं के लिए बजट स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर एक साथ हुआ काम

*देश में मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को बहुत तेजी से पूरा किया जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राज्य की महिलाओं, बेटियों और बच्चियों के लिए ऐसे कई कार्यक्रम चलाए है जिससे उनकी खुशहाली, तरक्की का मार्गप्रशस्त हुआ है। आज राज्य बेटियों की पढ़ाई में मदद राज्य की मोहन सरकार कर रही है। उनकी सेहत और बच्चियों के पोषण का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।*




## आत्मनिर्भरता से सम्मान तक हर स्तर पर दिख रहा असर

- **62 लाख महिलाएं स्व सहायता समूहों से हुईं आत्मनिर्भर**
- **सरकारी नौकरियों में बहनों को 35 प्रतिशत आरक्षण**
- **मध्यप्रदेश में महिलाओं को नई शक्ति**

केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण की नई गाथा लिखी जा रही है। प्रदेश में महिलाओं को मजबूत, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में महिला एवं बाल विकास के लिए 32 हजार 730 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह बजट महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण को नई गति देने वाला है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 14 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए प्रदेश में 471 केंद्रों पर निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया गया है। वहीं, देवी अहिल्या नारी सशक्तीकरण मिशन के जरिए महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए और, दूरगामी फैसला है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए विक्रम उद्योगपुरी, पीथमपुर सेक्टर-1 एवं 2, मालनपुर घिरांगी, मंडीदीप जैसे में भी ऐसे हॉस्टल को स्वीकृति दी औद्योगिक क्षेत्रों में वर्किंग वुमन हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम गई है. जिससे महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ आवास मिल सके।

### आत्मनिर्भरता

लाड़ली बहना योजना, स्व सहायता समूह और आर्थिक सहायता ने महिलाओं को अपनी आय बढ़ाने और खुद पर निर्भर होने की ताकत दी।

### सम्मान की बात...

35% आरक्षण, बढ़ा हुआ मानदेय और सुरक्षित आवास जैसी सुविधाओं ने महिलाओं को समाज और व्यवस्था में नई पहचान है।

### सशक्तिकरण

स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और रोजगार के अवसरों ने महिलाओं को हर स्तर पर मजबूत किया है। वे परिवार के भविष्य को बेहतर बना रही हैं।

### पीएम के नेतृत्व में आत्मनिर्भर हुईं महिलाएं : सीएम

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण की यात्रा को अभूतपूर्व गति मिलेगी। हमारी बेटियां आज हवाई जहाज उड़ा लेती हैं और अंतरिक्ष में भी जाती हैं। जीवन के ऐसे क्षेत्रों में बहनें और बेटियां कार्य कर रही हैं, जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। मध्यप्रदेश में उद्योग व्यवसाय के संचालन, पर्यटक स्थलों पर होम स्टे के संचालन, टोल टैक्स की वसूली और नगरों एवं ग्रामों में मेयर और सरपंच जैसे पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनकल्याण के कार्यों में बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।




### सवा करोड़ बहनों के खातों में पहुंचे 54 हजार करोड़

आर्थिक सशक्तीकरण की बात करें तो लाड़ली बहना योजना में 250 रुपये की बढ़ोतरी के साथ अब महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। जून 2023 से फरवरी 2026 तक 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के खातों में 33 किस्तों के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि पहुंच चुकी है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत अब तक 52 लाख से अधिक बालिकाएं पंजीकृत हैं और 13 लाख 89 हजार से ज्यादा न बालिकाओं को लगभग 776 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से भी बड़ा बदलाव दिख रहा है। प्रदेश में 5 लाख समूहों से जुड़ी 62 लाख ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार 560 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। वहीं, सभी नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि का फैसला महिलाओं के नेतृत्व को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है। सरकार के इन समन्वित प्रयासों का असर साफ दिखाई दे रहा है।

**स्वास्थ्य पर सरकार का फोकस, योजनाओं से जमीनी बदलाव**

## गर्भावस्था से नवजात देखभाल तक मजबूत तंत्र, समन्वय से घटी मृत्यु दर

मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित मातृत्व को लेकर व्यापक रणनीति पर काम कर रही है। 7 अप्रैल 2025 को शुरू मातृशिशु संजीवन अभियान ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों की साक्ष्य-आधारित देखभाल को नई दिशा दी है। राज्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर महीने 9 और 25 तारीख को 672 स्वास्थ्य संस्थानों में जांच की जाती है और 2016 से मार्च 2026 तक 58.63 लाख गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञों द्वारा जांच हो चुकी है। सुमन कार्यक्रम के अंतर्गत एक राज्य स्तरीय कमान नियंत्रण केंद्र, एक एम्स, 10 मेडिकल कॉलेज और 51 जिला अस्पतालों में हेल्प डेस्क संचालित हैं, जहां उच्च जोखिम वाले मामलों की ट्रैकिंग और समाधान किया जाता है। एनीमिया मुक्त भारत अभियान में 2025-26 के दौरान 2.37 लाख महिलाओं को उपचार दिया गया, जबकि 2018 से शुरू डबल फोर्टिफाइड नमक अब 27.22 लाख राशन कार्ड धारकों यानी 1.09 करोड़ लोगों तक पहुंच रहा है। 8.08 लाख गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल स्क्रीनिंग में 14,559 पॉजिटिव मामलों की पहचान कर 14,539 का सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया गया। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 162 स्त्री रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित कर 123 संस्थानों में सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं 229 बर्थ वेटिंग होम उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए सहारा बने हैं। जननी सुरक्षा योजना के तहत 2018 से 2026 तक 74.75 लाख महिलाओं को 1018.06 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना में 47.45 लाख हितग्राहियों को 3993.13 करोड़ रुपये दिए गए। डिजिटल नवाचार में अनमोल 2.0 पोर्टल से गर्भवती महिलाओं और नवजातों की ट्रैकिंग की जा रही है, जबकि सुमन सखी चैटबॉट जानकारी उपलब्ध करा रहा है। अगस्त 2025 से प्रसवकालीन मानसिक स्वास्थ्य जांच भी शुरू की गई है।

### घर-घर-हो रही देखभाल

बच्चों के लिए 62 एसएनसीयू , 200 नवजात स्थिरीकरण इकाइयां, 22 मातृ-नवजात इकाइयां, 67 पीआईसीयू और 318 पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित हैं। आशा कार्यकर्ताओं के जरिए घर-आधारित देखभाल, दस्तक और सांस अभियान तथा एनीमिया मुक्त भारत के तहत पोषण सेवाएं दी जा रही हैं। मिशन इंद्रधनुष में 10.14 लाख गर्भवती और 37.77 लाख बच्चों का टीकाकरण हुआ है। इन प्रयासों का असर दिखा है। 2015-17 में 188 रहा मातृ मृत्यु अनुपात घटकर 2021-23 में 142 पर आ गया है, जबकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 62 से घटकर 44 और नवजात मृत्यु दर 34 से घटकर 27 हो गई है।

**योजनाओं से बदली तस्वीर**

## स्वास्थ्य पर ध्यानः मातृत्व, पोषण और टीकाकरण पर लगातार काम



केंद्र सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर लगातार गंभीरता से काम कर रही है, जिसका असर अब जमीन पर साफ दिखने लगा है। 2017 में शुरू प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 5,000 रुपये की सहायता दी जा रही है, जिससे फरवरी 2026 तक 4.27 करोड़ महिलाओं को 20,101 करोड़ रुपये का लाभ मिला और मातृ पोषण में सुधार हुआ। बच्चों और खासकर बालिकाओं के पोषण के लिए 2021 में संशोधित पीएम पोषण योजना के तहत 11.35 लाख स्कूलों में 11 करोड़ छात्रों को गर्म भोजन मिल रहा है। वहीं पोषण 2.0 मिशन के जरिए 14.03 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों से 8.97 करोड़ लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंच रही हैं और 13.36 लाख कार्यकर्ता जुड़े हैं। मातृत्व सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 2016 से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 22,349 केंद्रों पर 7.26 करोड़ गर्भवती महिलाओं की जांच हो चुकी है। 2024 में शुरू सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत 1000 ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाया गया है। 2023 के पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम में 8.55 लाख आंगनवाड़ी + कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि सक्षम आंगनवाड़ी के तहत फरवरी 2026 तक 1.03 लाख केंद्र उन्नत हुए। मिशन इंद्रधनुष के चलते बच्चों की मृत्यु दर 48 से घटकर 28 और नवजात मृत्यु दर 28 से घटकर 17 हो गई। इन प्रयासों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जननी सुरक्षा और अन्य योजनाओं ने मातृ मृत्यु दर को घटाने में बड़ी भूमिका निभाई है, जो दिखाता है कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर सरकार की चिंता अब ठोस नतीजों में बदल रही है।



### बड़ा बदलाव होगा

सबसे बड़ा असर राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर दिखेगा। अभी लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी करीब 14-15% और राज्य विधानसभाओं में लगभग 9% है। 35% आरक्षण लागू होने के बाद हजारों महिलाएं विधायक और सांसद बनेंगी। इससे नीति निर्माण में महिलाओं की आवाज पाहले से कहीं ज्यादा मजबूत होगी।

### नीतियों की दिशा भी बदलेगी

पंचायती राज संस्थाओं के अनुभव बताते है कि जहां महिलाओं को नेतृत्व मिला, यहां पानी, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया गया। अब यही असर संसद और विधानसभाओं में भी देखने को मिलेगा। महिला केंद्रित नीतियों को प्राथमिकता मिलने की संभावना बढ़ेगी।

### सिर्फ राजनीति नहीं, समाज भी बदलेगा

- यह कानून केवल सीटों का बंटवारा नहीं है, बल्कि सामाजिक बदलाव का आधार भी बनेगा।
- महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा।
- ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में नई प्रेरणा पैदा होगी।
- युवा पीढ़ी के सामने नए रोल मॉडल उभरेंगे।

यह पहल 'महिला-नेतृत्व वाला विकास' को वास्तविक जमीन देगी।

> मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है।
>
> - नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




## सुरक्षा की ठोस पहल : हर स्तर पर सुरक्षा एवं पुनर्वास

केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर मिशन मोड में काम कर रही है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण मिशन शक्ति है। यह पहल महिलाओं के जीवन के हर चरण में सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग योजनाओं को जोड़कर एक समग्र रणनीति पर काम करती है। मिशन शक्ति के दो प्रमुख स्तंभ संबल और समर्थ्य हैं।

संबल के तहत 1 अप्रैल 2015 से चल रहे वन स्टॉप सेंटर में फरवरी 2026 तक 926 केंद्रों के जरिए 13.90 लाख से अधिक महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और आश्रय सेवाएं दी गई हैं। 2015 में शुरू महिला हेल्पलाइन, जिसे अब 112 से जोड़ा गया है, 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित है और 99.09 लाख महिलाओं को सहायता दे चुकी है।

### शी बॉक्स पोर्टल

29 अगस्त 2024 को शुरू SHe-Box पोर्टल से मार्च 2026 तक 1.63 लाख कार्यस्थल जुड़े, जिससे कार्यस्थल पर शिकायतों का समाधान आसान हुआ। 2023 में शुरू नारी अदालत ने ग्राम स्तर पर विवादों के समाधान को मजबूत किया।




## शिक्षाः स्कूल से शोध और कौशल तक मजबूत पहल



केंद्र सरकार महिलाओं की शिक्षा और कौशल विकास को लेकर लगातार गंभीरता से काम कर रही है, जिसका असर अब आंकड़ों में साफ नजर आ रहा है। 2015 में शुरू बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने जागरूकता बढ़ाई, जिससे जन्म के समय लिंगानुपात 918 से बढ़कर 929 हुआ और माध्यमिक स्तर पर का बालिकाओं नामांकन 75.5% से बढ़कर 80.2% पहुंच गया।... सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 2015 से फरवरी 2026 तक 4.6 करोड़ खाते खोले गए और 3.40 लाख करोड़ रुपये की बचत से बालिकाओं की शिक्षा को आर्थिक आधार मिला। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना के तहत फरवरी 2026 तक 5,316 स्कूल संचालित हैं, जिनमें 2025-26 में 7.58 लाख बालिकाएं पढ़ रही हैं। उच्च शिक्षा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और 2014 से 2023 के बीच उनका सकल नामांकन 30.2% तक पहुंचा। पीएचडी स्तर पर 135.6% वृद्धि के साथ 64,724 महिला शोधकर्ताओं की बढ़ोतरी हुई। छात्रवृत्ति योजनाओं में 50% आरक्षण और नई राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति में हर साल 10,000 में से 3,000 सीटें महिलाओं के लिए तय की गई हैं, जहां प्रति छात्र 1.5 लाख रुपये मिलते हैं। तकनीकी शिक्षा में एआईसीटीई प्रगति योजना से 2024-25 में 35,998 छात्राएं लाभान्वित हुईं, जबकि विज्ञान ज्योति योजना से 80,000 से अधिक बालिकाएं जुड़ीं। आईआईटी में महिलाओं की भागीदारी 10% से बढ़कर 20% से ज्यादा हुई। वहीं 2025 में शुरू नव्या कार्यक्रम के तहत 1,295 बालिकाएं नामांकित और 671 को प्रशिक्षण दिया गया।


# महिलाओं को जब अवसर मिलते हैं तो वे आसमान छू लेती हैं...

## पहले गृहणीं फिर अवसर मिला तो उद्यमी बन गई प्रेमलता, कमाती हैं, तीन लाख

नीमच जिले के ग्राम बमोरा की प्रेमलता पाटीदार की जिंदगी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से पूरी तरह बदल गई है। कभी घर तक सीमित रहने वाली प्रेमलता आज ₹बालाजी उद्योग₹ के नाम से खाद्य तेल प्रसंस्करण इकाई चला रही हैं। उन्होंने 23.61 लाख रुपये की लागत से उद्योग शुरू किया, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, जीरन शाखा से 20 लाख का ऋण और सरकार से 8.26 लाख का अनुदान मिला। 'गोपाल कृष्ण' ब्रांड से कोकोनट ऑयल बनाकर उन्होंने बाजार में अपनी पहचान बनाई। आज उनका मासिक टर्नओवर 8 से 10 लाख है और वे हर महीने 2 से 3 लाख की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं, सालाना लाभ 30 लाख रुपये से अधिक पहुंच चुका है।

### 7 लोगों को दिया रोजगार

प्रेमलता ने अपने उद्योग में 7 लोगों को रोजगार भी दिया है, जिससे गांव की आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। नीमच जिले में अब तक 210 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिला है और चालू वर्ष में 125 नए उद्योग स्थापित हुए हैं। यह कहानी दिखाती है कि सरकारी सहयोग और मेहनत से एक गृहिणी भी आत्मनिर्भर बनकर नई पहचान बना सकती है।




D-19022/26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026



11 पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी ...







विचार पेज
08 एमएसएमई के विस्तार में ...


**तीन दिन के विशेष सत्र के दूसरे दिन ही फैसला**

*महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का 131 वां संशोधन बिल लोकसभा में गिरा*

*दो तिहाई बहुमत नहीं मिल सका, केंद्र सरकार ने बाकी के दो बिल भी वापस लिए*

# नारी शक्ति वंदन बिल को नहीं मिला 'संख्या बल' परिसीमन पर एक नहीं हुए सत्ता पक्ष व विपक्षी दल




| | |
|---|---|
| कुल वोट पड़े | 528 |
| समर्थन में | 298 |
| विरोध में | 230 |
| दो तिहाई संख्या | 352 |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में महिला आरक्षण संबंधी संशोधन बिल गिर गया। बिल को विपक्ष ने परिसीमन के साथ नकार दिया। विपक्ष का कहना था कि 2023 वाला बिल लाएं। समर्थन देंगे। पर, परिसीमन के साथ ये बिल एक धोखा है। इसमें बस महिलाओं के नाम का इस्तेमाल किया गया है। उनको कोई फायदा नहीं होगा। इसकी आड़ में सरकार देश का चुनावी नक्शा बदलना चाहती है।

जो अस्वीकार्य है। बिल को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष को साथ लेने की कोशिश की। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने आंकड़े बताकर यह समझाने की कोशिश की कि परिसीमन से किसी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। लेकिन, विपक्ष सहमत नहीं हो ▶▶ शेष पेज 2 पर

*सरकार जिस बिल को 'वंडरफुल' साबित कर रही थी, उसे विपक्ष ने 'ब्वंडरफुल' साबित कर दिया। हालांकि, सरकार को शंका थी कि विपक्ष को इस पर सहमत कर पाना बेहद मुश्किल होगा। वही हुआ भी*

## राहुल गांधी ने कहा

- हमने बिल रोक लिया। 2023 का बिल लाओ। हम समर्थन देंगे। 543 में ही करें 33 फीसदी आरक्षण। संशोधन बिल देश के चुनावी नक्शे को बदलने के लिए था। इसमें महिलाओं के नाम का इस्तेमाल किया गया।
- सारे विपक्ष ने एक सुर से परिसीमन का विरोध किया। उनका आरोप था कि उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों से इसमें भेदभाव किया गया। सरकार विपक्ष को संतुष्ट नहीं कर पाई कि परिसीमन में किसी से अन्याय नहीं किया जाएगा

## सरकार बोली

- विपक्ष ने ऐतिहासिक मौका गंवाया,महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे
- वोटिंग से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया- हमें लगा विपक्ष बिल का समर्थन देगा इसलिए लाए




विधेयक के खारिज होने के बाद भाजपा की महिला सांसदों ने मकर द्वार पर विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की

## विपक्ष परिसीमन को लेकर भ्रम फैला रहा



शाह ने कहा कि परिसीमन आयोग और संवैधानिक सुधारों को लेकर यह भ्रामक नैरेटिव फैलाया जा रहा है। यदि विपक्ष को 50 फीसदी का प्रावधान लिखित में चाहिए, तो मैं प्रस्ताव देता हूं कि सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित की जाए। मैं इस विधेयक को आवश्यक सुधारों के साथ पुनः प्रस्तुत करने के लिए तैयार हूं।

## पीएम ने की थी अपील- अंतरात्मा की सुनिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोटिंग से पहले लोकसभा के सभी सांसदों से महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा सदस्यों से कहा कि उचित विचार-विमर्श और पूर्ण संवेदनशीलता के साथ निर्णय लें और महिलाओं के लिए आरक्षण के पक्ष में मतदान करें। अपनी अंतरात्मा की सुनिए।

## शाह ने कहा

### परिसीमन नहीं विपक्ष एससी-एसटी की सीटें बढ़ाने का विरोध कर रहा

लोकसभा में परिसीमन और महिला आरक्षण पर बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा का जवाब दिया। शाह ने कहा कि बोलने के समय सबने कहा कि हम पक्ष में हैं। इंडी अलायंस के सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु करके महिला आरक्षण का विरोध किया है। मुझे लगा कि इम्प्लीमेंटेशन के तरीके का विरोध हो है, लेकिन नहीं। केवल और केवल महिला आरक्षण का विरोध है। ये तरीकों का नहीं, बिल का विरोध है। बिल का उद्देश्य ▶▶ शेष पेज 2 पर

### बहस के बीच महिला आरक्षण कानून-2023 की अधिसूचना

महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर बहस के बीच वोटिंग से पहले महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला महिला आरक्षण अधिनियम-2023 गुरुवार 16 अप्रैल से लागू हो गया। इस संबंध में देर रात केंद्रीय कानून मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। दरअसल, महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही थी, वह लागू ही नहीं हुआ था। कानून में ▶▶ शेष पेज 2 पर

## राहुल बोले- इस विधेयक का महिला सशक्तीकरण से कोई लेना-देना नहीं

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल की चर्चा करते हुए कहा कि इस विधेयक का महिला सशक्तीकरण से कोई लेनादेना नहीं है, 2023 में जो विधेयक इस सदन में पारित हुआ था वह महिला आरक्षण का विधेयक था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ओबीसी भाइयों और बहनों को अधिकार देने से बच रही है। ये बिल एससी- एसटी- ओबीसी के खिलाफ है और उनके अधिकार छीनने की कोशिश है।

## संसद में दिखे अनूठे क्षण



### 1 नड्डा ने दिया खरगे को सहारा

राजनीतिक मतभेदों के बीच जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर मदद का हाथ बढ़ाया। यह छोटा सा दृश्य इस बात का संकेत था कि लोकतंत्र में मतभेद भले ही तीखे हों, लेकिन मानवीय रिश्तों की गर्माहट अब भी कायम है।

### बिरला ने राहुल से पूछा-अंगूठे में क्या हुआ?



2

जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महिला आरक्षण बिल पर अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए, तो उनके हाथ पर बंधी पट्टी ने सभी का ध्यान खींच लिया। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने हल्के अंदाज में उनसे चोट के बारे में पूछा। राहुल गांधी ने बताया कि उनके अंगूठे में चोट लगी है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी




हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

5 पुराने 70 से अधिक झपटमारों से पूछताछ ...



6 विरासत की सैरः भोपाल की गलियों में इतिहास...



**आरिफ नगर ब्रिज बनने में बने थे बाधा**

# निशातपुरा में कब्जे हटाने का विरोध, हंगामे के बीच तोड़े मकानों के छज्जे

## स्वेच्छा से नहीं हटाए अतिक्रमण तो तोड़ने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के निशातपुरा रेलवे फाटक के पास शुक्रवार को आरिफ नगर ओवरब्रिज किनारे सर्विसलेन के निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाने गए अतिक्रमण अमले को स्थानीय रहवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान तीन मकानों के छज्जे ढहाए गए। इधर, स्थानीय रहवासियों ने बिना किसी नोटिस के की गई कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना था कि वे सालों से उक्त जगह पर रह रहे हैं और निगम का अमला केवल तीन मकानों को ही तोड़ रहा है और नोटिस तक नहीं दिए गए।

*लोगों का आरोप- बिना नोटिस दिए की गई कार्रवाई*

*पार्षद बोले- नोटिस दिए गए थे, नियमानुसार हटाए गए*

*अतिक्रमण दस्ते ने शहरभर में की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई*



निशातपुरा क्षेत्र में बेदखली अमले की कार्रवाई के दौरान हंगामा करते रहवासी।

निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले की कार्रवाई के दौरान बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अगर सर्विस लेन का निर्माण होना है तो केवल तीन ही मकानों के छज्जे तोडने की कार्रवाई की गई है। सभी पर कार्रवाई होना चाहिए। इस मामले पर स्थानीय रहवासियों में खासा गुस्सा था। क्षेत्रीय पार्षद देवेंद्र भार्गव ने बताया कि ब्रिज के पास सर्विस लेन का निर्माण होना है और जहां मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है वे अतिक्रमण की श्रेणी में हैं। निगम द्वारा पूर्व में नोटिस दिए गए थे, लेकिन जब स्वेच्छा से कब्जे नहीं हटे तो निगम के अमले ने कार्रवाई की।



अमले ने दुकानों के छज्जे भी ढहा दिए।

### स्मार्ट सिटी के प्लॉट से कब्जे हटाए

निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग देकर न्यू मार्केट गेमन इंडिया के पीछे स्मार्ट सिटी के प्लाट से चार झुग्गियों को हटाया व एक झुग्गी स्वामी के मौजूद न होने पर पंचनामा तैयार कर सामान जप्त कर अतिक्रमण स्टोर में जमा कराया। कस्तूरबा नगर में ग्रीन बैल्ट से कब्जे हटाए गए।

### एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में हुई कार्रवाई

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कोलार सलैया, दानिश चौराहा, आलोक धाम, फाइन एवेन्यू, निर्मलादेवी गेट, ललिता नगर, रूद्राक्ष हास्पिटल, भारत माता चौराहा, सूरज नगर, न्यू मार्केट पोस्ट आफिस, रंगमहल, नानके पेट्रोल पम्प, बोर्ड आफिस, एमपी नगर, होशंगाबाद रोड, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज, रायसेन रोड राम मंदिर, सोनागिरी, अयोध्या बायपास, आनंद नगर, पटेल नगर बजरंग चौराहा, वल्लभ भवन, जहांगीराबाद झदा कब्रिस्तान, जहांगीराबाद चौराहा, पीरगेट आदि क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए।

## फुल टैंक लेवल से 50 मीटर दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम फिर पिछड़ा

# बड़े तालाब के किनारे बीस फीसदी अतिक्रमण हटाए गए, 80 की सुनवाई में बिगड़ा शेड्यूल

*21 अप्रैल तक हटाए जाने हैं 300 कब्जे, अब तक इक्का दुक्का ही हटे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम फिर पिछड़ गया है। शेड्यूल के हिसाब से 21 अप्रैल तक इसकी जद में आने वाले 300 अतिक्रमणों को हटाया जाना था, लेकिन इक्का-दुक्का कार्रवाई की वजह से अब तक बीस फीसदी कब्जे ही हटे हैं। बंगले, विला और मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों पर कार्रवाई को लेकर सुनवाई चल रही है। ऐसे में टॉस्क फोर्स के शेड्यूल के हिसाब से अब 21 अप्रैल तक अतिक्रमण नहीं हटाए जा सकेंगे।

एनजीटी की सख्ती के बाद भोज वेटलैंड की टॉस्क फोर्स ने 15 दिन की टाइम लाइन तय की थी, जिसमें 6 से 21 अप्रैल तक अलग-अलग क्षेत्र में कार्रवाई करना तय हुआ, लेकिन अफसर पुराने कब्जे दो बार में नहीं हटा पाए। अफसरों का तर्क है कि अतिक्रमणकारियों के मोहलत मांगने की वजह से कार्रवाई में देरी हो रही है। तय शेड्यूल के हिसाब से 18-19 अप्रैल को टीटी नगर के शेष कब्जे, 20 को बैरागढ़ में बचे अतिक्रमण और 21 को हुजूर तहसील की अंतिम कार्रवाई प्रस्तावित है। नगर निगम के चीफ सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार का कहना है कि 21 अप्रैल को भी सुनवाई रखी गई है, जिसके बाद कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**बैरागढ़ और टीटी नगर में हटाए जाएंगे तीन सौ अतिक्रमण**

**निजी जमीनों से नगर निगम हटाएगा अतिक्रमण**

### कलेक्टर बदलने के बाद रुकी कार्रवाई



फाइल फोटो

सरकार ने 9 अप्रैल को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का तबादला कर दिया था। जिसके बाद से टीम कार्रवाई करने फील्ड में नहीं उतरी है। इसके बाद 14 अप्रैल को नए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने काम संभाल लिया था, हालांकि गुरुवार को मीडिया के सवाल के जवाब में उन्होंने कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

### बड़े अतिक्रमण पर कार्रवाई का इंतजार

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने छोटे निर्माणों को तोड़ दिया था, जबकि वन विहार रोड स्थित जॉक रेस्टोरेंट, लहर रेस्टोरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन की 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कॉम्प्लेक्स और लहर जिम सहित अन्य निर्माण शामिल हैं।

### यह शेड्यूल किया था तय

- 10 अप्रैल : हलालपुरा-चिह्नित कब्जों पर
- 11 अप्रैल : बैरागढ़-काशियाना बंगले के पीछे
- 12-13 अप्रैल : सेवनिया गोंड- में कब्जे हटेंगे
- 15-16 अप्रैल : बैरागढ़-मकान, मैरिज गार्डन
- 17 अप्रैल : हुजूर तहसील-सरकारी भूमि पर
- 18-19 अप्रैल : टीटी नगर-शेष कब्जे
- 20 अप्रैल : बैरागढ़-बचे कब्जे
- 21 अप्रैल : हुजूर तहसील-अंतिम कार्रवाई


### निगम के काम में देरी

बड़े तालाब के दायरे में आने वाले सरकारी कब्जों को लेकर तहसीलदारों ने सुनवाई पूरी कर ली है। नगर निगम को निजी कब्जे हटाने हैं, जिसमें सुनवाई चल रही है, ऐसे में सुनवाई के बाद ही कार्रवाई की जा सकेगी।

**अंकुर मेश्राम, अपर कलेक्टर**

## शाहपुरा झीलः अवैध निर्माणों की जांच के लिए संयुक्त समिति गठित

राजधानी की शाहपुरा झील के संरक्षण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल में हुई सुनवाई के दौरान ट्रिब्यूनल ने झील के आसपास हो रहे अवैध निर्माण और पर्यावरणीय उल्लंघनों पर गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। एनजीटी ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को की जाएगी, जहां समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना की ओर से अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता और चिन्मय सिंह ने पक्ष रखते हुए ठोस सबूत पेश किए। उन्होंने बताया कि झील के 50 मीटर के प्रतिबंधित बफर ज़ोन के भीतर आवासीय कॉलोनियों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय और एक सरकारी स्कूल का निर्माण किया गया है, जो वेटलैंड्स नियम 2017 का स्पष्ट उल्लंघन है।




### प्रदूषण और जलस्तर पर चिंता

सुनवाई के दौरान झील के गिरते जलस्तर और बिगड़ती गुणवत्ता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। जिसमें कहा गया है कि झील का पानी क्लास-ई श्रेणी में पहुंच चुका है, जो मानव उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। ट्रिब्यूनल ने यह भी टिप्पणी की कि पुराने 33 मीटर के मानदंडों का सहारा लेकर झील के पारिस्थितिक क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दी जा रही है, जो पर्यावरण सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।


### आतंकवाद में संलिप्त होने का कहकर फंसाया

## सिंचाई विभाग की रिटायर्ड महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 25.65 लाख की ठगी, सीबीआई ने संभाली जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहने वाली सिंचाई विभाग की रिटायर्ड महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर जालसाजों ने 25 लाख 65 हजार रुपए की ठग लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच साइबर पुलिस ने सीबीआई को सौंप दी है। एसीपी भोपाल ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर 2025 रुद्राक्ष पार्क, बावड़िया निवासी पीड़िता अरुणा चिंचोलकर के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को सरकारी अधिकारी बताया। थोड़ी देर बाद कॉल कट गया, जिससे महिला असमंजस में पड़ गईं। इसके बाद उन्हें वाट्सएप कॉल के जरिए एक व्यक्ति ने खुद को इंटरनल सिक्योरिटी एंड काउंटर टेररिज्म का अधिकारी बताया। उसने आरोप लगाया कि आपके बैंक अकाउंट का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया गया है। उन्हें गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती और कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई। ठगों ने एक फर्जी अरेस्ट ऑर्डर भी भेजकर दबाव बनाया।



### चार दिन तक धमकाया

लगातार चार दिनों तक अलग-अलग कॉल के जरिए महिला को डराया-धमकाया गया। वह दबाव में आ गईं। इसी दौरान उनसे बैंक डिटेल, आधार और पैन कार्ड की जानकारी भी ले ली गई। डर और दबाव में आकर महिला ने 6 नवंबर को 16 लाख 50 हजार रुपए आरटीजीएस के जरिए एक खाते में ट्रांसफर किए। अगले ही दिन 7 नवंबर को उन्होंने दूसरे खाते में 9 लाख 15 हजार रुपये भेज दिए। इस तरह कुल 25 लाख 65 हजार रुपये की ठगी हो गई। पीड़िता ने 18 नवंबर 2025 को साइबर सेल में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 28 नवंबर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और उच्च अधिकारियों की मंजूरी के बाद केस की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। सीबीआई और एसीबी ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### एचपीसीएल को लिखा पत्र, मांगा रिकॉर्ड

## फिनिक्स गैस एजेंसी के स्टॉक में मिली गड़बड़ी, ब्लैक में बेच दिए 40 उपभोक्ताओं के सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिटायर सहायक आपूर्ति अधिकारी भानुप्रताप शर्मा की फिनिक्स एचपी गैस एजेंसी में दो ट्रक सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर नया खुलासा हुआ है, जिसके तहत अब तक करीब 40 उपभोक्ता ऐसे मिले हैं, जिनके डिलीवर्ड सिलेंडरों को ब्लैक में बेचा गया है। इधर, एजेंसी के स्टॉक में भी भारी अंतर मिला है, अब खाद्य विभाग केस दर्ज करेगा।

जांच में पता चला है कि 8 और 9 अप्रैल को दो ट्रक सिलेंडर (684) सिलेंडर गैस एजेंसी पर भेजे गए थे, लेकिन बिना ओटीपी सिलेंडर बांट दिए गए। जिसके बाद कंपनी ने एजेंसी को स्टॉक नहीं भेजा था। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि एजेंसी को दिए सिलेंडरों के स्टॉक को लेकर एचपी कंपनी को पत्र लिखा है, जिसके आधार पर एजेंसी से दिए सिलेंडरों का मिलान किया जाएगा।




जेके रोड स्थित एजेंसी का दफ्तर।

### गेहूं खरीदी में घटिया बारदाना, प्लॉस्टिक का लिया सैंपल

प्रदेश में 9 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं खरीदी के बाद गुरुवार को करोंद और भारतीय खाद्य निगम में रखे प्लॉस्टिक के बारदानों के सैंपल लिए गए हैं। जिले में जूट और प्लॉस्टिक के बारदानों में गेहूं की खरीदी की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटिया प्लॉस्टिक बारदाने की आशंका को देखते हुए सैंपलिंग की गई है।

### कलेक्टोरेट में जमा होंगे शादी के कार्ड फिर मिलेंगे दो कॉमर्शियल सिलेंडर

शादियों का सीजन शुरू होने के बाद जिला प्रशासन ने गैस सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए शादी वाले घर के लिए दो कॉमर्शियल सिलेंडर देने की व्यवस्था की है, जिसके तहत शादी कार्ड और आईडी प्रूफ के साथ डिपाजिट मनी देकर सिलेंडर देने की व्यवस्था शुरु कर दी गई है। पहले यह दस्तावेज गैस एजेंसी पर दिए जाने थे, लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए कलेक्टोरेट स्थित खाद्य विभाग के दफ्तर में दस्तावेज जमा करना पड़ेंगे। वेरिफिकेशन के बाद उसे संबंधित गैस एजेंसी पर भेजा जाएगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि शादी के सिलेंडर देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके तहत शादी कार्ड और आईडी प्रूफ देकर आवेदन किया जा सकता है। एजेंसी से 44 सौ रुपए की डिपाजिट मनी जमा कर सिलेंडर खरीदा जा सकेगा। गैस की कीमत अलग से अदा करना पड़ेगी।

### राज्य शिक्षा केंद्र ने बढ़ाई तिथि

## आरटीई के तहत प्रवेश की तारीख में इजाफा, अब 25 अप्रैल तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा केन्द्रों के परियोजना समन्वयकों को पत्र भी लिखा गया है।

### प्रवेश से मना करने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्रवाई

राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और जिला परियोजना समन्वयक मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित अशासकीय विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

## टूटेंगे अंजता-अंकुर कॉप्लेक्स, बनेंगे 600 नए फ्लैट

### बीडीए ने प्लान को दी मंजूरी, दो माह में शुरू होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबे समय से पुराने हो चुके अजंता और अंकुर कॉम्प्लेक्स का अब नए सिरे से विकास किया जाएगा। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) इस प्रोजेक्ट पर तेजी से काम कर रहा है और अगले दो महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अंकुर कॉम्प्लेक्स का निर्माण 1980-90 के दशक में और अजंता कॉम्प्लेक्स का निर्माण 1992 में हुआ था। करीब 35-40 साल पुराने इन दोनों कॉम्प्लेक्स को अब री-कंस्ट्रक्शन पॉलिसी के तहत फिर से बनाया जाएगा। इंद्रपुरी पिपलानी स्थित अजंता और शिवाजी नगर स्थित अंकुर कॉम्प्लेक्स को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा।

*वर्तमान में यहां हैं 300 फ्लैट, जो बढ़कर दोगुने हो जाएंगे 100 दुकानों का निर्माण भी है प्रस्तावित*



बीडीए भोपाल का भवन।

### रहवासियों को मिलेंगे 10 प्रतिशत बड़े घर

इस प्रोजेक्ट के तहत करीब 600 नए फ्लैट और 100 दुकानें बनाई जाएंगी। वर्तमान में यहां लगभग 300 फ्लैट हैं, जो नए निर्माण के बाद लगभग दोगुने हो जाएंगे। नई बिल्डिंग 6 मंजिला होगी और रहवासियों को पहले से करीब 10 प्रतिशत बड़े घर दिए जाएंगे। बीडीए की जनसंपर्क अधिकारी विभा शर्मा का कहना है कि हमने सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। हमारी तकनीकी टीम ने निरीक्षण भी कर लिया है। अब दो माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### निर्माण कार्य के दौरान मिलेगा किराया

बीडीए के तकनीकी अधिकारी ने कहा कि सभी जरूरी प्रक्रियाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं और रहवासियों की सहमति लेने का काम जारी है। एक महीने के भीतर बिल्डर्स के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। जिस कंपनी को निर्माण का काम मिलेगा, वह निर्माण अवधि के दौरान रहवासियों को किराया देगी। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद कंपनी कुछ हिस्से को बेच सकेगी, जिसमें तय प्रतिशत बीडीए को मिलेगा। यह बीडीए का री-कंस्ट्रक्शन पॉलिसी के तहत पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसके बाद 30 साल से ज्यादा पुराने अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी काम शुरू किया जाएगा।

### उत्तर भारत से आए एक्सपर्ट ऑपरेटर मशीनरी को कर रहे हैं ऑपरेट

# भोपाल मेट्रो-बूस्टिंग थ्रस्ट के बाद धीरे-धीरे टीबीएम चलना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की पहली 3.39 किलोमीटर लंबी भूमिगत टनल बनाने के लिए टीबीएम ने बेहद ही धीमी गति से जमीन के 24 मीटर नीचे चलना शुरू कर दिया है।

30 मार्च को उक्त मशीन को भारी-भरकम मशीनरी का उपयोग करके जमीन के नीचे उतारा गया था, जबकि दूसरी टीबीएम मशीन के इंस्टालेशन का काम भी तेजी से चल रहा है। जिससे नादरा बस स्टैंड की तरफ अंडरग्राउंड टनल का काम होगा। टीबीएम के धीरे-धीरे चलने की पुष्टि मेट्रो प्रशासन ने की है। हालांकि अभी तक अल्पना तिराहे पर 45 साल पुराने शालीमार ट्रेड सेंटर की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट नहीं आई है जिसका इंतजार किया जा रहा है।

जमीन के भीतर खुदाई करने वाली टीबीएम आधुनिक तकनीक से लैस है। इसके ऑपरेटर उत्तर भारत के एक्सपर्ट हैं जो मशीनरी को ऑपरेट कर रहे हैं। इसके साथ ही कंप्यूटर कंट्रोल सिस्टम, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रोटोकॉल की बारीक निगरानी में यह काम शुरू किया गया है।

इसके साथ ही मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि यह आधुनिक टीबीएम मशीन से दस मीटर तक किसी भी तरह के कंपन को पहले ही बता सकेगी। इस पूरे काम की निगरानी में अलग-अलग विषय विशेषज्ञों की टीम लगी हैं।

**कंप्यूटर कंट्रोल सिस्टम, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रोटोकॉल की बारीक निगरानी**

**अल्पना तिराहे पर 45 साल पुराने शालीमार ट्रेड सेंटर की स्ट्रक्चरल रिपोर्ट का इंतजार**

### दूसरी मशीन भी हो रही इंस्टाल




दूसरी टीबीएम इंस्टालेशन का काम तेजी से चल रहा है।

भोपाल रेलवे स्टेशन के पास अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर दूसरी टीबीएम मशीन के इंस्टालेशन का काम चल रहा है। इस मशीन से नादरा बस स्टैंड पर निर्माणाधीन अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन से टनल बनाने का काम शुरू होगा। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि टनल बनाने काम करीब तीन माह में पूरा होगा।

### दूसरे अंडरग्राउंड स्टेशन बनाने का काम तेज

नादरा बस स्टैंड के पास दूसरे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए जमीन के नीचे खुदाई की जा रही है। इसके लिए भारी-भरकम मशीनें पहले ही लगाई जा चुकी हैं। यहां भी कई मशीनों का इंस्टालेशन किया गया है।

भोपाल
शनिवार, 18 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -01
वर्ष : 13, अंक : 16
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

ईरान ने किया ऐलान...

# तनाव के बीच बड़ी खुशखबर... 48 दिन बाद खुला होर्मुज

एजेंसी ▶▶ तेहरान

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और लेबनान में लागू सीजफायर के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में सीजफायर समझौते के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह खोल दिया गया है। यह निर्णय सीजफायर अवधि के शेष समय के लिए लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। यह मार्ग ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि ईरान ने अभी घोषणा की है कि ईरान का जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला है और पूरी तरह से गुजरने के लिए तैयार है। धन्यवाद। इस ऐलान के बाद क्रूड ऑयल के दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए।


अराघची

### वाणिज्यिक जहाजों को आने-जाने की मिली छूट, ट्रंप ने कहा शुक्रिया


ऐलान के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता हुआ
होर्मुज

### ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को अमेरिका ने लौटाया

*अमेरिकी सेना ने बताया कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को लौटा दिया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक सोमवार से शुरू हुई इस नाकेबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।* ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### वैश्विक व्यापार के लिए अहम कदम

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग को खोलने का निर्णय अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और शिपिंग उद्योग के लिए राहत भरा माना जा रहा ▶▶ शेष पेज 2 पर

बढ़ती गर्मी का असर: भोपाल समेत 12 जिलों में स्कूलों का समय बदला

## अब सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी क्लास


परीक्षाएं तय समय पर ही होंगी
गर्मी से बच्चों का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अब तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। इसी के चलते राजधानी भोपाल में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोहपर 12 बजे तक करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार जिले के सभी स्कूलों में नर्सरी से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन आगामी आदेश तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का ये आदेश भोपाल जिले के सभी सरकारी, प्राइवेट, एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों के लिए लागू होगा। ▶▶ शेष पेज 2 पर

भोपाल-जबलपुर समेत 28 शहरों में पारा 40 पार

## सीजन में पहली बार पारा '43 डिग्री' पर जा पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में शुक्रवार को गर्मी के तेवर तीखे रहे और तापमान में बढ़ोतरी हुई। खजुराहो में पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सीजन का सबसे अधिक है। खजुराहो के बाद नौगांव, मंडला और दमोह में पारा 42.5 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया है। भोपाल में दोपहर में तेज गर्मी का अहसास हुआ, यहां तापमान 41 डिग्री से अधिक रहा। शनिवार को 20 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो ▶▶ शेष पेज 2 पर

खजुराहो में पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी डीसी
दोपहर 3.30 बजे से
एसआरएच सीएसके
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### हरिवंश फिर चुने गए राज्यसभा के उपसभापति

**नई दिल्ली।** हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश निर्विरोध उपसभापति चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपसभापति के रूप में हरिवंश नारायण सिंह को बधाई दी। मल्लिकार्जुन खरगे ने भी उनको शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने कहा कि राज्यसभा उपसभापति के रूप में लगातार तीसरी बार निर्वाचित होना अपने आप में सदन का आपके प्रति जो गहरा विश्वास है। बीते हुए कालखंड में आपके अनुभव का जो सदन को लाभ मिला है।



### अडाणी बने एशिया के सबसे 'अमीर' शख्स

**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े उद्योगपतियों की संपत्ति को लेकर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। उद्योगपति गौतम अडाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब हासिल कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, अडाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर आंकी गई है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर है। अडाणी पूरे एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।



## अगली सुनवाई 11 मई को

चंबल नदी में अवैध खनन रोकने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिए सख्त निर्देश- माफिया पर कसें नकेल

# नहीं रुका तो तैनात करेंगे अर्धसैनिक बल सीसीटीवी और जीपीएस ट्रैकिंग अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चंबल नदी में अवैध रेत खनन रोकने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार से चंबल अभयारण्य क्षेत्र में वाईफाई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी लगातार निगरानी को कहा है। साथ ही, रेत ढोने वाले ट्रकों में जीपीएस सिस्टम लगाकर उनकी गतिविधियों की निगरानी का भी दिया आदेश दिया है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में जारी अवैध रेत खनन से पर्यावरण और वन्य जीवों को हो रहे खतरे पर सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर यह सुनवाई कर रहा है।



शुक्रवार को जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि अगर राज्य सरकारें खनन माफिया पर लगाम लगाने में असफल रहेंगी, तो वह चंबल क्षेत्र में रेत खनन पर पूरी तरह रोक लगा देगा और वहां पर सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती का आदेश देगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को व्यक्तिगत चेतावनी भी दी है। कोर्ट ने कहा कि इन निर्देशों के पालन ▶▶ शेष पेज 2 पर

*राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में जारी अवैध रेत खनन से पर्यावरण और वन्य जीवों को हो रहे खतरे पर सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर यह सुनवाई कर रहा*

### लापरवाही पर अफसर व्यक्तिगत रूप से होंगे जिम्मेदार


मप्र-राजस्थान को जोड़ने वाले चंबल नदी पर बने इस पुल की नींव तक खुदाई कर दी गई

*अगली सुनवाई में मप्र, राजस्थान और उप्र सरकार को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट देनी होगी*

*अवैध खनन नहीं रोका जा सका तो चंबल क्षेत्र में खनन पर पूरी रोक लगा देंगे*

### क्यों खास है चंबल अभयारण्य?

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य लगभग 5400 वर्ग किलोमीटर में फैला एक संरक्षित क्षेत्र है, जहां घड़ियाल, लाल मुकुट कछुआ और गंगा डॉल्फिन जैसी संकटग्रस्त प्रजातियां पाई जाती हैं। यह अभयारण्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी के किनारे स्थित है।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिए

- अवैध खनन के दौरान इस्तेमाल होने वाले रास्तों और नदी के किनारों पर वाई-फाई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इन कैमरों को ऊंचे खंभों पर लगाया जाए।
- सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की निगरानी जिले के एसपी और डीएफओ के दफ्तर में हो।
- मुरैना और ग्वालियर में खनन के काम में लगे सभी ट्रैक्टरों, ड्रेजर और मशीनों पर जीपीएस सिस्टम लगाया जाए और उनके लोकेशन की लगातार निगरानी हो।
- बिना जीपीएस वाले वाहनों को तुरंत जब्त किया जाए।
- पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों का ▶▶ शेष पेज 2 पर

बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े डकैती

## 5 हथियारबंद बदमाश करीब 9-10 किलो सोना और 20 लाख ले भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली

सिंगरौली में दिनदहाड़े बैंक डकैती हो गई। यहां बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में शुक्रवार दोपहर 5 हथियारबंद बदमाश घुसे। फायरिंग कर करीब 9-10 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर भाग गए। सोने की कीमत करीब 12 करोड़ आंकी गई है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। लूटा गया सोना ग्राहकों का था, जिसे बैंक ने गिरवी रखकर लोन जारी किया था। सोना एक ही लॉकर में रखा गया था, जिसे बदमाशों ने निशाना बनाया। आरोपी पिट्ठू बैग के साथ एक बड़ा कपड़े का थैला लेकर आए थे। उसी में सारा माल भरकर फरार हो गए। चश्मदीद आशीष पांडे ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के साथ बैंक में काम करा रहे थे, तभी अचानक दो हथियारबंद बदमाश अंदर दाखिल हुए। उन्होंने तुरंत बैंक कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके कुछ ही मिनटों बाद तीन और हथियारबंद साथी अंदर पहुंचे। पूरे बैंक ▶▶ शेष पेज 2 पर


आरोपियों का फुटेज

- सोने की कीमत करीब 12 करोड़ आंकी गई
- डकैतों ने मैनेजर को पीटा, फायरिंग भी की
- भागते बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज आया

### आरोपी बाइक से फरार हुए

बैंक के सामने स्थित एक दुकान का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें तीन आरोपी बैंक से निकलते हुए नजर आ रहे हैं। फुटेज में एक लुटेरा पहले बैंक के अंदर से निकलता है। सामने खड़ी एक बाइक पर वह इंतजार करता है। उसके बाद अंदर से दो लोग एक झोला लेकर भागते हुए बैंक से निकलते हैं। आरोपी एक ही बाइक पर बैठकर बैढ़न की ओर फरार हो गए। बदमाशों का देसी कट्टा गिर गया। इसे बरामद कर लिया है।

राजगढ़ में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

## सेंटर रिन्यूअल के लिए 20 हजार लेते सीएमएचओ रंगे हाथों गिरफ्तार

*कार्रवाई के बाद सीएमएचओ की तबीयत बिगड़ी, भर्ती हुईं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गईं। उक्त कार्रवाई के बाद सीएमएचओ की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम ▶▶ शेष पेज 2 पर


बीच में सीएमएचओ

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से चर्चा कर दिया था आश्वासन

## टीईटी को लेकर मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की 'रिव्यू पिटीशन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर प्रदेश के शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका (रिव्यू पिटीशन) दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट की ई-फाइलिंग रसीद से सरकार की याचिका की आधिकारिक पुष्टि हुई है। इसके अनुसार ई-फाइलिंग दर्ज किया गया है। यह याचिका 17 अप्रैल को शाम 4 बजे मप्र शासन की ओर से दाखिल की गई। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन



मप्र शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों ने पदों में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को भोपाल में प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री निवास घेरने का भी प्रयास किया। हालांकि उन्हे पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहे पर ही रोक लिया।

### आज 50 हजार शिक्षक भोपाल में करेंगे प्रदर्शन

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र के आव्हान पर शनिवार को प्रदेशभर के शिक्षक राजधानी के भेल स्थित दशहरा मैदान में धरना-प्रदर्शन करेंगे। मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार इस आंदोलन में प्रदेश के करीब 50 हजार शिक्षक शामिल होंगे। इसके ▶▶ शेष पेज 2 पर

इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश

## दोहरी नागरिकता केस में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगी 'एफआईआर'

हाई कोर्ट ने कहा
राहुल के खिलाफ लगे इन आरोपों की जांच होनी चाहिए



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी की शुक्रवार को दोहरी नागरिकता मामले में मुश्किलें बढ़ गई हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि राहुल के खिलाफ लगे इन आरोपों की जांच होनी चाहिए। उसने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि या तो वह इस मामले की जांच करे या फिर किसी केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच करवाए।

राहुल गांधी पर भारत के साथ-साथ ब्रिटेन की भी नागरिकता रखने का आरोप है। इसके खिलाफ विग्नेश शिशिर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी और दावा किया था कि राहुल के पास दो देशों के पासपोर्ट हो सकते हैं, जोकि भारतीय कानून का उल्लंघन है। कोर्ट ने सरकार से रिकॉर्ड पेश करने को कहा था। इससे पहले, लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के 28 जनवरी राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।

भोपाल के रविंद्र भवन में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों की बड़ी बैठक, संगठन कसने की कवायद, बना नया रोडमैप

ये पैसा कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग और संगठन पर खर्च होगा, हरीश चौधरी बोले- प्रस्ताव दिल्ली भेजा

## कांग्रेस हर विधानसभा में 30 हजार परिवारों से लेगी 100-100 रुपए, राहुल गांधी करेंगे इसकी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में शुक्रवार को कांग्रेस का बड़ा और अहम संगठनात्मक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेशभर से आए ब्लॉक अध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा वरिष्ठ नेता एक मंच पर नजर आए। इस बैठक को कांग्रेस के लिए सिर्फ एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाले चुनावों से पहले संगठन को फिर से खड़ा करने की बड़ी कवायद के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन में कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल), कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल, डॉ. गोविंद सिंह और विजयलक्ष्मी साधौ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन की मौजूदा स्थिति, जमीनी स्तर पर कमजोर पड़ती पकड़, भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने साफ तौर पर माना कि अब केवल बैठकों से नहीं, बल्कि जमीन पर काम करके ही संगठन को मजबूत किया जा सकता है। बैठक के दौरान ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

*गांव में आग की कहानी से जीतू पटवारी ने कहा प्रदेश बचाने आपकी एक बाल्टी पानी की जरूरत*



ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में मंच पर बैठे दिग्गज

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के काम का 6 महीने में आकलन

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार का कैंसर फैल चुका है, पंचायत से लेकर वल्लभ भवन तक फैल चुका है। युवा बेरोजगार है ऊपर से नशे का आदि हो चुका है, जिसके लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने गांव में आग की कहानी सुनाते हुए कहा कि पहल करनी होगी। प्रदेश को ▶▶ शेष पेज 2 पर

## जैकेट का शेष

### नारी शक्ति वंदन बिल को नहीं ...

सका। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा था कि पार्टी महिलाओं के मुद्दे के पीछे छिपकर देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश कर रही है। महिलाओं को आरक्षण देने की बजाए असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। विधेयक पर व्यापक चर्चा के बाद इस महत्वपूर्ण बिल पर शुक्रवार को वोटिंग हुई । कुल 528 सदस्यों ने मतदान किया, जिसमें 298 सांसदों ने इस विधेयक के समर्थन में मतदान किया, जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में वोट डाला। विधेयक पारित कराने के लिए दो-तिहाई सदस्यों यानी 352 वोट की जरूरत थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह विधेयक दो-तिहाई सदस्यों द्वारा पारित नहीं हो सका। अब इस संविधान संशोधन विधेयक पर आगे की कार्यवाही करना संभव नहीं है। दो अन्य विधेयकों के संबंध में आगे की कार्यवाही पर सत्ता पक्ष द्वारा निर्णय लिया जाना है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। बता दें तीन दिन के विशेष सत्र में दूसरे दिन ही बिल पर फैसला हो गया। सत्र शनिवार 11 बजे तक के लिए स्थगित की गई है।

### परिसीमन नहीं विपक्ष ...

महिला सशक्तिकरण है। किसी किसी संसदीय क्षेत्र में 39 लाख वोटर हैं। संविधान में इसका अधिकार सरकार के पास है। जो सीटें बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं, वह ये ध्यान में रखें कि एससी-एसटी की सीटें बढ़ाने का भी विरोध कर रहे हैं। संविधान में परिसीमन का प्रावधान है। साल 1971 में कांग्रेस सरकार थी। उस वक्त सीटें फ्रीज कर दी गई थी। 71 से अब तक सीटों की संख्या अब तक फ्रीज रही। 127 सीटें ऐसी हैं जहां 20 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। कोई मुझे बताए कि कोई भी सांसद इतने मतदाताओं वाले लोकसभा सीट को कैसे ठीक से देख सकता है।

### आधी रात को लागू हुआ ...

बदलाव तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। यह 2027 की जनगणना और उसके आधार पर होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकेगा।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक व्यापार के...

है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय तनाव को कम करने और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

### नहीं रुका तो तैनात...

में लापरवाही होने पर अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी। इस सुनवाई में तीनों राज्यों को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट देनी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

विशेष गश्ती दल बनाया जाए। इन टीमों को माफिया का मुकाबला करने के लिए आधुनिक संचार उपकरण, सुरक्षा गियर और हथियार दिए जाएं।

- खनन माफिया की संपत्ति कुर्क की जाए।
- अवैध खनन से पर्यावरण को हुए नुकसान का आकलन कर दोषियों से भारी हर्जाना वसूला जाए।

### अब सुबह 7:30 से ...

जो परीक्षाएं या जरूरी कार्यक्रम पहले से तय हैं उन्हें टाइम टेबल के अनुसार ही होंगे। उन पर इस आदेश का प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, बालाघाट, छतरपुर, मैहर, रतलाम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रायसेन, डिंडौरी, अनूपपुर और उमरिया समेत 12 जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। कलेक्टरों ने आदेश जारी कर स्कूलों की टाइमिंग सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे या 12:30 बजे तक तय की है। प्रशासन के मुताबिक यह फैसला बच्चों को भीषण गर्मी और लू से बचाने के लिए लिया गया है।

### सीजन में पहली बार ...

जबलपुर में सबसे ज्यादा 42 डिग्री, भोपाल में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री, ग्वालियर में 41.3 डिग्री और उज्जैन में 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ रतलाम, धार, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भी लू जैसे हालात रहे। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि 16 अप्रैल से नया सिस्टम सक्रिय हो गया है, लेकिन यह कमजोर रहने की वजह से इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। विभाग ने आम लोगों को दिन के समय धूप से बचने की सलाह दी है।

### 5 हथियारबंद बदमाश ...

को अपने कब्जे में ले लिया। बदमाशों ने वहां मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों पर बंदूक तान दी, जिससे बैंक परिसर में चीख-पुकार मच गई। बदमाशों ने बैंक मैनेजर से कैश की चाबियां और नकदी की जानकारी मांगी। जब मैनेजर ने आनाकानी की तो उनके साथ जमकर मारपीट की। बंदूक की बट से उनके सिर पर वार किया। करीब 15 मिनट तक बैंक के अंदर जमकर उत्पात मचाया। अंत में नकदी और जेवर से भरा थैला लेकर भाग गए।

**वारदात के वक्त गार्ड नहीं था :** पुलिस ने शहर के सभी एग्जिट पॉइंट्स को सील कर दिया। बैंक और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि करीब 14.50 लाख रुपए गुरुवार के रखे थे। बाकी शुक्रवार का उस समय तक का कलेक्शन था। इसके अलावा सोना-चांदी था। घटना के समय यहां गार्ड नहीं था। बदमाशों ने एक फायर भी किया है।

### सेंटर रिन्यूअल ...

अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी कि उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलोजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बढ़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई। लोकायुक्त एसपी ने शिकायत मिलने पर डीएसपी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम बनाकर शुक्रवार को राजगढ़ भेजी। जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा रंग लगे शेष राशि 20 हजार रुपए दिए जा रहे थे, टीम ने घेराबंदी करते हुए सीएमएचओ को पकड़ लिया। टीम अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि रिश्वतखोरी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

### टीईटी को ...

शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की थी। इसके साथ ही शिक्षकों के हित में बेहतर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया था। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसका शिक्षक संगठन विरोध कर रहे हैं।

### आज 50 हजार ...

साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा लगाई गई रिव्यू पिटीशन का स्वागत किया है, लेकिन इसे शिक्षकों की मूल मांगों से अलग बताया। मोर्चा के सदस्य उपेंद्र कौशल ने कहा कि शिक्षकों की मूल मांग टीईटी परीक्षा अनिवार्यता के आदेश को पूरी तरह समाप्त करना और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की है। जिसको लेकर यह आंदोलन होने जा रहा है।

### कांग्रेस हर विधानसभा में ...

एक अहम प्रस्ताव यह भी सामने आया कि हर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक परिवार से 100 रुपए सहयोग राशि ली जाए। इस राशि को जिला और ब्लॉक स्तर पर ही खर्च किया जाएगा, ताकि संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके और स्थानीय स्तर पर गतिविधियां तेज हो सकें।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ...

बचाने आपकी एक बाल्टी पानी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के काम का 6 महीने में आकलन होगा। विधानसभा प्रभारी 25 अप्रैल से 25 मई तक पंचायत कमेटियों का वेरिफिकेशन करेंगे। 25 मई के बाद ब्लॉक स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम होंगे, बड़े नेता भी शामिल होंगे।

## मुआवजे की मांग पर छतरपुर में किसानों ने लगाई सांकेतिक फांसी

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के किसानों ने सांकेतिक फांसी लगाते हुए प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास किया और केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत उचित मुआवजे की मांग की। नदी के बीचों बीच फांसी लगाए किसान, चिता सजाकर लेटी महिलाएं, हाथों में तख्ती लिए सैकड़ों महिला किसान दिखाई दीं। छतरपुर जिले ढोढन-पलकुआं समेत 14 गांवों और पन्ना जिले के हजारों महिला-पुरुष किसान केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित होकर उचित मुआवजे की मांग को लेकर बीते 12 दिनों से अड़े हुए है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अशोकनगर (म.प्र.)

Email : cmoashoknagar@mpurban.gov.in, Ph No 07543-222811

क्रमांक/ तकनीकि/2026/2407 — अशोकनगर दिनांक :- 13/04/2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (Lakhs) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_500295_1 13/04/2026 | नगर पालिका परिषद अशोकनगर में 30 वर्ष पुरानी एसीपी पाईप लाईन के स्थान पर नवीन एचडीपीई पाईप लाईन डालने का कार्य । | 1. 06 माह 2. 170.06 लाख | 1. 12500/- 2. 85500/- | 16/05/2026 |

निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अशोकनगर

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर म.प्र.

*Email ID - csurgeonashmp@nic.in*

पत्र क्रमांक/ई-निविदा/2026/5325 — अशोकनगर, दिनांक 13/04/2026

// तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं / कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु जिला कार्यालय के अंतर्गत प्रशिक्षण, मीटिंग हेतु फूड पैकेट, नाश्ता आदि की दरों के अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | निविदा का विवरण | निविदा संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 17/04/2026, प्रातः 10:00 वजे |
| 2 | ऑनलाईन निविदा फार्म प्राप्त/डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक 17/04/2026, प्रातः 10:00 वजे |
| 3 | ऑनलाईन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 30/04/2026, दोपहर 12:00 बजे |
| 4 | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि। | दिनांक 04/05/2026, दोपहर 02:00 वजे |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के बाद क्रय समिति द्वारा वित्तीय निविदा खोलने की तिथि तय की जाएगी। वित्तीय निविदा खोलने की सूचना किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसे केवल ई-निविदा वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जाएगा। |

G-11674/26 — " स्वच्छता ही सेवा "

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला अशोकनगर म.प्र.

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

Water Work Department
4th Floor, BMC Head Office, Tulsi Nagar, Bhopal, Ph.no. 0755-2701669

NOTICE INVITING e-TENDER

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Çorrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 19/T.Sec./EE./ W.W.D./2026-27 First Call | 2026_UAD_ 501255_1 | Laying Inlet pipe line for Gandhi Medical Collage Over Head Tank from Badal Mahal Pumping main Under Zone No. 05 | 22,37,348.00 | 16,780.00 | 18.05.2026 |

T.N. 90/026/027

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

## कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

फोन/फैक्स नम्बर 07578- 252074 Email id:- adh.pcm2015@gmail.com

क्रमॉक, उद्यान / तक / नीलामी/2026-27/13 — पचमढ़ी, दिनाँक 02/04/26

निविदा सूचना

समस्त फल व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि शासकीय उद्यान मटकुली, पचमढी एवं पगारा उद्यानों के कलमी आम, नासपाति, लीची, चीकू, एवं कटहल फलबहार वर्ष 2026-27 हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 23/04/2026 को दोपहर 1:30 बजे तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढी में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं निविदा की शर्ते दिनोंक 15/04/2026 से 23/04/2026 को दोपहर 1:30 तक कार्यालयीन समय में अवकाश को छोडकर राशि रुपए 50/- (शब्दों में राशि रुपए पचास मात्र) नगद जमा कर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढी से कय कर सकते है। निविदा सूचना एवं शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mphorticulture.gov.in पर देखी जा सकती है। सीलबन्द निविदाये दिनॉक 23/04/2026 को ही दोपहर 2:00 बजे से कार्यालयीन नीलामी समिति द्वारा उपस्थित व्यापारियों/ प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेंगी। इच्छुक व्यापारी निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वंय अथवा प्रतिनिधि को भेजकर निविदा प्रेषित कर सकते है। फलबहार निविदा की धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट / नगद के रूप में निविदा फार्म के साथ जमा करने के बाद ही निविदा फार्म का बन्द लिफाफा प्राप्त किया जावेगा। फलित पौधों की संख्या एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | उद्यान का नाम | फलबहार | कुल फलित पेड़ों की संख्या | धरोहर राशि | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. A | पचमढ़ी उद्यान | आम कलमी | 460 | 50000/- | आम्रपाली, मल्लिका, बाम्येग्रीन, चौसा दशहरी, लंगड़ा, पायरी एवं अन्य किस्में। |
| | पोलो उद्यान | नासपाति | 675 | 50000/- | बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। |
| | | लीची | 20 | 30000/- | रोजसेंटेड । |
| | | चीकू | 27 | 5000/- | क्रिकेट वॉल, कालीपत्ती |
| | | कटहल | 04 | 2000/- | रूद्राक्ष |
| B | पगारा उद्यान | कलमी आम | 149 | 50000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, लंगड़ा, चौसा, पायरी एवं अन्य किस्में। |
| C | सतपुड़ा उद्यान | नाशपाती | 150 | 20000/- | बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। |
| D | कर्बला उद्यान | आम, नासपाति लीची | 13 63 03 | 20000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, लंगड़ा, चौसा, पायरी एवं अन्य किस्में। बाबूगोसा, नाका न्यूपीयर, सेंटपियर एवं अन्य किस्में। रोजसेंटेड । |
| 2. A | मटकुली उद्यान (खण्ड अ) | आम कलमी | 353 | 50000/- | बाम्बेग्रीन, दशहरी, पायरी, जरदालू, लंगड़ा, मल्लिका, फजली एवं अन्य किस्में। |
| B | (खण्ड ब) | | 252 | 50000/- | |
| C | (खण्ड स) | | 445 | 50000/- | |
| D | (खण्ड द) | | 347 | 50000/- | |

नीलामी की शर्ते एवं नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न स्थानों पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

संपर्क सूत्र :-

1. कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्र.उ.) पचमढ़ी - 9755433021
2. कार्यालय उद्यान अधीक्षक मटकुली - 9406813144
3. कार्यालय उद्यान अधीक्षक पचमढी - 8827937059

नीलमें पाटिल
सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान)
पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम्

G-11675/26 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग — सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव — Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि — रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** आज आपकी राशि में सूर्य, बुध, मंगल आदि ग्रहों का प्रभाव है। नई योजनाओं पर अमल करें, लेकिन जल्दबाजी से बचें। खरीदारी से खुशी मिलेगी।

**वृष:** संपत्ति या खरीदारी संबंधी फैसले फायदेमंद साबित होंगे। परिवार के साथ समय बिताएं, रोमांस में मिठास आएगी।

**मिथुन:** संचार और विचारों में तेजी आएगी। नए संपर्क बनेंगे, लेकिन निर्णय लेते समय सावधानी बरतें। यात्रा या छोटे कामों में सफलता मिल सकती है।

**कर्क:** आज आंतरिक शांति और भावनात्मक संतुलन पर जोर रहेगा। परिवार से संबंध मजबूत होंगे। करियर में थोड़ी चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन धैर्य रखें।

**सिंह:** ऊर्जा और आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। नेतृत्व के अवसर मिलेंगे। करियर में प्रगति संभव, लेकिन टीम वर्क पर ध्यान दें। प्रेम में रोमांस फलेगा।

**कन्या:** व्यवस्थित दिन रहेगा। काम की बारीकियों पर फोकस करें, सफलता मिलेगी। वित्तीय मामलों में सावधानी बरतें। प्रेम में समझदारी दिखाएं।

**तुला:** धन संबंधी फैसले सकारात्मक रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार, लेकिन भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें। सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

**वृश्चिक:** गहन विचार और रहस्यों में रुचि बढ़ेगी। वित्तीय मामलों में सतर्क रहें, लेकिन निवेश के अवसर मिल सकते हैं। प्रेम में गहराई आएगी।


**धनु:** करियर में प्रगति, लेकिन योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन लाभ संभव। प्रेम जीवन आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन अति सक्रियता से बचें।

**मकर:** व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं। धन का प्रबंधन अच्छा करें। स्वास्थ्य में सुधार, लेकिन ठंड या थकान से सावधान रहें। दीर्घकालिक योजनाएं बनाएं।

**कुंभ:** करियर में अप्रत्याशित अवसर आ सकते हैं। प्रेम में रोमांच रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य, लेकिन मानसिक शांति बनाए रखें। दोस्तों से मदद मिलेगी।

**मीन:** भावनात्मक गहराई आज बढ़ेगी। आध्यात्मिक रुचि बढ़ सकती है। करियर में सावधानी बरतें, छोटी चुनौतियां आ सकती हैं। धन पर नियंत्रण रखें।

## शब्द पहेली - 6199



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6198 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6209

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6208 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

विभाग ने करीब 15-20 दिनों की देरी के बावजूद टारगेट प्राप्त किया

# आबकारी विभाग राजस्व मामले में इस बार अपने तय लक्ष्य से भी निकल सकता है आगे, कुछ दुकानों को छोड़कर बाकी की सभी दुकानें हुईं नीलाम

प्रदेश में कुल 3 हजार 553 शराब दुकानों में से अब तक 3 हजार 437 दुकानों के ठेके हुए फाइनल, 116 दुकानें नीलामी के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में आबकारी विभाग रेवन्यू के मामले में इस बार अपने तय लक्ष्य से आगे निकल सकता है। शराब दुकानों और अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय में बढ़ोतरी के चलते विभाग ने निर्धारित लक्ष्य को पार करने की स्थिति बना ली है। इस प्रक्रिया में विभागीय अधिकारियों के सामने कई चुनौतियां भी सामने आईं हैं।

विभाग ने करीब 15 से 20 दिनों की देरी के बावजूद टारगेट लगभग प्राप्त कर लिया है। आबकारी विभाग ने पिछले वर्ष से 20 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 19,952 करोड़ रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया था। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 16,627 करोड़ रुपए ही था। अभी की स्थिति में संभावित 20 हजार 280 करोड़ रुपए का अंतिम राजस्व लक्ष्य तय किया है। जानकारी के मुताबिक विभाग अब तक में संभावित 20 हजार 320 करोड़ रुपए तक पहुंचने की स्थिति में है, यानी लक्ष्य से आगे निकलने के आसार हैं। प्रदेश में कुल 3 हजार 553 शराब दुकानों में से अब तक 3 हजार 437 दुकानों के ठेके फाइनल हो चुके हैं, जबकि 116 दुकानें अभी भी नीलामी के इंतजार में हैं। बची हुई दुकानों के लिए करीब 440 करोड़ रुपए के ऑफर मिले हैं, लेकिन ये तय सीमा से कम होने के कारण विभाग ने फिलहाल उन्हें होल्ड पर रखा है। इन दुकानों की नीलामी को भी जल्दी ही फायनल कर लिया जाएगा।

## मप्र सरकार छत्तीसगढ़ की तर्ज पर दुकानें चलाने का करा चुकी हैं अध्ययन

प्रदेश में जब 400 दुकानों की नीलामी अटक गई थी तो विभाग ने प्रभारी आबकारी उपायुक्त आलोक कुमार खरे व सहायक आबकारी आयुक्त सत्यनारायण दुबे को छत्तीसगढ़ भेजकर वहां सरकारी स्तर पर चल रही दुकानों का अध्ययन कराया था। इस टीम के वापस लौटने तक में विभाग ने कररब 150 दुकानों की नीलामी और करा ली। बाद में यह 260 तक पहुंच गई। अभी की स्थिति में कुछ ही दुकानें शेष हैं। हालांकि आबकारी विभाग को जितना राजस्व मिलना चाहिए, उससे भी ज्यादा राजस्व मिलने के आसार बन गए हैं।

### विभाग धीरे-धीरे बोली प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा

सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग शेष दुकानों के लिए धीरे-धीरे बोली प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है, ताकि बेहतर राजस्व मिल सके। विभाग का फोकस इस बार भी ज्यादा से ज्यादा आय सुनिश्चित करने पर है। इसके चलते कई ठेकेदारों पर आर्थिक दबाव भी बढ़ा है, वहीं अधिकारियों को भी लक्ष्य हासिल करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में विभाग तय लक्ष्य से अधिक राजस्व अर्जित करने की स्थिति में है। विभाग की रणनीति है कि सभी दुकानों के ठेके पारदर्शी प्रक्रिया से फाइनल किए जाएं और अधिकतम आय सुनिश्चित की जाए।

---

सीएम ने कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स के साथ वीसी से की विभिन्न अभियानों की समीक्षा

# जिलों में भ्रमण करें कलेक्टर, नागरिकों से चर्चा कर समस्याओं का करें निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से प्रदेश में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान, पूर्ण हो चुके संकल्प से समाधान अभियान और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स के साथ योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

**छोटे किसानों का गेहूं उपार्जन प्राथमिकता से कराएं, केन्द्रों में हों सभी जरूरी सुविधाएं**

**सरकार की योजनाओं का पूर्ण क्षमता के साथ व्यापक स्तर पर सुचारु एवं बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें**



उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते सीएम।

### सभी कलेक्टर जिले में भ्रमण करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे जनता के कल्याण के कामों को तेजी से पूर्ण करायें। सरकार की योजनाओं का फील्ड में पूर्णतया क्षमता और दक्षता के साथ व्यापक स्तर पर सुचारु एवं बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर, उनकी जरुरतों और सुझावों पर अमल करते हुए जनोन्मुखी प्रशासन से खुद की और सरकार की साख बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर्स लगातार जिले में भ्रमण करें, लोगों से चर्चा करें, उनकी समस्या सुनकर समाधान करें और गांवों में रात्रि विश्राम करें, इससे सरकारी योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।*

### सूख चुके जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के भरसक प्रयास करें

सीएम ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च तक 2026 तक 'संकल्प से समाधान अभियान' चलाया गया। इससे सरकार की 106 प्रकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता और जरुरतमंदों तक पहुंचाया गया। सभी कलेक्टर्स इस अभियान के मूल लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हमेशा क्रियाशील रहें और जनता को अधिकतम लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है। यह 30 जून तक चलेगा। विगत 2 सालों में अभियान के अंतर्गत हुए जल संचयन के कार्यों से यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की पहचान बन चुका है। अब आवश्यकता है कि इस साल भी जल संरक्षण और सूख चुके जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के भरसक प्रयास किये जायें।छोटे किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चल रही गेहूं उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटे किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाये। उन्हें समय पर भुगतान भी करायें। सभी कलेक्टर्स गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें और यह देखें कि खरीदी केंद्र पर समुचित छाया-पानी, बारदाना, तेज गर्मी के चलते ओआरएस घोल, पावडर आदि सभी जरूरी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। मुख्यमंत्र ने नगरीय विकास एवं प्रशासन विभाग से कहा कि वे अपने विभागीय स्वच्छता अभियान को जल गंगा संवर्धन अभियान से जोड़ लें।

#### सांदीपनि विद्यालयों में करें रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्लान

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों को लेकर अभिभावकों की धारणा इस कदर परिवर्तित हुई है कि वे अपने बच्चों के दाखिले निजी विद्यालयों से निकालकर शासकीय सांदीपनि विद्यालयों में भर्ती करा रहे हैं। डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि वे प्रदेश के सभी सांदीपनि विद्यालयों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बड़ी उपलब्धि है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के कारण हमारा स्कूल ड्रॉप आउट रेशियो जीरो हो चुका है।

#### सभी बड़े धार्मिक स्थलों पर हों 50 बेडेड हॉस्पिटल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी बड़े धार्मिक स्थलों पर कम से कम 50 बेडेड हास्पिटल होने चाहिए। प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में बर्न यूनिट्स स्थापित की जाये। ग्रीष्मकालीन स्थायी निर्देशों (मेडिकल प्रोटोकॉल्स) का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी अस्पतालों में जरूरी दवाएं उपलब्ध रहें। सभी कलेक्टर्स एवं नगरीय निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी पूरी कर लें।

#### 20 अप्रैल को भोपाल में होगा सम्मेलन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश हमेशा से महिलाओं के हितों की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरे देश में अव्वल रहा है। आगामी 20 अप्रैल को भी भोपाल में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें महिलाओं की रैली एवं आमसभा भी होगी। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन का फीडबैक लेकर कलेक्टर्स को डिलिवरी सिस्टम में और अधिक सुधार लाकर इन्हें कस्टमर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अपने जिलों में टीम लीडर की तरह काम करें।*

---

ओंकारेश्वर को बनाया जा रहा है ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस

# राज्य सरकार सनातन संस्कृति के सिद्धांतों के अनुरूप सभी वर्गों की भलाई के लिए समर्पित


एकात्म धाम में आयोजित प्रकटोत्सव का शुभारंभ सत्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही है। ज्ञान और ध्यान की धरती मप्र ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। हर युग में इसके प्रमाण विद्यमान हैं। भगवान श्रीराम ने संस्कारों, व्यवहारगत मूल्यों, परस्पर संबंधों सहित शासन के ऐसे सूत्र प्रदान किए जो आज भी महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जयिनी स्थित सांदीपनि आश्रम पधारें। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मवाद का संदेश दिया, जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आचार्य शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती सहित वरिष्ठ संतवृंद उपस्थित थे। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग तथा आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तत्वावधान में 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एकात्म पर्व मनाया जा रहा है।



### एकात्म यात्रा तथा अद्वैत पर आधारित लघु फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

मुख्यमंत्री ने द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के साथ वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्राकट्योत्सव 'एकात्म पर्व' कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। साथ ही वे वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने संस्कृत सेवा फाउंडेशन पुणे के रोहन अच्युत कुलकर्णी की ओर से लिखित पुस्तक वेदांत सिद्धान्त चन्द्रिका विथ उदग्र का विमोचन किया।

### सभी के साथ एकात्मता का व्यवहार करना धर्म का आधार है



विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की उपाध्यक्ष निवेदिता भिड़े ने कहा कि हम सभी की आत्मा एक है, शरीर मात्र एक साधन है। मनुष्य शरीर, एकात्म का सबसे सुंदर उदाहरण है, शरीर में कई अंग है, लेकिन चेतना एक है। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के प्रो. जयकिशोर एस. शास्त्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के तहत आचार्य शंकर की 108 फीट एकात्म प्रतिमा का लोकार्पण 2023 में हो चुका है। ओंकारेश्वर में 2400 करोड़ की लागत से आचार्य शंकर का अद्वैत लोक संग्रहालय का कार्य प्रगति पर है। ओंकारेश्वर को ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस (एकात्मता का केंद्र) को बनाया जा रहा है। यहां अब तक 2 हजार पौधे रोपे गए हैं।

---

नासिक आईटी विवाद की गूंज भोपाल तक पहुंची, किया प्रदर्शन

# दाढ़ी-टोपी वाला पुतला लेकर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता, धर्म परिवर्तन को लेकर फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

महाराष्ट्र के नासिक की आईटी कंपनी महिला कर्मचारियों के यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना और जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव के मामले को लेकर शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एमपी नगर में प्रदर्शन कर विरोध किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारे लगाए।

इनमें 'इस्लामिक जिहाद मुर्दाबाद', 'प्रदेश के गद्दारों को गोली मारो', 'लव जिहाद बंद करो' जैसे नारे शामिल रहे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता दाढ़ी-टोपी वाला पुतला भी लेकर पहुंचे, जिसके साथ उन्होंने प्रदर्शन किया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि नासिक आईटी मामले में सामने आए आरोप बेहद गंभीर हैं। उन्होंने इसे कॉर्पोरेट जिहाद करार देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन ने पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और ऐसे मामलों पर रोक लगाने की अपील की है। गौरतलब है कि नासिक आईटी कार्यालय में 8-9 महिला कर्मचारियों और एक पुरुष ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीम लीडर्स और एचआर मैनेजर पर यौन शोषण, धार्मिक दबाव, जबरन धर्म परिवर्तन और संबंध बनाने के लालच में शोषण के आरोप लगाए है।


पुतला फूंककर विरोध जताते बजरंगी।

### मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने किया प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद



**भोपाल।** कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री कुशवाह ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा।

---

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई संभाग एवं जिला प्रभारियों की आवश्यक बैठक

# समाज के हर वर्ग तक संवाद-संपर्क बढ़ाना जरूरीः यादव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को संभाग और जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग-2026 पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के विकासोन्मुखी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जुटना है। जब तक हम सब मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एकजुट होकर काम नहीं करेंगे, तब तक हमारी योजनाओं में सफलता नहीं मिल सकती। पार्टी की सफलता केवल चुनावी जीत में नहीं, बल्कि समाज में भाजपा की स्थायी पहचान और सेवा की भावना से भी जुड़ी हुई है। हमें समाज के हर वर्ग से संवाद बढ़ाना होगा, उनकी समस्याओं को समझते हुए पार्टी की नीतियों का लाभ समाज तक पहुंचाना होगा।


भाजपा की बैठक में सीएम।

### संगठन के कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकतः खण्डेलवाल


हेमंत खंडेलवाल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। पार्टी की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और एकजुटता पर निर्भर करती है। हमारी सरकार और संगठन की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि भाजपा की नीतियों का लाभ सब तक पहुंच सके। भाजपा की जीत केवल चुनावी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सेवा की भावना से जुड़ी हुई है। पार्टी की सफलता का आधार सिर्फ चुनावी जीत नहीं है, बल्कि समाज के प्रति हमारी सेवा और भाजपा की स्थायी पहचान भी है।

---

राजधानी के रवींद्र भवन में कांग्रेस संगठनात्मक सम्मेलन में पदाधिकारियों को दिए निर्देश

# अब जिम्मेदारी का मतलब मात्र पद संभालना नहीं, बल्कि सक्रियता से काम करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रविंद्र भवन में शुक्रवार को कांग्रेस का संगठनात्मक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेशभर से आए ब्लॉक अध्यक्षों के साथ 50 से ज्यादा वरिष्ठ नेता एक मंच पर नजर आए।

इस बैठक में कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल), कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल, डॉ. गोविंद सिंह और विजयलक्ष्मी साधौ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



कांग्रेस का संगठनात्मक सम्मेलन मंच पर मौजूद प्रमुख पदाधिकारी।

**2028 चुनाव को ध्यान में रखकर तैयार हो रहा संगठन**

पूरे सम्मेलन में यह साफ दिखा कि कांग्रेस अब 2023 की हार के बाद संगठन को दोबारा मजबूत करने में जुटी है। ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर 2028 के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत आधार तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

### परफॉर्मेंस पर टिकेगा जिला-ब्लॉक अध्यक्षों का भविष्य

बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर तक संगठन का मजबूत ढांचा खड़ा करें और हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाएं। नेताओं ने यह भी कहा कि अब केवल कागजों पर कमेटियां बनाकर सूची भेजना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि हर नियुक्ति और हर इकाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाएगा। बैठक में संगठन के भीतर जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन पहले से जारी है। ब्लॉक अध्यक्षों के काम की भी छह महीने बाद समीक्षा की जाएगी। इससे साफ संकेत मिला कि आने वाले समय में संगठन में परफॉर्मेंस बेस्ड सिस्टम लागू होगा, जहां सक्रिय और काम करने वाले नेताओं को ही आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

#### जन संवाद के जरिए जनता से सीधा संपर्क बढ़ाने की रणनीति

संगठन प्रभारी संजय कामले ने कहा कि अब हर ब्लॉक स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे रोजाना लोगों से मिलें, उनकी समस्याएं सुनें और उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ें। नेताओं का मानना है कि जनता से सीधा संवाद ही संगठन को मजबूत करने का सबसे प्रभावी तरीका है और इससे पार्टी की पकड़ फिर से मजबूत होगी।

पदाधिकारियों को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी।



बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी



## सतुवाई अमावस्याः भगवान को लगाया सत्तु का भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की सतुवाई अमावस्या सर्वार्थ सिद्ध योग में मनाई गई। विभिन्न मंदिरों में भगवान को सतुआ का भोग लगाकर भक्तों में प्रसादी के रूप में बांटा गया। जिसमें मुख्य रूप से माता मंदिर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, दादाजीधाम मंदिर, श्रीजी मंदिर सहित मंदिरों में भक्तों ने सतुआ और जल युक्त घड़े का दान किया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम जाकर मां नर्मदा नदी में स्नान कर दान पुण्य किया। पंडितों के मुताबिक यह अमावस्या पितरों के निमित्त तर्पण व दान आदि कर्म के लिए विशेष फलदायी मानी गई।

# 100 से अधिक विद्यार्थी तो काउंसलर की नियुक्ति होगी अनिवार्य

## मप्र उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में काउंसलर की नियुक्ति के साथ कई अन्य व्यवस्थाएं भी अनिवार्य होंगी। जिन संस्थानों में 100 या उससे अधिक विद्यार्थी हैं, वहां कम से कम एक प्रशिक्षित काउंसलर की नियुक्ति करना अनिवार्य होगा।

कम छात्र संख्या वाले संस्थानों को बाहरी विशेषज्ञों से जुडकर काउंसलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने यह दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ऊषा नायर ने कहा कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। काउंसलर नियुक्ति के साथ स्टॉफ प्रशिक्षण, अभिभावक सहभागिता और मेंटर प्रणाली को लागू कर हम सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

### स्टॉफ-अभिभावकों के लिए भी प्रशिक्षण

जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों में काउंसलर के रूप में मनोविज्ञान में स्नातकोतर, प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ या संबंधित क्षेत्र के अनुभवी व्यक्ति नियुक्त किए जा सकेंगे। संस्थान में केवल काउंसलर नियुक्ति पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि पूरे संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों, प्रशासनिक स्टॉफ और सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थानों को निर्देश दिए गए है कि वे अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें।

### 25 से 40 छात्रों पर एक मैंटर नियुक्ति

विद्यार्थियों की व्यक्तिगत निगरानी और मार्गदर्शन के लिए 25 से 40 छात्रों पर एक मैंटर नियुक्त किया जाएगा। यह मेंटर विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार और मानसिक स्थिति पर नजर रखेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा। मेंटर का दायित्व किसी प्राध्यापक को दिया जाएगा, जिसे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वाह करना होगा। जिसमें अभिभावकों से नियमित संपर्क बनाए रखना, कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रेरित करना, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यार्थी की सहभागिता बढ़ाना, विद्यार्थियों के रिकॉर्ड व काउंसलिंग रजिस्टर का संधारण करना सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### एमसीयू में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर 21 अप्रैल को संगोष्ठी

**भोपाल।** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 21 अप्रैल को संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। "पीआर एंड सीएसआरः बिल्डिंग द फाउंडेशन ऑफ विकसित भारत 2047" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में देशभर से कॉर्पोरेट सेक्टर से कम्युनिकेशन फील्ड के टॉप प्रबंधक सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम सीएसआर तथा जनसंपर्क की भूमिका पर केंद्रित होगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित परिसर के लता मंगेशकर सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस संगोष्ठी का शुभारंभ मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी करेंगे। इस आयोजन में एनपीसीआइएल, मुंबई के उपमहाप्रबंधक जनसंपर्क अमृतेश श्रीवास्तव, जिंदल स्टील रायगढ़ के जनंसपर्क प्रमुख पारस पाठक, पीआईबी, भोपाल के निदेशक मनीष गौतम, एमपीपीजीसीएल के जनसंपर्क अधिकारी री सौरभ पवार, एनएचएआई से अमृतांशी जोशी, यूपीएमआरसी से आयुष ओझा, ई वाई से प्रियंका दास, एसबीआई से अरविंद पांडियार, डीपीआर से अशोक मनवानी, सुनील वर्मा सहित दिग्गज कॉर्पोरेट कम्युनेकेटर्स उपस्थित रहेंगे। इस संगोष्ठी में एक्सपर्टस विभाग के स्टूडेंट्स की मेंटरिंग भी करेंगे।

### एडीईओ का 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**भोपाल।** राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण सहायक विकास विस्तार अधिकारियों (एडीईओ) के लिए 6 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कपिल चौधरी, आश्रुति शर्मा, पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, अक्षय रघुवंशी, हेमंत धोते शुभम परिहार सहित भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के करीब 83 एडीईओ ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक दक्षता और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्यप्रणाली के लिए तैयार करना रहा।

### निगम अमले ने 133 पानी के सैंपल लिए, 55 लीकेज सुधारे

भोपाल। नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 133 स्थानों से पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। निगम अमले ने 55 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे। सीएम हेल्पलाइन एवं महापौर हेल्पलाइन से मिली 18 शिकायतों का निराकरण किया गया। महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर पानी के सैंपल लेने और गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच करवाई जा रही है।

## डिप्टी-एडिशनल कमिश्नर क्षेत्रों में घूमे, इंजीनियरों को कचरा दिखा तो फोटो किए अपलोड

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2026, नोडल अधिकारियों ने फील्ड में देखी साफ-सफाई की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को तीसरे दिन डिप्टी कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर के साथ इंजीनियरों की टीम ने अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह 6 से 9 बजे तक विजिट की। नोडल अधिकारियों को जहां गंदगी मिली तो तत्काल फोटो अपलोड किए। वहीं, डिप्टी कमिश्नर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान एक ठेले वाले को रोका और पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी।

इसी तरह इंजीनियरों ने अपने-अपने क्षेत्र में तालाब, घाट, सुलभ शौचालय, सफाई की स्थिति, सीवेज, जलभराव, पाइप लाइन में ब्लॉकेज आदि समस्याओं को देखा। निगम के डिप्टी कमिश्नर दिनेश सिंह जोन-9 में आने वाले स्टेशन ब जरिया क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मलिक के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान सिंह ने वहां से गुजर रहे फ्रूट के ठेले वाले को रोका और पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। रोजाना की तरह सफाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन जारी रहा। नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री और नोडल अधिकारी आरके त्रिवेदी जोन-1 में आने वाले संत नगर के गुलाब गार्डन क्षेत्र में पहुंचे। उन्हें वहां पार्क के पास तैयार नए सीवेज नेटवर्क सिस्टम के पास कचरा बिखरा मिला, जिसकी फोटो उन्होंने जोन के एएचओ को अपलोड की। इस पर तत्काल मौके पर अमला पहुंचा और कचरा उठवाया।

**डिप्टी कमिश्नर ने रोड पर रुककर ठेला रोका, पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने को लेकर समझाया**



फल वाले को समझाइश देते डिप्टी कमिश्नर दिनेश सिंह।



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सफाई करते निगम कर्मी।

### सहायक नोडल अधिकारी भी विजिट करने निकले

वार्ड स्तर पर बनाए गए सहायक नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था देखने निकले। तीन घंटे की विजिट के दौरान उक्त अधिकारियों ने फोटो बीएमसी मानिटर पर भेजे। जबकि जोन स्तर पर सभी एएचओ और वार्ड स्तर पर दरोगा सफाई मित्रों के साथ अलर्ट रहे।

### निगम कमिश्नर करेंगी औचक निरीक्षण

निगम कमिश्नर शनिवार को औचक निरीक्षण करेंगी। सूत्रों ने बताया कि वे निगम में बिना किसी अधिकारी-कर्मचारी को जानकारी दिए बिना ही शहर की सफाई व्यवस्था का गुपचुप निरीक्षण करेंगी। बताया जा रहा है कि बीते दो-तीन दिन से जनगणना और सरकारी कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण औचक निरीक्षण नहीं कर पाईं। हालांकि स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व भी वे पुराने शहर के कई वार्डों में औचक निरीक्षण कर चुकी हैं।

### नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के तहत निगम को मिले 30 करोड़, धूल से खत्म करने लग रहे पैविंग ब्लॉक

हरिभूमि, भोपाल। राजधानी के सभी वार्डों में रोड किनारे धूल की समस्या से निपटने और शहर को स्मार्ट बनाने के लिए नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के तहत पैविंग ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इसके लिए निगम को केंद्र सरकार से 30 करोड़ रुपए का बजट मिला है। हालांकि शहर के गौतम नगर इलाके में इन ब्लॉकों को लगाने की जगह बदलने का मामला भी प्रकाश में आया है, जिस पर जांच के आदेश देने के बाद अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर खामी को सुधरवाने के निर्देश दिए हैं।



जानकारी के अनुसार नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के तहत नगर निगम को केंद्र सरकार से 30 करोड़ रूपए मिले हैं। इस फंड का उपयोग शहर की सडक़ों से धूल खत्म करना है। इसके लिए निगम के इंजीनियरों ने पूरे शहर की मुख्य सडकें चिंहित की हैं। ताकि पैबिंग ब्लॉक लगाकर सडक़ किनारे उडने वाली धूल को खत्म किया जा सके।

## प्रबंधन को पिंजरा भेंट कर सौंपा ज्ञापन

# एम्स में अनोखा प्रदर्शनः पिंजरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल एक बार फिर अपनी अव्यवस्थाओं को लेकर विवादों में है। पहले अस्पताल में चूहों की मौजूदगी को लेकर सवाल उठे थे और अब कॉकरोच के वार्डों तक पहुंचने की शिकायतों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता मोहम्मद शावर और मुजाहिद सिद्दीकी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्याकर्ताओं ने एम्स के बाहर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन कर प्रबंधन को चूहा पकड़ने का पिंजरा और कॉकरोच मारने का कीटनाशक देकर चेतावनी ज्ञापन सौंपा। मोहम्मद शावर ने कहा कि यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि एम्स प्रशासन को आईना दिखाने की कोशिश है, ताकि वह व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति समझ सके।

लेकिन वार्ड में बेड पर चूहे कूद रहे हैं, दवाइयों के पास कॉकरोच घूम रहे हैं। क्या मरीज यहां ठीक होने आता है या नया संक्रमण लेकर जाने?, यह प्रबंधन की आपराधिक लापरवाही है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता महेश नदमेहर, दीपक गुप्ता, रामपाल घोसलें, प्रशांत गुरु देव, सहित बड़ी संख्या

### वार्डों के अंदर घूम रहे चूहे और कॉकरोच

*प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने कहा कि देश के प्रमुख अस्पतालों में गिने जाने वाले एम्स भोपाल में यदि वार्डों के अंदर चूहे और कॉकरोच घूम रहे हैं, तो यह बेहद गंभीर मामला है।*

### वीडियो सामने आने के बाद बढ़ा विवाद

*सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एम्स अस्पताल के अंदर चूहों और कॉकरोच के घूमने के दृश्य होने का दावा किया गया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से ही एम्स की साफ-सफाई और प्रबंधन व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे है।*

### नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगा आंदोलन

*प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता मुजाहिद सिद्दीकी ने चेतावनी दी कि यदि एम्स प्रबंधन ने जल्द साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया, तो आने*

# भोपाल मंडल से चलने वाली कुछ ट्रेनें आंशिक निरस्त

**मेगा ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक के चलते कई गाड़ियों के संचालन में किया जा रहा परिवर्तन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मेगा ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक के चलते भोपाल मंडल होकर कई गाड़ियों के संचालन में परिवर्तन किया जा रहा है कुछ ट्रेने निरस्त रहेंगी तो कुछ का मार्ग परिवर्तन किया गया है। इनमें गाड़ी संख्या 12103 पुणे-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर कानपुर स्टेशन पर टर्मिनेट होगी। अतः यह गाड़ी कानपुर से लखनऊ के मध्य 21, 28 अप्रैल 05, 12 मई को रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 12104 लखनऊ-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर कानपुर स्टेशन से ओरिजनेट होगी। अतः यह गाड़ी



कानपुर से लखनऊ के मध्य 22., 29.अप्रैल, 06., 13 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22121 लोकमान्य तिलक - लखनऊ एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर कानपुर स्टेशन पर टर्मिनेट होगी। अतः यह गाड़ी कानपुर से लखनऊ के मध्य 28, 25 अप्रैल, 02, 09 मई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22122 लखनऊ-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर कानपुर स्टेशन से ओरिजनेट होगी। अतः यह गाड़ी कानपुर से लखनऊ के मध्य 19., 26. अप्रैल, 03, 10 मई को रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों का बदला मार्ग

जिन ट्रेनों का मार्ग बदला गया है उनमें, गाड़ी संख्या 11079 लोकमान्य तिलक–गोरखपुर एक्सप्रेस, 15066 पनवेल–गोरखपुर एक्सप्रेस, 15046 ओखा- गोरखपुर एक्सप्रेस, 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रेलवे स्टेशन, 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस, 12173 उद्योगनगरी एक्सप्रेस, 12143 लोकमान्य तिलक-सुल्तानपुर एक्सप्रेस, 12183 भोपाल - लखनऊ एक्स्प्रेस 19 अप्रैल से 12 मई के बीच परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

**जगह-जगह किया गया रैली का स्वागत**

# बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में निकली 25 किमी लंबी वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को भव्य चल समारोह एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया। लगभग 25 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं स्वागत कर ऐतिहासिक बना दिया।

आयोजक बीआर आंबेडकर जनकल्याण समिति कलखेड़ा के अध्यक्ष रवि खरे ने बताया कि रैली भानपुर केकड़िया से सिंकदराबाद, मुंगलिया बरखेड़ा, नाथू बरखेड़ी, सूरज नगर और नीलबड़ होते हुए ग्राम कलखेड़ा पहुंची, जहां विशाल जनसभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों एवं बुजुर्गों का सम्मान भी किया



गया तथा भोजन व्यवस्था की गई। विशेष आकर्षण के रूप में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से राष्ट्रीय मिशनरी सिंगर त्रिशला बौद्ध एवं निशांत सिंह एंड ग्रुप ने बाबा साहेब के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। साथ ही नवनीत जाटव (मुरादाबाद) की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया।

### सामाजिक एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरुकता की जरूरत

रवि खरे ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो पर चलने का आह्वान किया। वहीं, योगेश मान सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए युवाओं को आगे आने की प्रेरणा दी। राहुल मारन ने शिक्षा को लेकर कहा कि शिक्षा वो हथियार है, जिससे हमेशा जीता जा सकता है।

## स्टांप ड्यूटी मूल्यांकन को समझाने आयोजित किया सेमिनार

**टैक्स लॉ बार एसो. ने आयोजित किया तकनीकी सत्र**

# आयकर की धारा 148ए-स्टांप ड्यूटी के अंतर से उपजे पुनर्निर्धारण नोटिस क्रेता-विक्रेता पर पड़ सकते हैं भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को अचल संपत्ति के लेन-देन में स्टांप ड्यूटी मूल्यांकन के अंतर के कारण प्रारंभ होने वाली पुनर्निर्धारण कार्यवाहियों की बारीकियों से अवगत कराने सेमीनार का आयोजन किया गया है। जिसमें टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज पारख, सचिव धीरेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए अंकुर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल,सह सचिव एडबोकेट संदीप चौहान और कोषाध्यक्ष दीपेश भंडारी सहित सदस्य, कर सलाहकार एवं अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सत्र में यह रेखांकित किया गया कि एक ही संपत्ति के लेन-देन पर विक्रेता (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 50सी / 43सीए जो आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 78 / 53 के समकक्ष है) तथा क्रेता (नवीन अधिनियम की धारा 56(2)(एक्स) / 92(2)(एक्स) दोनों पर एक साथ कर वृद्धि लागू की जा सकती है।





### छह व्यावहारिक बचाव रणनीतियां कीं प्रस्तुत

इस मौके पर वक्ता ने एडीवी आधारित नोटिसों के सामना करने वाले व्यवसायियों के लिए छह व्यावहारिक बचाव रणनीतियां प्रस्तुत कीं। सांविधिक 110 फीसदी सुरक्षा-कवच नियम का आश्रय लेना, धारा 55ए / 91 तथा 142ए / 269 के अंतर्गत विभागीय मूल्यांकन अधिकारी को संदर्भण, करार की तिथि के नियम का प्रयोग, जहां पंजीयन से पूर्व बैंकिंग माध्यम से भुगतान किया गया हो, राय-परिवर्तन का बचाव, जहां स्टांप ड्यूटी मूल्य मूल निर्धारण के समय ही अभिलेख पर हो, अनुमोदन एवं समय-सीमा संबंधी प्रक्रियागत आपत्तियां तथा नवीन अधिनियम की धारा 267 के अंतर्गत अद्यतन विवरणी का रणनीतिक उपयोग। जिसमें स्पष्ट किया गया कि आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 536(2)(सी) के अंतर्गत 01 अप्रैल 2026 को लंबित समस्त कार्यवाहियां पुराने अधिनियम (1961) के अंतर्गत ही चलती रहेंगी, जबकि कर-वर्ष 2026-27 एवं उसके पश्चात के लिए नवीन पुनर्निर्धारण विशेषतः नवीन अधिनियम के अंतर्गत शासित होगा।

## फाइन सहित समस्याओं का किया समाधान

# मैनिट में प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने सुनी परेशानियां, सुनीं दिक्कतें

**छात्रों से आर्थिक जुर्माना के मामले में जांच की बात की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट में अव्यवस्थाओं और जबरन फाइन को लेकर गुरुवार देर रात हुए छात्रों के प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को समस्याओं का समाधान किया गया। छात्रों का आरोप है कि हॉस्टल में वार्डन द्वारा मामूली बात पर फाइन किया जाता है जिससे वे परेशान हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मैनिट डायरेक्टर प्रोफेसर के के शुक्ला से मिलने के लिए गुरुवार देर रात छात्र डायरेक्टर के बंगले के सामने एकत्रित हुए थे, इस प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा अधिकारी, डीन और वार्डन के साथ ही काउंसिल के अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और छात्रों की समस्याएं सुनी। शुक्रवार को इस मामले में मैनिट प्रबंधन को लिखित में आवेदन दिया है। जिसके बाद प्रशासन ने समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही है। बताया गया है कि हॉस्टल के छात्रों से आर्थिक जुर्माना के मामले में जांच करने की बात भी कही गई है। इस मामले में मैनिट के पीआरओ डॉक्टर राहुल तिवारी ने बताया कि छात्र अपनी कुछ समस्याओं को लेकर डायरेक्टर से मिलना चाहते थे। उनकी समस्याएं को लेकर मौके पर ही चर्चा की गई थी। छात्रों के द्वारा प्रदर्शन जैसी कोई बात नहीं हुई, शुक्रवार को फाइन सहित अन्य समस्या का समाधान कर दिया गया।

## खबर संक्षेप



### आंखों की निःशुल्क जांच के लिए बांटे कूपन

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर की संस्था नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी.शाहानी कन्या उ.मा. विघालय, सिंधु माध्यमिक विघालय परिसर में स्टाफ एवं विद्यार्थियों की नेत्रों की निःशुल्क जांच के लिए कूपन का वितरण सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा किया गया। कक्षा नर्सरी से 12वी तक के विद्यार्थियों को विद्यालय में कूपन दिए गए। विद्यार्थियों के साथ माता-पिता व दादा-दादी, नाना-नानी के लिए भी कूपन दिए जा रहे हैं। कूपन साथ आने पर चेकअप निःशुल्क किया जाएगा। जो सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक रहेगा। इस कूपन का इस्तेमाल 31 मई तक कर सकते हैं।

### पटवारी के घर से जेवरात चोरी, युवक पर संदेह

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जेल रोड एलेक्जर गार्डन कॉलोनी में पटवारी के घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। पटवारी का कहना है कि उनके घर में फर्नीचर का काम चल रहा था। संभवतः उसी दौरान कोई जेवरात चुरा ले गया। पुलिस के मुताबिक एलेक्जर गार्डन कॉलोनी जेल रोड निवासी अरविंद गौर (33) हुजूर तहसील भोपाल में पटवारी हैं। उनकी पत्नी प्रियंका सिंह महिला बाल विकास विभाग भोपाल में सुपरवाइजर हैं। अरविंद गौर ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि दोनों पति-पत्नी दिन में अपनी-अपनी ड्यूटी पर चले जाते हैं। घर में अरविंद गौर की माता रहती हैं। तीन दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच उनके घर में फर्नीचर का काम चल रहा था। एक कमरे में लकड़ी की अलमारी रखी थी, उसी में पुराने जेवरात रखे थे। फर्नीचर का काम खत्म होने के करीब एक महीने बाद दंपति ने अलमारी में रखे जेवरात चेक किए तो नहीं मिले। फरियादी ने संदेह जताते हुए बताया कि घर में फर्नीचर का काम करने वाले युवक ने जेवरात चोरी किए हैं।

### तीन शराब तस्करों से 198 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**भोपाल।** अवधपुरी पुलिस ने महिंद्रा टीयूवी गाड़ी से शराब की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 198 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त 22 पेटी शराब की कीमत 2 लाख 31 हजार 219 रुपए है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम योगेश मालवीय (23) राजपूत धर्मशाला, कोतवाली विदिशा, आशीष सेहरिया (19) ईदगाह चौराहा यातायात थाने के पास, कोतवाली विदिशा और सुभम अहिरवार (26) स्वामी विवेकानंद चौराहा के पास, कोतवाली विदिशा बताए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1694 | | |
| दिनः | 279 | 89 | 469 |
| रातः | 178 | 68 | 378 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 360 | 90 | 145 |
| रातः | 170 | 86 | 169 |

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दामखेड़ा का मामला, पुलिस ने युवती की पर्सनल डायरी और मोबाइल जब्त कर जांच शुरू की

# इंदौर से लौटी युवती और घर में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कोलार थाना क्षेत्र स्थित दामखेड़ा में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काम कर घर लौटी मां ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह एक दिन पहले ही इंदौर से भोपाल आई थी। पुलिस ने उसकी पर्सनल डायरी बरामद की है। डायरी की जांच की जा रही है। डायरी में उसने अपने दैनिक दिनचर्या के बारे में लिखा है। इसमें आत्महत्या के कारण का कोई उल्लेख नहीं किया है। पुलिस ने डायरी और मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार तनु कुशवाह पिता मोहनलाल कुशवाह (26) दामखेड़ा कोलार में रहती थी। उसके पिता मोहनलाल कुशवाह अर्धशासकीय विभाग में भृत्य है। गुरुवार सुबह पिता ड्यूटी चले गए। घर में तनु और मां थी। मां भी बंगलों पर काम करने जाती है। वह भी सुबह काम पर चली गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे मां काम से घर लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी तनु ने दरवाजा नहीं खोला। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो तनु टीनशेड के पाइप में फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। मां उसे आसपास के लोगों की मदद से फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर तनु को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि तनु इंदौर में छोटी बहन के साथ रहकर प्राइवेट जॉब कर रही थी। बुधवार 15 अप्रैल को ही इंदौर से भोपाल आई थी। परिजन से पूछताछ में आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है।

#### नव विवाहिता ने फांसी लगाई

इसी थाना क्षेत्र के दामखेड़ा में आत्महत्या की एक और घटना सामने आई है। दामखेड़ा में रहने वाली नव विवाहिता ने गत 10 अप्रैल को फांसी लगा ली। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह नव विवाहिता की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पूजा मीणा पति गोलू भेरुआ (28) सी सेक्टर दामखेड़ा में रहती थी और गृहणी थी। पति गोलू प्राइवेट काम करता है। गोलू ने बताया कि गत 10 अप्रैल की दोपहर करीब सवा दो बजे पूजा मीणा ने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया। वहां करीब 5 दिन चले इलाज के बाद 16 अप्रैल गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फांसी लगाने के बाद से ही वह बेहोश थी। लिहाजा उसके बयान भी नहीं हो सके है। परिजन ने बताया कि पूजा की तीन साल की बच्ची है।

### गौतम नगर रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश, नहीं हुई शिनाख्त

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित श्री नगर कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतिका के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मचूर्री में रखवा दिया है। उसकी शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात करीब सवा 9 बजे सूचना मिली थी कि श्रीनगर कॉलोनी डाउन ट्रैक पर किसी महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। महिला साड़ी ब्लाउस पहने हुए है। उसकी उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच है। पुलिस ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से उसका चेहरा बुरी तरह से चिपट गया है। लिहाजा चेहरा पहचान पाना मुश्किल है। इधर, सूखीसेवनिया पुलिस ने गुरुवार रात भ्रद्धदा रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया। उसका चेहरा, हाथ, पैर बुरी तरह से कट चुके है। उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास होगी।

### राशन लेकर लौट रही किशोरी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में अज्ञात वाहन ने पंद्रह साल की किशोरी को टक्कर मार दी। हादसा गत 7 अप्रैल की दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास का है। किशोरी को पहले निजी अस्पताल फिर हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रिया रावत पिता डालचंद रावत (15) आदमपुर छावनी, बिलखिरिया में रहती थी। गत 7 अप्रैल की दोपहर वह आदमपुर छावनी शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर गई थी। वहां से राशन लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान ढाई बजे के आसपास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। बाद में परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से प्रिया को सिर सहित पूरे शरीर में गंभीर चोट थी। इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

महिलाओं की एक्टिवा को टक्कर मारकर गिराने के बाद झपटा था बैग

# पुराने 70 से अधिक झपटमारों से पूछताछ के बाद दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

- *छह दिन पूर्व 10 अप्रैल की रात टीआरटी गोविंदपुरा में हुई थी घटना*
- *टक्कर के बाद एक्टिवा से गिरकर घायल हो गई थीं महिलाएं*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीआरटी गोविंदपुरा में पानी की टंकी के पास गत 10 अप्रैल को एक्टिवा सवार महिलाओं से लूट करने वाले शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लूट की वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी में दो आरोपी आदतन है, जबकि एक आरोपी पूर्व में लूटपाट की घटना को अंजाम दे चुका है।

पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल की रात करीब पौने दस बजे टीआरटी गोविंदपुरा पानी की टंकी के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार दो महिलाओं का पीछा करते हुए पीछे बैठी महिला के कंधे पर लटका बैग छीन लिया था। छीना झपटी में दोनों महिलाएं एक्टिवा से गिरकर घायल हो गईं और बदमाश बैग लूटकर भाग निकले, जिससे एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई व दूसरी महिला का हाथ फ्रेक्चर हो गया था। घटना के बाद मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गए और जनआक्रोश का माहौल बन गया। महिलाओं को गंभीर चोट होने से आईसीयू में भर्ती कराया गया।



पुलिस गिरफ्त में लूट का आरोपी।

#### नहीं मिले सीसीटीवी फुटेज

झपटमारी की वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, लेकिन कैमरे नहीं थे। लिहाजा पुलिस ने झपटमारी और लूट की वारदात करने वाले पुराने बदमाशों को तलब किया। करीब 70 से अधिक झपटमारों को थाने बुलाकर सख्ती से पूछताछ की गई। इससे झपटमारों में दहशत का माहौल निर्मित हो गए। पुराने झपटमारों ने दहशत में तीन संदिग्धों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान आदिल पिता मोहम्मद शाकिर (25) अर्जुन नगर, मैदा मिल और मोहम्मद शाबान पिता मोहम्मद शमीम (20) झुग्गी अर्जुन नगर, मैदा मिल को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अपने साथी मोहम्मद यूसुफ (21) चिकलोद रोड, जहांगीराबाद के साथ महिलाओं से झपटमारी की वारदात करनी स्वीकार ली। मोहम्मद आदिल पर पूर्व मारपीट, अड़ीबाजी, डकैती की योजना जैसे 7 अपराध दर्ज है। शाबान पर भी एक लूट का अपराध दर्ज है। फरार आरोपी युसूफ पर, मारपीट, धोखाधड़ी अड़ाबाजी सहित 13 अपराध दर्ज है।

### एक घंटे के भीतर दो सिक्योरिटी गार्ड पर कटर से किया हमला

**नाबालिग शराब पीने के लिए रुपए की अड़ीबाजी कर रहा था**

- अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर का मामला

भोपाल। अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में एक घंटे के भीतर नाबालिग ने दो सिक्योरिटी गार्ड पर कटर से हमला कर दिया। दरअसल, नाबालिग शराब पीने के लिए रुपए की अड़ीबाजी कर रहा था। रुपए नहीं देने पर उसने गार्ड पर हमला कर दिया। गार्ड उसकी शिकायत करने थाने पहुंचा। करीब एक घंटे बाद नाबालिग दौबारा पहुंचा और गार्ड के साथी पर कटर से हमलाकर फरार हो गया। पुलिस ने नाबालिग पर हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 32 साल के सिद्धेश्वर पांडे भीम नगर में रहते हैं और प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। उनके पड़ोस में आदर्श शुक्ला रहता है और वहसिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। मोहल्ले में रहने वाला 17 साल 5 महीने का नाबालिग गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे सिद्धेश्वर पांडे के घर पहुंचा। वहां आदर्श शुक्ला पहले से बैठा हुआ था। नाबालिग ने आदर्श शुक्ला से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। आदर्श ने उसे रुपए देने से इंकार कर दिया। इस पर गुस्साए नाबालिग ने आदर्श पर कटर से हमला किया और फरार हो गया। आदर्श शुक्ला नाबालिग की शिकायत करने थाने पहुंचे। घर पर सिद्धेश्वर पांडे था। रात करीब 10 बजे वह खाना खा रहा था, तभी नाबालिग फिर पहुंच गया। उसने बिना कुछ कहे जेब से कटर निकालकर सिद्धेश्वर पांडे पर कटर से हमला कर दिया। कटर सीने में बांई ओर और कंधे पर लगने से सिद्धेश्वर को गंभीर चोट आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सिद्धेश्वर पांडे की शिकायत पर बालअपचारी पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



नववर्ष मेला उत्सव में नृत्य नाटिका का मंचन करते कलाकार।

नववर्ष मेला उत्सव में नृत्य नाटिका का आयोजन

## भगवान झूलेलाल उत्सव में उमंग के साथ नाच उठे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

दशहरा मैदान में नव वर्ष मेला उत्सव समिति द्वार आयोजित भगवान झूलेलाल नव वर्ष मेला उत्सव कार्यक्रम में बड़े उत्साह व उमंग के साथ लोग नाच उठे। नृत्य नाटिका में सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल ने जिस तरह बढ़ते हुए आताताइयों के आतंक के बीच अवतार लिया व सनातन की रक्षा की उसे याद किया गया। नृत्य नाटिका का बैग्राउंड आवाज अति सुन्दर रूप में विमल भण्डारी द्वारा भरी गई है। इस नाटक का मंचन देश के कई स्थानों पर हो रहा है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल व राजगढ़ जिले के प्रभारी कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप ने अपने उद्बोधन में सिंधी समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज अपने सनातन धर्म को बचाने के लिए सिंध में सभी कुछ कुर्बान करके भारत में शरण ली व जीरो से व स्वाभीमान से मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर सबकुछ पुनः स्थापित किया और अपने सनातन की रक्षा करते हुए कार्य कर रहे हैं। सिंधी समाज अपनी भाषा व संस्कृति, सभ्यता को बचाकर रखा है। मेले में पधारे अतिथि पंजाब के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी के कहा कि सिंधी समाज को देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे रहा हैं और पूर्ण समर्पण भाव से राष्ट्रप्रेम में डूबा हुआ है। दिल्ली के पूर्व संगठन महामंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सिंधी समाज देश की प्रगति के लिए सदैव तत्पर रहता है। नगर-निगम के एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, वरिष्ट भाजपा नेता चेतन सिंह, मेला समिति के सचिव अजय अग्रवाल ने भी सिंधी समाज किस तरह देश की प्रगति के लिए एवं सनातन की रक्षा के लिए कार्य कर रहीं हैं।

किसान खरीदी केंद्रों और सोसाइटियों के काट रहे चक्कर

### स्लॉट बुक न होने और सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रही गेहूं गरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



क्षेत्र में इन दिनों गेहूं खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहीं स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है, तो कहीं सर्वर डाउन होने की समस्या सामने आ रही है। नतीजतन, किसान खरीदी केंद्रों और सोसाइटियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सिर्फ खरीदी केंद्र ही नहीं, बल्कि सत्यापन के लिए तहसील स्तर पर भी किसानों को काफी परेशान किया जा रहा है।

अव्यवस्थाओं के चलते किसान समय और संसाधन दोनों गंवा रहे हैं। अधिकांश सोसाइटियों पर व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल दिखाई दे रही हैं, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस समय किसानों को पैसों की सख्त जरूरत है, क्योंकि शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और साथ ही बैंक का कर्ज भी चुकाना है।

मजबूरी में कई किसान अपनी गेहूं की फसल मंडी में कम दाम पर बेचने को विवश हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। किसान नेता हरजीत सिंह मंगू ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर किसान सभी सोसाइटियों पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### शासकीय स्कूल की बेटियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, मेरिट सूची में आई



आंचल पांडे



पल्लवी पांडे

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 9 की बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शाकउमा विद्यालय, औबेदुल्लागंज की छात्राएं आंचल पांडे और पल्लवी पांडे ने हाईस्कूल परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान बनाया है। आंचल पांडे ने 89.4 प्रतिशत और पल्लवी पांडे ने 88.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर पूरे नगर में खुशी की लहर है। वहीं परिजनों और शिक्षकों और उनके साथियों ने बधाई देते हुए उनकी सराहना की है।

### जाह्नवी ने पाया जिले में दूसरा स्थान



**मंडीदीप।** भाजपा के जिला मंत्री सुशील शर्मा की पुत्री ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर में दूसरा स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। उनके पिता ने बताया कि बिना किसी कोचिंग के अपनी मेहनत और लग्न के साथ पढ़ाई कर 96 प्रतिशत प्राप्त किया है। जाह्नवी की इस सफलता के लिए माता-पिता, शिक्षक और अन्य लोगों ने बधाई दी है।

मंडीदीप में 18 दिवसीय सृजन शिविर का 8वां दिन

### डॉक्टरों ने बच्चों को दी स्वास्थ्य शिक्षा खेल प्रशिक्षक ने सिखाया सेल्फ डिफेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत कृषक सहयोग संस्थान और नेटलिन के सहयोग से एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज सभागार में चल रहे 18 दिवसीय सृजन शिविर के आठवें दिन बच्चों के लिए खास रहा। सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. शलभ तिवारी और डॉ. रिचा यादव ने बच्चों को शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया। डॉ. तिवारी ने कहा कि बच्चों, अगर शरीर और मन कमजोर होंगे तो हर मोर्चे पर पिछड़ जाओगे। समय और सुविधाओं का फायदा उठाने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। घर का खाना खाओ, तो 90: बीमारियां दूर रहेंगी। शरीर को जैसा ढालोगे, वैसा ढल जाएगा। चीनी-फास्ट फूड से दूर रहो, ये किडनी, लिवर और दिमाग खराब कर देते हैं।



18 दिवसीय सृजन शिविर में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग लेते हुए विद्यार्थी।

#### हार्मोनल बदलाव पर सतर्क रहें

डॉ. रिचा यादव ने किशोरावस्था पर जोर देते हुए कहा कि इस उम्र में हार्मोनल बदलाव तेज होते हैं। सतर्क रहो, तुरंत रिएक्ट न करना। माता-पिता-बड़ों की सुनो, दोस्ती सोच-समझकर करो। किसी के बहकावे में न आना। उन्होंने रोज ध्यान, योग और व्यायाम की सलाह दी।

#### सेल्फ डिफेंस की दी ट्रेनिंग

खेल प्रशिक्षक दिनेश दिवाकर ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देते हुए फ्रंट किक, सिंगल-डबल-ट्रिपल पंच सिखाए। उन्होंने भाव-भंगिमा, तेज चलने और आवाज की ताकत पर जोर दिया। खतरा लगे तो चिल्लाओ, विरोध करो। आपकी आवाज ही हथियार है। आयोजन में सहयोगी कार्यकर्ता सुनीता गौर, अमिता शीतल पाटिल, अमिता डेहरिया, रितेश गौर समेत 71 बालिकाओं व 20 बालकों ने हिस्सा लिया।

नगर से कचरा उठाने के लिए नगर पालिका खोज रही दूसरा विकल्प

# मंडीदीप में तीन दिन से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, नगर में चारों तरफ फैला कचरा, लोग परेशान

- *नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ ली बैठक, जल्द होगा नपा में बड़ा बदलाव*

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की तीन दिन से चल रही 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। नगर में सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर नपा के सामने धरने पर बैठे हैं, जिसके कारण नगर में चारों तरफ से कचरा फैला हुआ है। नपा के जिम्मेदारों ने भी शुक्रवार को पार्षदों के साथ बैठक कर प्रस्ताव बनाया कि कर्मचारियों के लिए क्या बेहतर किया जाए, परंतु नपा में भाजपा के पार्षद द्वारा सफाई कर्मियों के साथ गर्म जोशी से बहस होने के कारण मामला और पेचीदा हो गया, जिससे सफाईकर्मी पार्षद के खिलाफ लामबंद हो गए। नपा अध्यक्ष के द्वारा जल्द नगर में जल्द सफाई व्यवस्था बहाल हो उसको लेकर दिन-रात कानूनी नियम को संज्ञान में लेते हुए जनता हित के लिए प्रयास कर रही है।



नगर पालिका के सामने धरने पर बैठे सफाईकर्मी।



हड़लात के कारण रोड पर फैला कचरा।

#### यह है नपा में भर्ती के नियम

नगर पालिका के भर्ती अधिनियम के अंतर्गत बने सेवा नियम 2016 के अनुसार अध्याय 10 के कर्णिका 34 ये कहती है, कि कोई भी नपा कर्मी आंदोलन में भाग नहीं ले सकता और अपनी संस्था की आलोचना नहीं कर सकता। अगर ऐसा कोई कर्मचारी करता है तो उसे सेवा से पृथक किया जा सकता है।

#### क्या है कर्मचारियों की मांग

सभी कर्मचारियों को जीपीएफ और ईएसआई मिले एवं 2024 के एरियर को एक मुश्त प्रदान किया जाए, जिसमें नपा के द्वारा दिए गए आश्वासन में एरियर को वेतन के साथ जोड़कर देने का प्रस्ताव रखा। जिसको लेकर कर्मचारी नाखुश है।

#### कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी

हमारे द्वारा सभी सफाई कर्मियों की मांगे प्रशासन के नियमानसुर मान ली गई है, परंतु उसके बाद भी सफाई कर्मी अपने काम पर नहीं लौट रहे हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही नगर का कचरा दूसरे विकल्प के माध्यम से साफ होगा।

डॉ. प्रशांत जैन, सीएमओ मंडीदीप

स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने सेवाधारियों का किया सम्मान

### पिछले जन्मों के कुछ अच्छे कर्म हैं, जो हमे मनुष्य का जन्म मिला: स्वामी



आश्रम के उद्घाटन समारोह में प्रवचन देते स्वामी भगत प्रकाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में जयपुर से स्वामी भगत प्रकाश महाराज अपनी संत मंडली के साथ पधारे हैं। उनके साथ संतश्री लालूराम, संतश्री हरिओम, संतश्री डालूराम, संतश्री लक्कि साई, संतश्री हरिदास राम, संतश्री गुरुबाबा, भगत दीपक, भगत मानिक, भगत पुनीत, भगत विजय शास्त्री, भगत भालू डोलकी द्वारा नवनिर्मित प्रेम प्रकाश आश्रम के उद्घाटन समारोह का समापन शुक्रवार को प्रेम प्रकाश ग्रन्थ व श्री मद्भगवदगीता के पाठों के भोग व पल्लव के साथ किया गया।

समापन अवसर पर स्वामी भगत प्रकाश महाराज प्रेममयी सत्संग की वर्षा करते हुए कहा कि हमारे पिछले जन्मों के कुछ अच्छे कर्म हैं, जो हमे मनुष्य का जन्म मिला है, क्योंकि 84 लाख योनियों में मनुष्य जन्म ही एक ऐसा जन्म है, जिसमें हमें शुभ कर्म करने का अवसर मिलता है। ईश्वर जीवआत्मा के रूप प्रत्येक प्राणी में होता है और देखता रहता है कि कौन कितना शुभ कर्म कर रहा है और कौन कितना दुखी है। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, वासवानी परिवार, अर्जुन बेलानी, मनोहर लालवानी, सतीश धर्मानी, कन्हैयालाल शीतलानी, मोहन भूरानी, महेश प्रियानी, लक्ष्मण बेलानी, रामचंद रायचंदानी, गिरधारी झमटानी, लक्ष्मण लालवानी, नरेष कामदार, मनोहर वासवानी, मनोज लालवानी, सतीश टहिलयानी (टिनी), दयाल दौलतानी, नानक केसवानी, अनील चान्द तथा प्रेम प्रकाश आश्रम के सभी सेवाधारियों का स्वामी भगत प्रकाश महाराज द्वारा सम्मान किया गया।

## झीलों की नगरी भोपाल की गलियों में हर कदम पर जीवंत होती विरासत

# विरासत की सैरः भोपाल की गलियों में इतिहास से मुलाकात



विश्व धरोहर दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड हेरिटेज डे सिर्फ धरोहरों को देखने का दिन नहीं, बल्कि उन्हें महसूस करने का भी अवसर है। झीलों की नगरी भोपाल की गलियों में यह एहसास हर कदम पर जीवंत हो जाता है। सुबह की हल्की धूप में जब पुराने शहर की गलियों में चहल-पहल शुरू होती है, तो लगता है मानो इतिहास धीरे-धीरे अपनी परतें खोल रहा हो। चौक बाजार की रौनक, पुराने मकानों की जालीदार खिड़कियां और हवेलियों के दरवाजे-सब कुछ बीते दौर की कहानियां सुनाते हैं। इस वर्ल्ड हेरिटेज डे पर हरिभूमि ने भोपाल में रची बसी इन्हीं इमारतों को आधार बनाया, जो हमें सिखाता है कि धरोहरों को सिर्फ सहेजना ही नहीं, उन्हें जीना भी जरूरी है, तभी उनकी असली खूबसूरती सामने आएगी और वर्ल्ड हेरिटेज डे की अहमियत से हम वाकई में रुबरु हो पाएंगे।

## झीलों के शहर की जीवंत पहचान बनीं ऐतिहासिक इमारतें



एशिया की सबसे बड़ी मस्जिदों में शुमार राजधानी की ताजुल मस्जिद।


### भव्यता और वास्तुकला की मिसाल 'ताजुल मस्जिद'

भोपाल की पुरानी गलियों में कदम रखते ही ऐसा लगता है मानो वक्त ठहर गया हो। तंग रास्तों, पुरानी हवेलियों और पारंपरिक बाजारों के बीच शहर की पहचान झलकती है। यहां स्थित ताजुल मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है, जो अपनी भव्यता और वास्तुकला के लिए जानी जाती है।

### नवाबी दौर की छाप छोड़ता 'गौहर महल', सादगी की मिसाल 'मोती मस्जिद'



भोपाल की विरासत सिर्फ इमारतों में नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी में भी बसती है। जहां 'गौहर महल' की दीवारों में नवाबी दौर की छाप है, तो 'मोती मस्जिद' अपनी सादगी में भी भव्यता का अहसास कराती है। वहीं आधुनिक कला और परंपरा के बीच एक खूबसूरत सेतु का काम करता है 'भारत भवन'। जब अपर लेक के किनारे बैठकर शहर को देखते हैं, तो समझ आता है कि विरासत सिर्फ अतीत नहीं, बल्कि वर्तमान की धड़कन है।





सदर मंजिल का खूबसूरत भीतरी दृश्य।

### शहर की शाही विरासत दर्शाते 'शौकत महल' व 'सदर मंजिल'

पुराने भोपाल की गलियों में घूमते हुए हर मोड़ पर इतिहास की एक नई कहानी सामने आती है। कभी नवाबी दौर की शान, तो कभी आम जिंदगी की सादगी। यहां की इमारतें, मस्जिदें और चौक-चौराहे आज भी बीते समय की यादों को संजोए हुए हैं। शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाते 'शौकत महल' और 'सदर मंजिल' जैसे ऐतिहासिक स्थल भोपाल की शाही विरासत को ओर भी खूबसूरती से निखारते हैं।



सदर मंजिल के ठीक सामने बना शौकत महल आज भी लुभाता है।

### भोपाल की हर धड़कन में बसता भोजताल

भोपाल की शान कहलाने वाला भोजताल की खूबसूरती के क्या कहने, यूं कहें तो यह शहर की पहचान और आत्मा है। यह विशाल झील न सिर्फ शहर को जीवन देती है, बल्कि इसकी खूबसूरती हर दिल को सुकून पहुंचाती है। सुबह की सुनहरी किरणों में चमकता पानी और शाम की ठंडी हवाओं में झील का शांत विस्तार दोनों ही मन को मोह लेते हैं। झील के बीचों बीच स्थित राजा भोज की विशाल प्रतिमा मानों शहर में आगमन करने वाले मेहमानों का तहे दिल से स्वागत करते नजर आते हैं। यूं कहें तो भोपाल की हर धड़कन में बसता भोजताल, सच में इस शहर की शान और पहचान है।

जालीदार खिड़कियां और हवेलियों के दरवाजे सुनाते हैं बीते दौर की कहानियां


---

मॉडिफाइड हैदराबादी सूट के साथ कलगी को नया अंदाज देती शहर की फैशन डिजाइनर रख्शां

# हेरिटेज ज्वेलरी का नया ट्रेंडः कलगी बनी बाजूबंद, रॉयल अंदाज में मॉडर्न ट्विस्ट



**भोपाल**। फैशन की दुनिया में हेरिटेज ज्वेलरी का प्रभाव हमेशा से रहा है, लेकिन अब इसे नए और अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करने का दौर चल पड़ा है। पारंपरिक आभूषणों को केवल खास मौकों तक सीमित रखने के बजाय, उन्हें रोजमर्रा के फैशन का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पगड़ी में लगाई जाने वाली कलगी को बाजूबंद के रूप में पहनने का ट्रेंड इन दिनों काफी वायरल हो रहा है, खासकर नीता अंबानी द्वारा एक खास इवेंट में रॉयल साड़ी के साथ कलगी को बाजूबंद के रूप में पहनकर न केवल एक रॉयल लुक पेश किया, बल्कि कलगी जैसे पारंपरिक आभूषणों को मॉडर्न अंदाज में स्टाइलिंग करने का तरीका भी बताया।





### मॉडिफाइड हैदराबादी स्टाइल सूट के साथ कलगी बनी बाजूबंद

नीता अंबानी के इसी लुक को देखते हुए शहर की प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर रखशां शमीम जाहिद ने हाल ही में एक इवेंट में कलगी को बाजूबंद फार्म में पहना। उन्होंने इस खास इवेंट के लिए मॉडिफाइड हैदराबादी स्टाइल सूट के साथ पहनने के लिए कलगी भी विशेष रुप से बाजूबंद के फार्म में पहना। रखशां ने कहा कि भारतीय विरासत बहुत बहुमुखी है, जिसे हम किसी भी अनुसार ढाल सकते हैं, फिर वो कलगी जैसे हमारे परांपरागत स्टाइल हेरिटेज ज्वेलरी ही क्यों न हो। हम इसे भी रॉयल अंदाज में पहनकर फैशन फ्यूजन का एक नया रूप दे सकते हैं।

### हैदराबाद से मंगाई जड़ाऊ कलगी

रख्शां ने कहा कि यह जड़ाऊ कलगी विशेष रूप से हैदराबाद से मंगवाई गई थी, जिसने पूरे लुक में पारंपरिक शाही अंदाज जोड़ दिया। इससे यह नया ट्रेंड हेरिटेज ज्वेलरी को एक फ्रेश और कंटेम्परी पहचान देगा साथ ही महिलाओं में कलगी जैसे पारंपरिक आभूषण को नए रूप में पहनने का ट्रेंड भी अब देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब नीता अंबानी ने इसे साड़ी के साथ वियर किया तो मुझे लगा कि क्यों न मैं भी इसे पहनूं, और फिर हैदराबादी सूट से बेहतर ओर कोई ऑप्शन हो ही नहीं सकता था। बस ऐसा करना एक प्रकार से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक पीढ़ी से जोड़ने का काम करेगी।

---

दुष्यंत संग्रहालय में नवीन स्मृति का आयोजन

## नवीन को भुला देना नाइंसाफी होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में वनमाली सृजन पीठ और दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि ने द्वारा नवीन स्मृति का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल, नवीन की 25 वीं पुण्यतिथि के निमित इस आयोजन की अध्यक्षता विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे ने करते हुए कहा कि नवीन को भुला देना नाइंसाफी होगा।



### पैसा, सत्ता जरूरी नहीं

इस अवसर पर शम्पा शाह ने कहा कि राजा होने के लिये पैसा और सत्ता होना जरूरी नहीं यह मैंने नवीन चाचा से जाना। वहीं मुकेश वर्मा ने स्मृतियों के गलियारे से झांकते हुए बताया कि नवीन के बारे में बोलना लंबी दास्तान को खोलना है।

प्रशासन अकादमी में लघु वृत्तचित्र फ़िल्मों का प्रदर्शन

## किरदारों को नए नज़रिए से देखती फ़िल्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में शुक्रवार को और सिने' क्लासिक के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (एनआईडी भोपाल) के कम्युनिकेशन डिज़ाइन विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लघु वृत्तचित्र फ़िल्मों का विशेष प्रदर्शन किया गया। ये फ़िल्में वरिष्ठ फ़िल्मकार अरुण गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयार की गई हैं।



### फ़िल्मों की झलक

- **ख़्वाहिशें ऐसी** : जीवन में पछतावे को लेकर लोगों के अलग-अलग दृष्टिकोण।
- **दे नो नॉट हाउ टू कास्ट नेट्स** : सड़क पर रहने वाले बच्चों की कठोर लेकिन मानवीय सच्चाई।

---

## 'हिन्दी गजल के बहाने-जहीर कुरैशी' कार्यक्रम आज

**भोपाल**। वरिष्ठ गजलकार जहीर कुरैशी की पांचवी पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर साहित्यिक संस्था ओपन बुक्स ऑनलाइन की भोपाल इकाई ने उनको स्मरण करते हुए 19 अप्रैल, रविवार को भोपाल के गौतम नगर (विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास) स्थित होटल ब्लिस रेजीडेंसी में एक कार्यक्रम 'हिन्दी गजल के बहाने-जहीर कुरैशी' आयोजित किया है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय शायरा अंजुम रहबर एवं सारस्वत अतिथि जहीर कुरैशी के सुपुत्र समीर कुरैशी होंगे। संस्था के अध्यक्ष अशोक निर्मल ने बताया कि जहीर कुरैशी ने दुष्यंत कुमार के बाद हिन्दी गजल का परचम मजबूती से ऊंचा रखा और आज उनकी गजलों पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्र शोध कर रहे हैं एवं उनकी गजलें अनेक विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल रही हैं। कार्यक्रम के संयोजक मनीष बादल ने बताया कि शहर के चुनिंदा साहित्यकारों द्वारा जहीर कुरैशी को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्तव्य के साथ-साथ स्वयं की एवं जहीर कुरैशी की गजलों का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम में हिन्दी गजल के पितामह दुष्यन्त कुमार के सुपुत्र आलोक त्यागी समेत शहर के अनेक वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकारों की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम का संचालन युवा गजलकार बलराम धाकड़ करेंगे।

## बीएसएस ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग विश्वविद्यालय से किया एमओयू साइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज और बीएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज ने 17 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका में यूजे कैंपस में जोहान्सबर्ग विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर करके वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। इस एमओयू पर औपचारिक रूप से वख के कुलपति, प्रोफेसर लेथलहोकवा जॉर्ज म्पेडी, और भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के प्राचार्य, डॉ. फादर जॉन पीजे ने हस्ताक्षर किए। यह हस्ताक्षर शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रति दोनों संस्थानों की साझा सोच का प्रतीक है। यह रणनीतिक साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच आपसी सहयोग के लिए एक गतिशील मंच तैयार करेगी। जोहान्सबर्ग विश्वविद्यालय, जिसे दक्षिण अफ्रीका के अग्रणी सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है, अपनी शैक्षणिक गंभीरता और अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा रखता है। इस सहयोग के माध्यम से, दोनों संस्थानों का उद्देश्य ज्ञान, विचारों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का जीवंत आदान-प्रदान करना है।




## 95% से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा कायस्थम

**भोपाल**। कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम एमपी बोर्ड और सीबीएसई में 95% से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मई में भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित करेगा। कायस्थम ने उन सभी चित्रांश छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है, जिन्होंने बेहतर रिजल्ट लाकर कायस्थ समाज को गौरांवित किया है। मध्यप्रदेश के ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है। जिसे सीबीएससी 12 वीं कक्षा के अप्रैल अंत तक घोषित परिणाम के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

## भोपाल की अभिनेत्री प्रिया सिंह ने फिल्म बेलचा में निभाई मुख्य भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की मॉडल और अभिनेत्री प्रिया सिंह के द्वारा अभिनीत फिल्म 'बेलचा' इन दिनों काफी पसंद की जा रही है। 10 अप्रैल को दिल्ली और गुरुग्राम में रिलीज हुई इस फिल्म के अमूमन सभी शो हाउसफुल रहे। प्रिया सिंह ने इस फिल्म में हीरो की चाची माला का किरदार निभाया है। फिल्म में वरिष्ठ अभिनेता मनोज बख्शी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं तो वहीं, मुख्य भूमिका में रजत राज मल्होत्रा और नेहा नजर आते हैं। प्रिया का यह सफर 28 साल पहले मिस इलाहाबाद 1998 (मिसेज आभा 1998) से शुरू हुआ था और अब वे मिसेज इंडिया नॉर्थ 2025 तक का सफर सफलतापूर्वक तय कर चुकी हैं।

## आज 90 छात्रों करेंगे 'कुहू कुहू बोले कोयलिया' का गायन

**भोपाल**। स्वरशाला की 9 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वर शाला के 90 विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत जटिल गीत 'कुहू कुहू बोले कोयलिया' का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। स्वर शाला की संगीत गुरु अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि संभवतः दुनिया में इस तरह का यह अपना पहला प्रयास है, जबकि इस कठिन गीत को इतने सारे विद्यार्थी एक साथ गा रहे हैं।

इस ऐतिहासिक प्रस्तुति के वीडियो के लोकार्पण के उपलक्ष्य में 18 अप्रैल को रवीन्द्र भवन, भोपाल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वर शाला के लगभग 90 छात्र एक साथ 'कुहू कुहू बोले कोयलिया' और अन्य फिल्म संगीत के कई माइलस्टोन गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर स्वर शाला द्वारा सुविखयत पार्श्व गायिका आशा भोसले को भी एक संगीत मय श्रद्धांजलि दी जाएगी।


---

'भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल 2026' का शहर के स्कूलों में शुभारंभ; आधुनिक रंग में ढले नजर आए शेक्सपियर

# भोपाल के परिवेश में 'रीवायर' हुए शेक्सपियर, बड़ा तालाब-चौक बाजार रहे खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आधुनिक भोपाल के परिवेश में प्रस्तुति देते शेक्सपियर, जहां बड़ा तालाब (भोजताल) के किनारे प्रोस्पेरो का सुकून तलाशना और चौक बाजार में झुमके खरीदते पात्रों के दृश्य ने दर्शकों को खूब मनोरंजित किया। 'शेक्सपियर इन भोपाल' के रुप में शेक्सपियर की कहानियों और भोपाल की स्थानीय संस्कृति का शानदार संगम देखने को मिला शुक्रवार को क्लब लिटराटी द्वारा आयोजित 'भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल 2026' के बारहवें संस्करण का। जिसकी शुरूआत 'शेक्सपियर रीवायर्डः ऐज वी लाइक इट' थीम के साथ रचनात्मक माहौल में हुई। पहले दिन का शुभारंभ सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर से हुआ। जहां छात्रों ने 'द बाड्र्स रीबूट' थीम के तहत शेक्सपियर के नाटकों को समकालीन, इंटरैक्टिव और स्थानीय अंदाज में प्रस्तुत किया।










### हंसाता 'द रोस्ट ऑफ शेक्सपियर'

दूसरी प्रस्तुति 'द रोस्ट ऑफ शेक्सपियर' में इंटरैक्टिव मॉक ट्रायल दिखाया गया, इस प्रस्तुति में शेक्सपियर अदालत में कटघरे में खड़े नजर आए और 'कन्फ्यूज्ड ऑडियंस' जेदार आरोप लगाती दिखी। अचानक भावनात्मक बदलाव और जटिल पात्रों के साथ तीखी बहस ने दर्शकों को खूब हंसाया।




### एक काल्पनिक थेरेपी सेशन में नजर आए मैकबेथ, इयागो और गोनेरिल

इसके बाद द विलन्स थेरेपी सेशन ने मंच संभाला, जिसमें शेक्सपियर के चर्चित खलनायक मैकबेथ, इयागो और गोनेरिल को एक काल्पनिक थेरेपी सत्र में दिखाया गया। इन पात्रों ने अपने कर्मों और पतन के कारणों को उजागर किया। इस प्रस्तुति में हास्य और मनोवैज्ञानिक गहराई का संतुलित संयोजन देखने को मिला।

### शेक्सपियर का साहित्य सरल और रोचक रूप में हो प्रस्तुत

कार्यक्रम का समापन वैलेडिक्टरी और क्लोजिंग सेरेमनी के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों के प्रयासों की सराहना की गई। क्लब लिटराटी की अध्यक्ष सीमा रायजादा ने कहा कि इस तरह के आयोजन शेक्सपियर के साहित्य को सरल और रोचक रूप में प्रस्तुत कर युवाओं में पढ़ने और समझने की रुचि बढ़ाते हैं।

## खबर संक्षेप

### बजाज पल्सर एन160 1,20,300 रु. में मिलेगी

**भोपाल।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने भोपाल में पल्सर एन160 सिंगल सीट यूएसडी वेरिएंट के लिए विशेष कीमत की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल अब 1,20,300 रुपए (एक्स-शोरूम भोपाल ) की नई कीमत पर उपलब्ध है, जिसमें लगभग 5,200 रुपए की कमी की गई है। यह कदम स्पोर्ट्स मोटरसाइक्लिंग को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने की बजाज ऑटो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### सॉफ्टेल ने आधुनिक स्मार्ट आटा चक्की पेश की

**अहमदाबाद।** सॉफ्टेल ने अपनी आधुनिक और स्मार्ट आटा चक्की (मल्टी ग्रेन मिलेट मिल) के साथ पिसाई के अनुभव को नया रूप दिया है, जो आधुनिक रसोई के लिए एक उत्कृष्ट उपकरण है। प्रति घंटे 7.5 से 10 किलोग्राम पीसने की क्षमता के साथ केवल एक यूनिट प्रति घंटे ऊर्जा खपत है।

### एचडीएफसी बैंक ने 15,200 जल निकायों का निर्माण किया

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर कार्यक्रम, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने घोषणा की है कि उसने पूरे भारत में कुल मिलाकर 15,289 से ज़्यादा जल निकायों का निर्माण किया हैं और उनकी मरम्मत की है। ये निकायें 10,430 से ज्यादा गांवों में फैले हैं और इनसे 14.92 लाख परिवारों को मदद मिली है। 950 से ज़्यादा गांवों को सामुदायिक शुद्धिकरण प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित पेयजल भी उपलब्ध कराया गया है।

### फटाकपे ने शुरू किया प्रीमियर लीग कैंपेन

**मुंबई।** फटाकपे ने क्रिकेट सीज़न पर आधारित अपने रेफरल कैंपेन, फटाकपे प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया है। इस कैंपेन में यूजर्स को पक्के तौर पर डिजिटल गोल्ड रिवॉर्ड के साथ-साथ डिजिटल गोल्ड, टेलीविज़न तथा स्कूटर जैसे बड़े इनाम जीतने का मौका दिया जा रहा है और इसके तहत इनाम की कुल राशि 15 लाख रुपए तक है। यह कैंपेन भी 28 मार्च से 31 मई, 2026 तक जारी रहेगा।

### रुकम ने पेश की जेन अल्फा डिकोडेड

**नई दिल्ली।** जेनरेशन अल्फा को और बेहतर समझने के लिए, रुकम कैपिटल ने अपनी तरह की एक अनोखी रिपोर्ट 'जेन अल्फा डिकोडेडः द कंज्यूमर-ब्रांड डायनामिक' प्रस्तुत की है, जो बताती है कि वे उपभोक्ता व्यवहार और ब्रांड जुड़ाव को कैसे नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। अर्चना जहागीरदार, संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर, रुकम कैपिटल ने कहाकिजेन अल्फा भारत की सबसे युवा पीढ़ियों में से एक है।

### डाबर ने रियल एक्टिव कोकोनट वाटर पेश किया

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया लिमिटेड ने रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर को हाइड्रेटेड रहने के एक बेहतरीन प्राकृतिक समाधान के रूप में पेश किया है। बाजार में मौजूद ज्यादा चीनी वाले कोल्ड ड्रिंक्स और सोडा के मुकाबले कंपनी ने इसे एक फैट-फ्री और लो-कैलोरी ड्रिंक के तौर पर एक बेहतरीन विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। डाबर इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट-मार्केटिंग, मयंक कुमार ने कहा कि रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर गर्मियों का एक परफेक्ट साथी है।

### ऊबर की हर राइड पर फ्लिपकार्ट देगा सुपरक्वॉइन

**नई दिल्ली।** भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने भारत के प्रमुख मोबिलिटी प्लेटफॉर्म्स में से एक ऊबर के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत ऊबर की हर राईड पर फ्लिपकार्ट यूज़र्स सुपरकॉईन प्राप्त कर सकेंगे। इस साझेदारी के साथ सुपरकॉईन का विस्तार लाईफस्टाईल लॉयल्टी प्रोग्राम तक हो गया है, अपने फ्लिपकार्ट और ऊबर खातों को लिंक करके यूज़र्स हर राईड के लिए अपने किराए पर 4 प्रतिशत तक सुपरकॉईन प्राप्त कर सकेंगे। हर ट्रिप के लिए अधिकतम 150 सुपरकॉईन मिलेंगे, तथा कुल कितने सुपरकॉईन हासिल किए जा सकते हैं।

भोपाल चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की नवागत कलेक्टर से भेंट

# व्यापार वृद्धि, यातायात व्यवस्था, व्यापारियों की समस्याओं और सुधार के समाधान पर दिए सुझाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष की संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविन्द गोयल के नेतृत्व में चेंबर का प्रतिनिधिमंडल नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की कलेक्टर के साथ बैठक हुई। बैठक में चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विकास, व्यापार वृद्धि, यातायात व्यवस्था, व्यापारियों की समस्याओं एवं यातायात सुधार पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चेंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) क्षेत्र में



ट्रांसपोर्टेशन समस्याओं को उठाते हुए कृषि मंडी परिसर में शिफ्ट करने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही पुराने शहर में ई-रिक्शा संचालन के प्रभावी नियमन एवं ट्रैफिक सुधार पर जोर दिया गया। हमीदिया रोड स्थित मेडिकल स्ट्रीट और दवा बाजार जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में उचित सार्वजनिक शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। कमर्शियल लाइसेंस शुल्क को समाप्त करने की मांग रखते हुए बताया गया कि यह केवल भोपाल में लागू है। इस मौके पर चेंबर प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के उपाध्यक्ष अरविंद जैन, महामंत्री ललित तांतेड़ , मंत्री संजीव जैन , कोषाध्यक्ष प्रदीप सेवानी एवं डायरेक्टर्स वात्सायन जैन (सोनू भाभा), अनिल मिश्रा, आयुष मोदी, मनोज साहू, दर्शन गर्ग, सुलभ मित्तल, सुनील पंजाबी, आदित्य सिंघई,दिनेश बतरा, अनुराग जैन पवैया, नवीन अग्रवाल (मेडिकल), राजेश गुप्ता (मधुरम), सचिन संगतानी एवं जवाहर कोटवानी मौजूद रहें।

बंसल समूह में प्लेसमेंट-डे 2026 का आयोजन, प्लेसमेंट शत-प्रतिशत रहा

# राज्यपाल ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोकता, आनंद नगर, स्थित बंसल समूह के इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्लेसमेंट-डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल रहे। इस मौके पर बंसल समूह के सचिव सुनील बंसल ने महामहिम मंगूभाई पटेल का स्वागत कर शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

बंसल समूह के प्रबंध निदेशक पार्थ बंसल ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल को बंसल समूह की विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत




करवाया। हर बार की तरह इस वर्ष भी बंसल समूह का प्लेसमेंट शत-प्रतिशत रहा तथा इस वर्ष का उच्चतम पैकेज, 20 लाख रुपए सालाना, मीट-मक्स कंपनी द्वारा कम्प्यूटर साइंस के छात्र हर्षवर्धन अहिरवार को मिला। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने बंसल समूह के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मंगूभाई पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवा शक्ति का आह्वान कर विद्यार्थियों को देशहित तथा विकसित भारत की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा बंसल समूह की अपार सफलता पर हर्ष व्यक्त किया एवं प्लेसमेंट के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। बंसल समूह के सह-सचिव डॉ. संजय जैन ने समापन अवसर पर मुख्य अतिथि तथा सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा बंसल समूह के समस्त निर्देशकों ने सभी उपस्थित शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शादी ब्याह घराने के परिजनों और टेंट कैटर्स व्यवसायियों की मांग

# शादी के कार्ड पर 19 किलो के 5 और पांच किलो के 5 सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जिला प्रशासन ने शादी समारोहों में 2 कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की नई व्यवस्था की हैं। लेकिन शादी-ब्याह वाले परिजनों और टेंट-केटरिंग व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों ने कहाकि आमतौर पर एक शादी समारोह में 10 से 12 सिलेंडरों की जरूरत होती है। अतः प्रशासन से मांग की है कि शादी के कार्ड पर 19 किलोग्राम के कम से 5 और पांच किलो के 5 सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था लागू करें। फेडरेशन ऑफ एमपी




टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत खनूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा और मिलन टेंट एंड कैटर्स के रामबाबू शर्मा ने कहा कि शादी का सीजन चल रहा है और गैस की जबरदस्त किल्लत बनी हुई है। इस पर प्रशासन ने शादी वाले घरों को अधिकतम 2 कमर्शियल सिलेंडर मुहैया कराने की व्यवस्था की है। जो कि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। कैटरर्स के अनुसार एक शादी में आमतौर पर 10 से 12 कमर्शियल सिलेंडर की जरूरत होती है। ऐसे में सिर्फ 2 सिलेंडर पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए कई जगह भट्टी (लकड़ी/कोयला) का सहारा लिया जा रहा है। सामान्य दिनों में जहां करीब 3500 सिलेंडर की जरूरत होती है, वहीं शादी के सीजन में यह मांग बढ़कर लगभग 4700 तक पहुंच गई है। लेकिन वर्तमान में सप्लाई सिर्फ 1000-1200 सिलेंडर तक ही सीमित है, जिससे किल्लत और बढ़ गई है।

### शादी में भोजन एवं स्टॉल की व्यवस्था के हिसाब से मात्र 2 सिलेंडर बहुत कम

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने कहाकि प्रशासन ने वैवाहिकी सीजन में शादी का कार्ड दिखाओ दो 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर ले जाओ की नई व्यवस्था लागू की है। शादी में भोजन एवं स्टॉल की व्यवस्था के हिसाब से मात्र 2 सिलेंडर बहुत कम है। फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने बताया कि बेटी की शादी में भोजन व्यवस्था में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए 19 किलो 5 एवं पांच किलो के 5 एलपीजी सिलेंडर सिलेंडर उपलब्ध करने कराने के दिशा-निर्देश गैस एजेंसी संचालकों को दिए जाए।

अक्षय तृतीया कल, बाजारों में विवाह से जुड़ी सामग्रियों की जबरदस्त खरीदारी

# सराफा, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में सामान की बुकिंग और डिलीवरी दोनों का जोर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अबूझ मुहूर्त यानी अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को है, जो बेहद शुभ संयोग लेकर आई है। बाजारों में भारी रौनक है। विवाह, आभूषण और वैवाहिक सामग्रियों की जबरदस्त खरीदारी हो रही है, जिससे सराफा और अन्य बाजारों में हजारों करोड़ रुपए के कारोबार की उम्मीद है। इस दिन सोना-चांदी, वाहन, जमीन और अन्य कीमती वस्तुएं खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। शादी विवाह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस शुभ तिथि को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह बढ़ा हुआ है। विवाह की तैयारी में जुटे परिवार कपड़े, आभूषण, बर्तन सहित अन्य दुकानों में पहुंच कर सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। कई परिवार वर-वधू को साथ लाकर पसंद से सामान चुनवा रहे हैं। कुल मिलाकर खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की संख्या उमड़ रही है। सराफा, कपड़े, फुटवियर आदि दुकानों पर खरीदारी का सिलसिला जारी है।

सराफा व्यापारी संजीव गर्ग गांधी के अनुसार अबकी बार लोग भारी आभूषणों के बजाय हल्के, सुरुचिपूर्ण सोने के आभूषण, जैसे चेन, चूड़िया, झुमके और सोने के सिक्के खरीद रहे हैं। कपड़ा व्यापारी श्यामबाबू अग्रवाल ने बताया कि शादियों के लिए रंग-बिरंगी चुनरी, ओढन्नी, मेहंदी, चूड़िया और दूल्हों के लिए साफा और मोचड़ी की बहुत मांग है। बाजार में शादी के लिए विशेष सामान, रेडिमेड बांस से बने सूपा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगे



पंखे और मोर-मुकुट सजे हुए हैं। माता लक्ष्मी और विष्णु जी की पूजा के लिए कमल गट्टे, कौड़ी, दक्षिणावर्ती शंख, और पीतल के बर्तन की खरीदारी जोरों पर चल रही है। सर्राफा, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में सामान की बुकिंग और डिलीवरी दोनों में 15 फीसदी का उछाल है। अक्षय तृतीया के साथ मई माह के मध्य तक व्यापारियों को भारी बिक्री और शानदार कारोबार की उम्मीद है। वहीं सोने के भाव रिकॉर्ड स्तर पर होने से हल्की ज्वेलरी, गोल्ड क्वॉइन और डायमंड की भारी मांग है, जिससे के तहत 20-25 फीसदी की विकास दर का अनुमान है। पारंपरिक गहनों के साथ-साथ, लोग डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में भी निवेश कर रहे हैं। व्यापारी ग्राहकों को लुभाने के लिए मेकिंग चार्ज पर भारी छूट और 'गोल्ड प्राइस प्रोटेक्शन प्लान' जैसे आकर्षक ऑफर भी दे रहे हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर
ई– निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं.: जबल टीआरडी–निविदा–2026–01
दिनांक: 10.04.2026

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये पूर्व, उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **1. कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन के मकरोनिया टीएसएंस में 54 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) ।, **2. कार्य स्थल:** जबलपुर मण्डल ।, **3. कार्य की अवधि:** 12 माह, **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 81,81,123.32/–(रुपये इक्यासी लाख इक्यासी हजार एक सौ तेईस और बत्तीस पैसे मात्र), **5. बयाना राशि:** रूपये–1,63,600.00/–, **6. निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 04.05.2026 15:00 बजे/04.05.2026 15:30 बजे, **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट:** https/www.ireps.gov.in, **8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें । निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व. साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.
वरि.मं.वि.इंजी./क.वि.
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# 'फिजिक्सवाला' छात्रों का सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

फिजिक्सवाला के कई विद्यार्थियों ने (सीबीएसई) कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का



से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने भिलाई में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। शहर के उन पीडब्ल्यू छात्रों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया।

## बिजनेस न्यूज

### ज्ञान और चेतना का अद्भुत संगमः दंत चिकित्सकों को मिला आध्यात्मिक मार्गदर्शन

**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी में एक विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें



श्रीमती रेनुका पुंडरीक गोस्वामी ने "ज्ञान और चेतना की रसायन विद्या विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर ज्ञान, ऊर्जा और सकारात्मकता से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ने भावी दंत चिकित्सकों से संवाद करते हुए डेंटल शब्द को जीवन का सूत्र बताते हुए उसका आध्यात्मिक एवं व्यावसायिक महत्व समझाया। उन्होंने महाभारत, पुराणों एवं भगवद गीता की प्रेरणादायक कथाओं के माध्यम से आध्यात्मिकता और व्यावसायिक जीवन के संतुलन का संदेश दिया, जिसने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे, प्रो-वाईस चांसलर डॉ. एन.के. अग्रवाल, एवं डॉ. भारती सतांकर डॉ. श्याम पाटकर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज शुक्ला तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नमिश मेहता द्वारा शॉल, श्रीफल एवं तुलसी पौधा भेंट कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हैंडमेड कार्ड भेंट कर तथा माताजी के हस्तचिन्ह प्राप्त कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जो कार्यक्रम का अत्यंत भावुक और स्मरणीय क्षण रहा। अंत में डॉ. उन्नति पितले एवं डॉ. आकांक्षा मिश्रा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट हैम्पर भेंट कर माताजी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रो-वाईस चांसलर डॉ. भारती सतांकर द्वारा किया गया।

### बजाज ऑटो ने लांच किया बजाज वीगो इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर्स

**भोपाल।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपने ब्रांड बजाज वीगो के तहत इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर्स के पोर्टफोलियो के लांच



की घोषणा की। पैसेंजर और कार्गो सेगमेंट में कई वेरिएंट्स के साथ बजाज वीगो अब 3-व्हीलर सेगमेंट में भारत का सबसे बड़ा ब्रांड बन गया है। नई बजाज वीगो रेंज कई उपयोगी फीचर्स के साथ आती है। इस रेंज में यात्रियों के लिए ज़्यादा जगह, बेहतर लेगरूम और ड्राइवर के आसानी से चढ़ने-उतरने के लिए डिज़ाइन भी दिया गया है। पी50 सीरीज में बजाज वीगो के पी5009 और पी5012 मॉडल शामिल हैं, जिन्हें खास तौर पर शहर के अंदर छोटी दूरी की यात्रा और कमर्शियल उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। इस सीरीज में पी5009 मॉडल की शुरुआती कीमत लगभग 3,11,908 रुपए है वहीं पी5012 मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत करीब 3,69,301 रुपए है ।

### निवेशकों के लिए स्पेशलाइज्ड इंवेस्टमेंट फंड्स की पेशकश

**भोपाल।** म्यूचुअल फंड्स अभी भी बहुत से निवेशकों के लिए अच्छा शुरुआती विकल्प हैं, लेकिन जो निवेशक बाजार को अच्छी तरह समझते हैं, वे ऐसे निवेश विकल्प चाहते हैं जिनमें ज्यादा लचीलापन हो। दूसरी तरफ, पीएमएस और एआईएफ जैसे प्रोडक्ट्स में निवेश करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे की जरूरत पड़ती है और ये काफी जटिल भी होते हैं। इसी अंतर को भरने के लिए सेबी ने वर्ष 2025 में स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स की पेशकश की। एसआईएफ जोखिम और लचीलेपन दोनों के मामले म्यूचुअल फंड्स और पीएमएस के बीच की जगह पर आते हैं। ये निवेशकों को रेगुलेटेड म्यूचुअल फंड संरचना के अंदर ही ज्यादा एडवांस्ड रणनीतियाँ उपलब्ध कराते हैं। स्पेश्यलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स सेबी द्वारा रेगुलेटेड फंड है जो फंड मैनेजरों को पारंपरिक म्यूचुअल फंड्स की तुलना में ज्यादा लचीलापन देता है, लेकिन पारदर्शिता, डिस्क्लोज़र और निवेशक सुरक्षा के मजबूत नियमों का पालन भी करता है।

### ब्रिक्स सीसीआई ने की वर्ष 2026-29 के लिए गवर्निंग बॉडी चुनावों की घोषणा

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने शासी निकाय की 53वीं बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के बाद वर्ष 2026-29 के लिए अपने आगामी शासी निकाय चुनावों को कराने की औपचारिक घोषणा की है। यह निर्णय, लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और मजबूत संस्थागत शासन को लेकर इस चैंबर की सतत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ये चुनाव इस संगठन के स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार कराए जाएंगे। ब्रिक्स सीसीआई अपने आंतरिक शासन की रूपरेखा को निरंतर मजबूत करते हुए ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए सतत रूप से समर्पित है।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

**हमारी जनगणना हमारा विकास**

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0037/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027

## चिंतन

# तोड़-मोड़कर नहीं, तोल-मोल कर बोलें नेता विपक्ष राहुल

लोकतंत्र की ताकत केवल सत्ता पक्ष से नहीं, बल्कि एक मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष से भी तय होती है। ऐसे में संसद में नेता विपक्ष होने के चलते राहुल गांधी से उम्मीद की जाती है कि वे सरकार की कमियों का बारीकी से विश्लेषण कर सार्थक चर्चा और बहस को जन्म दें। यह लगातार हो रहा है कि राहुल संसद में ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानों वह प्रधानमंत्री से दुश्मनी निकाल रहे हों। उनके अधिकांश आरोप तथ्यहीन होते हैं। उनमें दम नजर नहीं आता। कई बार तो उनके अरोप सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने वाले होते हैं। उनके भाषण इस तरह के हो जाते हैं कि कई बार तो वह राष्ट्रविरोधी लगने लगते हैं। ऐसे भाषणों से यह संदेश जाता है कि देश का नुकसान देखकर राहुल प्रसन्न हो रहे हैं। अनेक बार पाकिस्तान राहुल के बयान को भारत के विरोध के लिए कोट तक करता रहा है। राहुल को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया था। किसी भी देशवासी के लिए देश का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। अगर कभी देश को झटका भी लगता है तो वह किसी के लिए गर्व का विषय नहीं हो सकता। संसद में नेता विपक्ष की भूमिका सरकार की आलोचना करना भर नहीं होती, बल्कि तथ्यों, तर्कों और संतुलन के साथ ऐसी बहस को जन्म देना होती है, जो नीतियों को बेहतर बनाए। ऐसे में राहुल गांधी से अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक है। हाल के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि यह अपेक्षा बार-बार अधूरी रह जा रही है। सिर्फ प्रचार पाने के लिए अथवा पीएम को निशाना बनाने के लिए अपुष्ट बातें कहना नेता विपक्ष की गरिमा को कम करता है। राहुल से उम्मीद की जाती है कि वह नेता विपक्ष होने के नाते और अच्छी तैयारी करके आएं और संसद में एक सार्थक बहस करें। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल का बयान कि यह "महिलाओं को कमजोर बनाएगा" और "शर्मनाक कानून" है, सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि एक गंभीर नीति पर दिया गया आकलन है। संसद कोई चुनावी मंच नहीं है, जहां जुमलों से काम चल जाए; यह वह जगह है जहां हर शब्द का वजन होता है। यहीं सबसे बड़ी चिंता उभरती है। जब नेता विपक्ष अपने भाषण में बालाकोट, नोटबंदी जैसे पुराने मुद्दों को जोड़ते हैं, या कटाक्षपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हैं, तो बहस का स्तर स्वतः नीचे चला जाता है। सत्ता पक्ष का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन वह विरोध तथ्यों पर आधारित और नीति-केंद्रित होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विपक्ष में रहते हुए भी नेताओं ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई है। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद यादव जैसे नेताओं ने अपने तर्कों, भाषा की मर्यादा और विषय की गहराई से संसद को समृद्ध किया। उनकी आलोचना तीखी होती थी, लेकिन उसमें तथ्य और संतुलन भी होता था। यही कारण है कि आज भी उनके भाषणों का उदाहरण दिया जाता है। महिला आरक्षण जैसा महत्वपूर्ण विषय केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं बनना चाहिए। यह आधी आबादी के प्रतिनिधित्व का सवाल है, जिसे गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ उठाया जाना चाहिए। यदि इस पर भी बहस का स्तर गिरता है तो यह न केवल संसद के लिए, बल्कि समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। तोड़-मोड़कर बोलना आसान है, लेकिन तौलकर बोलना ही नेतृत्व की असली पहचान है। यदि राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो न केवल उनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र भी मजबूत होगा।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# एमएसएमई के विस्तार में चुनौतियां

बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

बी2के एनालिटिक्स, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक डेटा-आधारित समाधान, जोखिम प्रबंधन, परामर्श और अनुसंधान सेवाएँ प्रदान करती है, ने हाल ही में एक अध्ययन में बताया है कि सूक्ष्म, लघु, और मझोले उद्यम (एमएसएमई), जो अभी जीडीपी का 31.1% योगदान कर रहे हैं और विकास का इंजन माने जाते हैं, को 2030 तक व्यापक विस्तार के लिए काफी ऋण लेना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण इसका अपेक्षित विकास बाधित हो रहा है। यह समस्या उन एमएसएमईके लिए नहीं है जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, क्योंकि इन्हें बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान आसानी से ऋण प्रदान करते हैं। लेकिन जो एमएसएमईअसंगठित क्षेत्र से हैं, उन्हें बैंक, एनबीएफसी, या फिनटेक जैसी औपचारिक वित्तीय संस्थान ऋण देने से कतराते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये संस्थान इनसे कारोबार संबंधी लेनदेन नहीं करते हैं और ये अमूमन टैक्स देने से भी बचते हैं, जिसके कारण इनके पास वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड नहीं होता और न ही इनके पास जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के रिकॉर्ड होते हैं। बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। इसके अलावा, एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

इस लक्ष्य के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की राशि में से, शेष 84.3 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण करना आसान नहीं होगा क्योंकि 95% एमएसएमई इकाई असंगठित क्षेत्र से हैं। 'उद्यम पोर्टल' के अनुसार, 28 फरवरी 2026 तक 7.83 करोड़ एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, लेकिन करीब 90% अभी भी इस पोर्टल पर रजिस्टर नहीं हैं। हालांकि, इन इकाइयों का पंजीकरण तेज़ी से हो रहा है, फिर भी बहुत सी इकाइयां अभी भी पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से लगभग 50% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान असंगठित एमएसएमई को ऋण नहीं देते यदि उनके पास वित्तीय लेनदेन या आईटीआर नहीं हैं। इससे उन्हें महाजन या साहूकार से ऋण लेना या अपनी खुद की पूंजी जुटाना पड़ सकता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमएसएमई क्षेत्र की असंगठित इकाइयों के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त फंडिंग मिलती है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 में भारत की कुल जीडीपी 537.96 लाख करोड़ रुपये होगी,



जिसमें एमएसएमई का योगदान 215.18 लाख करोड़ रुपये या 40% होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 95% एमएसएमई अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं और उनका कोई वित्तीय रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए बैंक उन्हें ऋण देने से हिचकिचाते हैं। इसे हल करने का एक उपाय है यूपीआई लेनदेन, क्योंकि वर्तमान में बहुत से लोग, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में, नकद के बजाय यूपीआई से भुगतान कर रहे हैं। इससे उनकी आय का आंशिक अंदाजा लगाया जा सकता है। साथ ही, यदि ये संस्थान नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हैं, तो उनसे उनके कारोबार का टर्नओवर और लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे ऋण स्वीकृति की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, मध्यम आकार के एमएसएमई का स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होना भी बाजार से पूंजी जुटाने का एक उपाय है। यदि ऐसा किया जाए, तो इन इकाइयों को केवल ऋण पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। एमएसएमई इकाइयां आमतौर पर जटिल कागजी कार्रवाई, बैंकों से गारंटी की मांग, उच्च ब्याज दरें, और ऋण स्वीकृति में कठिनाई के कारण से बैंकों से लेन-देन करने से बचती हैं। छोटी एमएसएमई की कमजोर क्रेडिट स्कोर (सिबिल), पूरी वित्तीय रिकॉर्ड, जैसे कि बैलेंस शीट, कैश फ्लो स्टेटमेंट, आईटीआर, और अकाउंट स्टेटमेंट के अभाव के कारण बैंक से जुड़ना मुश्किल हो जाता है। अक्सर बैंक संपार्श्विक गारंटी की मांग करते हैं, जो छोटे और नए उद्यमियों के पास नहीं होती। कम सिबिल स्कोर, खराब क्रेडिट इतिहास या कम व्यवसाय अनुभव भी ऋण आवेदन को खारिज कर देता है। बहुत से एमएसएमई अभी भी अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं, जिससे वे बैंक की शर्तों को पूरा नहीं कर पाते। कई उद्यमी बैंक ऋण प्रक्रिया को लंबा और जटिल मानते हैंऔरवे निजी साहूकारों या निजी स्रोतों से ऋण लेना पसंद करते हैं, जो उन्हें जल्दी परंतु महंगे दर पर ऋण देते हैं। इसके अलावा, सरकार की कर प्रणाली भी जटिल और कठिन है, और कर दरें उच्च होने के कारण, एमएसएमई कारोबारी औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने से हिचकिचाते हैं। एमएसएमई क्षेत्र आज स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देकर 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है। ये इकाइयां बड़ी संख्या में ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में फैली हैं, जो क्षेत्रीय असमानताओं को कम कर रही हैं और स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहित कर रही हैं। अब अधिकांश एमएसएमई के प्रमोटर अपने रोजमर्रा के जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग 50% से अधिक कर रहे हैं, जिससे उनकी दक्षता और उत्पादन में सुधार हो रहा है। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है, जो महिला उद्यमशीलता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। पिछले कुछ दशकों से, एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार रहा है, जो देश के विनिर्माण में 35.4% और निर्यात में 48.58% हिस्सा रखते हैं, तथा इस क्षेत्र ने 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। इस तरह, यह क्षेत्र अपेक्षाकृत कम पूंजी में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न कर रहा है।

साथ ही, यह ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह बड़े उद्योगों के विकास में भाग लेकर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी का निर्माण कर रहा है और अपनी विविधता और लचीलापन के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है, साथ ही "मेक इन इंडिया"के लक्ष्य को पूरा कर आयात पर निर्भरता घटा रहा है और निर्यात केंद्रित विकास को तेज कर रहा है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा




# विश्व विरासतों का खज़ाना है भारत

विश्व विरासत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में यह दिवस संघर्ष और आपदाओं में विरासत संरक्षण थीम के साथ मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने विरासत को अनमोल मानते हुए और लोगों से इन्हें सुरक्षित और सम्भाल कर रखने के उद्देश्य से ही इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। विश्व विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। भारत की विरासत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। देश के ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं, इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। इससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहां हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी, वहीं दो हाथों को रोजगार मिलेगा। प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, जिस देश में वह स्थल स्थित हो। आने वाली पीढ़ियों के लिए और मानवता के हित के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे इनका संरक्षण करें। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी पूरे विश्व समुदाय की होती है। विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। बीता हुआ कल काफी महत्वपूर्ण होता है। बीता हुआ समय वापस नहीं आता, किंतु अतीत के पन्नों को हमारी विरासत के तौर पर कहीं पुस्तकों तो कहीं इमारतों के रूप में संजोकर रखा गया है। हमारे पूर्वजों ने निशानी के तौर पर तमाम तरह के मंदिर, मकबरे, मस्जिदें, किले, बावड़ी और अन्य चीजों का सहारा लिया, जिनसे हम उन्हें आने वाले समय में याद रख सकें। वक्त की मार के आगे कई बार उनकी यादों को बहुत नुकसान पहुंचा। किताबों, इमारतों और अन्य किसी रूप में सहेज कर रखी गई यादों को पहले स्वयं हमने भी नजर अंदाज किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारी अनमोल विरासत हमसे दूर होती गईं और उनका अस्तित्व भी संकट में पड़ गया। वर्तमान में दुनियाभर में कुल 1248 विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 972 सांस्कृतिक, 235 प्राकृतिक और 41 मिश्रित स्थल हैं। चीन, इटली, स्पेन, जर्मनी और भारत दुनिया भर के कुछ शीर्ष देश हैं, जिनकी विश्व स्तर की विरासत की अच्छी गिनती है। भारत में कुल 3691 ऐसे स्मारक और स्थल हैं, जिसमें से यूनेस्को ने भारत में कुल 44 विश्व धरोहरों की घोषणा की है। इनमें 7 प्राकृतिक, 36 सांस्कृतिक और एक मिश्रित हैं। यूनेस्को की अस्थायी सूची में भारत के 70 धरोहर स्थल शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का जिक्र करें तो ऐसे बहुत से स्थानों का नाम महत्वपूर्ण है। ताजमहल और मुगलकालीन शिल्प की दास्तां बयान करने वाले दिल्ली के लालकिले ने इस सूची को भारत की ओर से और भी खूबसूरत बना दिया है। ताजमहल को एक विश्वव्यापी मतसंग्रह के दौरान दुनिया के सात अजूबों में अव्वल नंबर कर रखा गया था। विश्व धरोहर सूची में शामिल भारत की अजंता की गुफाएं 200 साल पूर्व की कहानी कहती नजर आती हैं, लेकिन इतिहास के पन्नों में धीरे-धीरे ये भुला दी गईं और बाद में बाघों का शिकार करने वाली एक ब्रिटिश टीम ने इनकी फिर खोज की। विश्व धरोहर सूची में शामिल एलोरा की गुफाएं दुनिया भर को भारत की हिन्दू, बौद्ध और जैन संस्कृति की कहानी बताती हैं। ये गुफाएं लोगों को 600 और 1000 ईस्वीं के बीच के इतिहास से रूबरू कराती हैं। भारत को विश्व धरोहर सूची में 14 नवंबर 1977 में स्थान मिला। तब से अब तक 44 भारतीय स्थलों को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया जा चुका है। भारत में सर्वप्रथम एलोरा की गुफाएं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### हीमोफीलिया की अदृश्य कड़ियों को तोड़ने का समय

'निदान : देखभाल का पहला कदम', यह केवल एक विषय नहीं बल्कि मानवता के उस मौन संघर्ष की गूंज है, जिसे हम अक्सर देख नहीं पाते, समझ नहीं पाते और इसलिए समय रहते पहचान भी नहीं पाते। 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस हमें इसी अदृश्य पीड़ा के प्रति संवेदनशील बनने का अवसर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन का आधार 'रक्त' केवल शरीर में बहने वाला द्रव नहीं बल्कि अस्तित्व का मूल है और जब यही रक्त नियंत्रित न हो पाए तो साधारण सी चोट भी जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। – **भुवि भारद्वाज**, हिसार

## करंट अफेयर

### दावा- श्रीलंका पश्चिम एशिया संघर्ष से सर्वाधिक प्रभावित



श्रीलंका पश्चिम एशिया संकट के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से प्रकाशित यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें इस बात का प्रारंभिक आकलन किया गया है कि जारी संघर्ष वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और वित्तीय तंत्र को किस तरह अस्थिर कर रहा है। ' पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धि : एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका पर पश्चिम एशिया के संकट का अत्यधिक असर पड़ने की आशंका है क्योंकि 2025 में काम करने के लिए श्रीलंका से विदेश जाने वाले 80 .2 प्रतिशत श्रमिक पश्चिम एशियाई देशों में गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। इसमें कहा गया कि पर्यटकों के आगमन की संख्या भी इस साल फरवरी में प्रतिदिन औसतन 9,976 से घटकर एक मार्च से आठ मार्च के दौरान प्रतिदिन 5,956 रह गई जो लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट है।

## ऑफ बीट


### जलती रिफाइनरी के धुएं का फेफड़ों और दिल पर असर



रिफाइनरी के आग के धुएं से आमतौर पर पीएम2 .5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण निकलते हैं, जो फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और बेंजीन जैसे विषैले गैस तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक भी उत्सर्जित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आग से दूर रहने वाले लोगों के लिए ये सूक्ष्म कण अधिक चिंता का विषय होते हैं, क्योंकि ये लंबी दूरी तय कर सकते हैं और हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं। स्वस्थ वयस्कों में इन प्रदूषकों के अल्पकालिक संपर्क से सामान्यत: स्थायी नुकसान की संभावना कम होती है, लेकिन आंखों में जलन, पानी आना, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और सीने में जकड़न जैसे लक्षण हो सकते हैं। वायु गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषकों से संपर्क कम होने पर ये लक्षण प्राय: खत्म हो जाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह स्थिति उन लोगों से अलग है जो लंबे समय तक रिफाइनरी में काम करते हैं या आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होते हैं, जहां कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों का जोखिम अधिक होता है। खराब वायु गुणवत्ता का असर अस्थमा या 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है। ऐसे लोगों में सांस फूलने की समस्या और खांसी बढ़ सकती है, जिससे उन्हें सामान्य से अधिक दवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस गिरगिट जैसी



अनु. जाति, अनु. जनजाति और ओबीसी के अधिकारों के मामले में, गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने केंद्र में सरकार के दौरान किसी भी क्षेत्र में उनके आरक्षण कोटा को पूरा करने के लिए कभी कोई पहल नहीं की।
- **मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

### ईडी की छापेमारी



तीन दिनों के भीतर आम आदमी पार्टी के नेता के आवास पर ईडी की यह दूसरी छापेमारी है। क्या प्रधानमंत्री हमें बताएंगे कि आप नेताओं के आवासों पर अब तक की गई अनगिनत छापेमारी में कितना काला धन बरामद हुआ है? एक रुपया भी नहीं?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### महिला आरक्षण विधेयक



दशकों से, सड़कों से लेकर संसद तक, हमारी मांग रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाए, लेकिन महिला आरक्षण के भीतर, एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण होना चाहिए।
- **लालू प्रसाद यादव,** पूर्व सीएम, बिहार

### संसद का कर्तव्य



स्त्री कोई फूल नहीं, वह परिवर्तन लाने वाली चिंगारी है। महिला सशक्तिकरण कोई विकल्प नही, यह हमारा दायित्व है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित करना महज एक निर्णय नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के प्रति इस संसद का कर्तव्य है।
- **बांसुरी स्वराज,** सांसद, भाजपा

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता फडणवीस ने सीएम ममता पर किया हमला

# बंगाल अब डरने वाला नहीं, डर के आगे जीत है, यहां इस बार बदलाव जरूर होगा व भाजपा बनाएगी सरकार, देश विरोधी ताकतें होंगी बाहर

## विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी के लिए प्रचार करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 15 साल पुरानी टीएमसीव सरकार से बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल की जनता सिर्फ अपने दिल की आवाज सुनेगी। 2021 में भी यही भावना थी, लेकिन तब डर था। अब बंगाल जान चुका है कि 'डर के आगे जीत है'। बदलाव जरूर होगा और भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने अवैध घुसपैठ पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य से देश-विरोधी ताकतों को बाहर किया जाएगा। ममता सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को लाकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल दी, जो देश के लिए खतरनाक है। फडणवीस ने कहा कि 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा भारतीय जनसंघ की स्थापना को याद करते हुए भाजपा को बाहरी कहना गलत है।

**अब यहां के लोगों का डर खत्म हो गया**


प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

### ममता सरकार को घेरा

फडणवीस ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार आने पर युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके तैयार किए जाएंगे। ममता सरकार के कार्यकाल में 6000 से ज्यादा उद्योग और 100 से अधिक लिस्टेड कंपनियां बंगाल छोड़कर चली गई हैं। हमें राज्य को इन सबसे मुक्त कराना होगा।

### कर्ज में डूबा राज्य अब 'सोनार बांग्ला' के लिए बदलाव होगा

फडणवीस ने इसे ममता बनाम जनता की लड़ाई बताया है। फडणवीस ने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और सोनार बांग्ला के सपने को पूरा करने के लिए नई शुरुआत चाहती है। बंगाल कभी देश के टॉप आर्थिक राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब राज्य कर्ज के बोझ तले दब गया है। कर्ज का अनुपात बहुत ज्यादा हो चुका है। भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल फिर से विकास की राह पर लौटेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### सुवेंदु का टीएमसी पर आरोप | कार्यकर्ताओं को दिए जा रहे फर्जी प्रेस कार्ड

बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को फर्जी प्रेस पहचान पत्र (प्रेस कार्ड) बांट रही है। टीएमसी ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसके कार्यकर्ता पत्रकार बनकर मतदान केंद्रों तक पहुंच सकें और चुनाव में गड़बड़ी कर सकें। टीएमसी एक राजनीतिक सलाहकार कंपनी की मदद से यह काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि ये फर्जी पत्रकार संवेदनशील जगहों और प्रशासनिक केंद्रों में घुसकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने चुनाव



आयोग से मांग की है कि हाल ही में जारी हुए सभी प्रेस कार्डों की गहराई से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि केवल मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थानों के पत्रकारों को ही मतदान केंद्रों के पास जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। इससे एक दिन पहले टीएमसी ने भी भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

### अभिषेक का शाह पर आरोप

### वे मतदाताओं को डरा-धमका रहे

**मेदिनीपुर।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बेनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें। पूर्वी मेदिनीपुर के भगवानपुर में रैली के दौरान उन्होंने दावा किया कि



ममता चौथी बार मजबूत जनादेश के साथ सत्ता में लौटेंगी। अभिषेक ने डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि टीएमसी घर से बाहर न निकलें। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

### उदयनिधि स्टालिन बोले

### भारी जनसमर्थन मिल रहा डीएमके करेगी क्लीन स्वीप

**चेन्नई।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि पिछले 16 दिनों में उन्होंने करीब 100 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया है और हर जगह जनता से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।च स्टालिन ने कहा कि पार्टी इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उनका कहना है कि जहां भी वे प्रचार के लिए जा रहे हैं, वहां जनता का उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

### पल्लडम रैली में पलानीस्वामी का स्टालिन पर हमला



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने पल्लडम में चुनावी रैली के दौरान डीएमके सरकार और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर तीखा हमला बोला। उनकी पार्टी ने पहले ही संसद में 33 फीसदी महिला आरक्षण की मांग उठाई थी और अब प्रधानमंत्री मोदी इसे लागू कर रहे हैं।



ममता ने किया चुनावी 'काव्यपाठ'

### भाजपा ने कहा- ममता ने हार मान ली

एक चुनावी रैली में ममता बेनर्जी ने कुछ लाइनें पढ़ी हैं, जिसे लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय दावा कर रहे हैं कि टीएमसी ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। इस्लामपुर में टीएममी की चुनावी रैली को ममता ने शेरो-शायरी वाले अंदाज में खत्म किया। खास बात यह रही कि ममता ने जो पंक्तियां बोलीं उनमें 'तृणमूल' शब्द का जिक्र था।

### तिरुचिरापल्ली में डीएमके ने किया शक्ति प्रदर्शन



**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु राज्य में चुनावी सरगर्मी के बीच केएन नेहरू और अनबिल महेश पोय्यामोझी ने तिरुचिरापल्ली के गांधी मार्केट क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। दोनों नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम डीएमके के तिरुचिरापल्ली पूर्व विधानसभा सीट के उम्मीदवार डॉ. इनिगो इरुदयाराज के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव



नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है।राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा कि हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं।

### सीएम सम्राट को धमकी आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने



वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका के बेलहर का निवासी है। संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।

### शाह के पड़ोसी बने नीतीश, जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को नया आवास



मिल चुका है। वह अब सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 9 में रहेंगे। यह आलीशान सरकारी आवास है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उनका नया बंगला सारी सुविधाओं से लैस है। इसमें खास बात यह है कि यह बंगला केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास है।

### दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद में बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को



थोड़ी राहत मिली है। कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। फरीदाबाद में भी तेज हवा चलने के बाद बारिश शुरू हो गई। नोएडा में भी तेज बारिश की खबर है। मौसम विभाग ने नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम आदि में येलो अलर्ट दिया था। गरज के साथ हल्की बारिश की चेतावनी दी है।

## निशिकांत ने बोला कांग्रेस पर बड़ा हमला, सोनिया का भी किया जिक्र

# 4 दशकों से कांग्रेस ने राजनीति की, मनमोहन ने ही तब जाति गणना का किया था भारी विरोध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर संसद में चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस का इतिहास याद दिलाते हुए कई मुद्दे उठाए और पूर्ववर्ती सरकारों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण के मुद्दे पर चार दशकों से काफी राजनीति की जा रही है। दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि कांग्रेस के जो लीडर हैं उनका जो भाषण है वो एक शो जैसा था, जैसा कि माइकल जैक्सन का। उन्होंने कहा कि इसी दिन वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले को लेकर आरोप लगे थे, जिसने देश की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा किया था। 1998 की एक घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी टिप्पणी की।

**कांग्रेस का इतिहास याद दिलाया**

### महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर आरोप-पलटवार



### राहुल साउथ में सीटों के नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार होंगे

दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को सरकार ने अधिसूचित किया है तो हम 543 सीटों के आधार पर इसे कल से ही लागू करने के लिए तैयार हैं। उन्हें सीटों का नुकसान होगा और इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार होंगे। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि जातिगणना कभी नहीं कराई जाएगी, चाहे उनकी सरकार रहे या न रहे।

### मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया

दुबे ने कहा कि रमैं जब आज यहां आया तो मुझे लगा कि कांग्रेस के लीडर ऑफ अपोजिशन से माताओं-बहनों के बारे में सुनने को मिलेगा, लेकिन मुझे लगा कि मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया।

### सोनिया ने जाति गणना का विरोध किया था

दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी ने जाति गणना का विरोध किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तो साफ मना कर दिया था।

विपक्ष का आरोप

### परिसीमन राजनीतिक नोटबंदी साबित होगा: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना, असल में नोटबंदी जैसा होगा।

### गिरगिट की तरह रंग बदल रही कांग्रेस: मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी नहीं सोता। अब गिरगिट जैसा रंग बदल रही है।

### जाति जनगणना टालने की कोशिश हो रही: अखिलेश



सपा सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया है कि केंद्र महिला आरक्षण और परिसीमन पर जाति गणना की मांग को टाल रही है।

### परिसीमन के जरिए खुद को सशक्त कर रही भाजपा



सपा सांसद डिंपल यादव ने आरोप लगाया भाजपा महिला आरक्षण का मुखौटा पहन सशक्त हो रही है।

प्रधान ने कांग्रेस को घेरा

### परिसीमन को लेकर विपक्ष केवल आशंकाएं फैला रहा



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा आशंकाएं फैलाई जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रधान ने कहा कि परिसीमन की यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है। परिसीमन का उद्देश्य देश के संघीय ढांचे को मजबूत करना है। इसके जरिए देश में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव है।

### आपका तो कहने का मुंह ही नहीं : अनुप्रिया



केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की नेता अनुप्रिया पटेल एवं सपा के सांसदों के बीच नोकझोंक देखने को मिली। पटेल ने दावा किया कि सपा की सरकार ने यूपी में न तो जातीय गणना कराई और न ही जिस केंद्र सरकार को वह समर्थन दे रहे थे उनसे जातीय गणना करा पाए। पटेल ने सपा सांसदों को रोक टोक के बीच कहा कि आपका तो बोलने का मुंह ही नहीं है। पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने भी कहा- धर्मेंद्र जी बैठ जाइए।

## हिमंता की पत्नी रिनिकी पासपोर्ट विवाद

# खेड़ा को 'फर्जी आधार' कार्ड पर फटकार, जमानत को असम जाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखी जबकि तुषार मेहता ने खेड़ा की याचिका का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल की अवधि मंगलवार तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि खेड़ा गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करें। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि गुवाहटी हाई कोर्ट, इस मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित न हो। फर्जी आधार कार्ड पेश करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। खेड़ा के मामले में अभिषेक मनु सिंघवी और तुषार मेहता के बीच तीखी बहस हुई।

### दस्तावेजों पर उठाए सवाल

सर्वोच्च अदालत में खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके द्वारा निवास प्रमाण के तौर पर लगाए गए दस्तावेजों पर सवाल उठाए। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जब पते को लेकर स्पष्टता नहीं है तो तेलंगाना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका क्यों दाखिल की गई?

## दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को नहीं मिलेगी 'कोटा वालों' जैसी छूट

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवार केंद्र सरकार की सीधी भर्ती या नौकरियों में



एससी-एसटी या ओबीसी श्रेणियों के समान आयु में छूट या परीक्षा के अतिरिक्त प्रयास की मांग नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति अमित महाजन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि ईडब्ल्यूएस वर्ग को होने वाली आर्थिक वंचना को जाति-आधारित भेदभाव के समकक्ष नहीं माना जा सकता। ईडब्ल्यूएस को आयु छूट और प्रयासों में छूट न देने की सरकारी नीति दुष्प्रेरित, मनमानी या असंवैधानिक नहीं है। खंडपीठ ने इस श्रेणी के कुछ उम्मीदवारों द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी।

## कोयंबटूर में भीषण सड़क हादसा

# केरल के 9 पर्यटकों की मौत और 5 गंभीर हालत में भर्ती

एजेंसी ⏭ कोयंबटूर

तमिलनाडु के वालपराई-पोलाची घाट रोड पर शुक्रवार को एक वैन के बेकाबू होकर खाई में गिरने से केरल के 9 पर्यटकों की मौत हो गई। वाहन ने नियंत्रण खो दिया और पहाड़ी रास्ते के 13वें तीव्र मोड़ से सीधे 9वें मोड़ पर जा गिरा। वैन चकनाचूर हो गई। पीड़ित पेरिनथलमान्ना के टीचर्स और अन्य लोगों के एक समूह का हिस्सा थे, जो छुट्टी मनाने के लिए निकले थे। वे जिस मिनी ट्रैवलर वैन में वे यात्रा कर रहे थे, वह पोल्लाची-वालपराई घाट रोड के 13वें हेयरपिन मोड़ पर



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। त्रिशूर की तरफ से आ रही गाड़ी अनियंत्रित होकर गार्ड रेल से टकरा गई और आठवें हेयरपिन मोड़ की ओर तेजी से नीचे गिर गई। वैन में 12 टीचर और एक ड्राइवर सवार थे, जिनमें मलप्पुरम के पांग स्थित जीएलपी स्कूल के कर्मचारी और परिवार के सदस्य शामिल थे। घायलों को पोलाची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सरकार ने तनाव के बीच ईंधन आपूर्ति को लेकर किया आश्वस्त, कहा

# पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें

## पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने ईंधन आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम



व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी है और किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है, रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है।



### पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर जोर

सरकार पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दे रही है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। इसके लिए राज्यों से लंबित आवेदनों को शीघ्र मंजूरी देने की अपील की गई है। शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी करें। उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रतिदिन करीब 177 टन ऑटो एलपीजी की बिक्री हुई थी, जो अप्रैल में बढ़कर लगभग 296 टन प्रतिदिन पहुंच गई है। खासतौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ऑटो एलपीजी की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### भारतीय नाविक सुरक्षित

पश्चिम एशिया में हालात को लेकर पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय या भारतीय-ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में बंदरगाहों का संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़ या बाधा की स्थिति नहीं है।

# ड्रोन खतरों से निपटने के लिए रणनीति मजबूत, सैन्य आधुनिकीकरण पर जोर

*भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस (एसीसी) 13 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। कांफ्रेंस के दौरान वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने कई मुद्दों चर्चा की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। कैबिनेट सचिव, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, रक्षा सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड अध्यक्ष के अलावा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने कमांडर्स को संबोधित किया। वहीं भारतीय सेना ने 'भविष्य के लिए तैयार बल' के रूप में विकसित होने की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

**द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस का समापन**

**युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां शामिल की जा रहीं**

## आधुनिक युद्धों की तकनीक पर काम किया जा रहा


आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया

भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारतीय सेना लगातार आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है। खासतौर पर आधुनिक युद्धों की तकनीक व तौर तरीकों पर काम किया जा रहा है। यही कारण है कि युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां लगातार भारतीय सेना में शामिल की जा रही हैं।

### नेटवर्किंग और डेटा केंद्रित मुद्दों पर मंथन

*इस सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण व युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेश पर मंथन किया गया। सेना की सैद्धांतिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ ऑपरेशनल तत्परता बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित कई मुद्दों पर कमांडर्स के साथ चर्चा की गई।*

### बेहतर तालमेल पर जोर

*रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और उभरते वैश्विक, क्षेत्रीय और आंतरिक सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर इस सम्मेलन में बात की गई। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त सबकों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, वक्ताओं ने देश की रणनीतिक और सुरक्षा हितों की गारंटीकृत सुरक्षा के लिए कठोर शक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल और जटिल सुरक्षा चुनौतियों के समन्वित राष्ट्रीय समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण पर जोर दिया।*

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

*चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि वर्तमान आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है।*

---

## खबर संक्षेप

### जिम्बाब्वे में मिनीबस में लगी आग, 18 की मौत

**हरारे।** जिम्बाब्वे में गुरुवार को एक मिनीबस टैक्सी में भीषण आग लगने से करीब 18 लोगों की मौत हो गई।



पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी के अनुसार, मृतकों की सटीक संख्या का अभी सत्यापन किया जा रहा है, लेकिन यह आंकड़ा लगभग 18 बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह मिनीबस देश के दूसरे सबसे बड़े शहर बुलावायो के पास एक हाईवे पर अचानक आग की लपटों में घिर गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

### जैकलिन फर्नाडीस बनेंगी सरकारी गवाह

**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्ट्रेस जैकलीन



फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की इच्छा जाहिर की है। जैकलीन ने यह बात पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान कही। उन्होंने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल कर सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई और साथ ही कहा कि वह जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं।। पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन की अर्जी पर संज्ञान लेते हुए प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### नेपाल में भारतीय वाहनों के लिए नए नियम

**काठमांडू।** नेपाल के नए पीएम बालेंद्र शाह के नए नियम अनुसार अब किसी भी भारतीय सवारी



साधन को सीमा में प्रवेश करने से पहले आधिकारिक भंसार अनुमति लेना अनिवार्य है। प्रतिदिन के हिसाब से दोपहिया वाहन पर 100 रुपए, तीन पहिया वाहन पर 400 रुपए और चार पहिया वाहन (कार, जीप, वैन) पर 600 रुपए का शुल्क भंसार कार्यालय पर जमा करना होता है, जिसके बाद ही वाहन को नेपाल में प्रवेश की अनुमति मिलती है। एक वर्ष में अधिकतम 30 दिन तक आ सकते हैं।

---

## ईरान के साथ सीजफायर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

# परमाणु हथियार 'नहीं' बनाने पर राजी हुआ ईरान सौंपेगा यूरेनियम भंडार, तेहरान बोला बेबुनियाद


*व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे*

**शांति वार्ता पर दूसरी बैठक के लिए ट्रंप जा सकते हैं पाकिस्तान**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के साथ हुए हालिया सीजफायर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में बड़ा दावा करते हुए कहा है कि ईरान, परमाणु हथियार नहीं बनाने पर राजी हो गया है और ईरान अपना संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम भी सौंपने को तैयार हो गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये भी कहा कि अगर सबकुछ सही रहा तो वे जल्द ही शांति वार्ता पर बात करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे। ट्रंप ने आगे संकेत दिया कि अगर यह समझौता इस्लामाबाद में होता है, तो वह पाकिस्तान की यात्रा भी कर सकते हैं। हालांकि, ईरानी मीडिया ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बिना आधार के बातें कर रहे हैं और वास्तविक स्थिति इससे अलग है।


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

### सब कुछ सकारात्मक होगा

ट्रंप ने कहा कि हम ये सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हो। अगर ऐसा होता है तो इससे काफी परेशानी होगी। ये बेहद अहम है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए तैयार भी हो गया है। वे इसके लिए मान गए हैं और उन्होंने परमाणु डस्ट को भी हमें सौंपने की सहमति दे दी है। हम ईरान के साथ कई समझौते करने जा रहे हैं और मुझे लगता है कि सबकुछ बहुत सकारात्मक होगा।

### समझौता नहीं हुआ तो फिर युद्ध शुरू होगा

ट्रंप ने कहा कि हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें संघर्ष विराम को बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ईरान सौदा करना चाहता है और हम भी बहुत अच्छे से उनके साथ बात कर रहे हैं। स्टॉक मार्केट बेहतर स्थिति में है। तेल के दाम गिर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही ईरान के साथ समझौता कर लेंगे। ट्रंप ने ये भी चेतावनी दी कि अगर ईरान के साथ समझौता नहीं हो सका तो युद्ध जारी रहेगा।

### पीएम मोदी के साथ अच्छी बातचीत हुई

ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ हालिया बातचीत का भी जिक्र किया और पीएम मोदी को अपना दोस्त बताया। ट्रंप ने कहा कि मेरी पीएम मोदी से अच्छी बातचीत हुई। वे मेरे दोस्त हैं और वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमारी बातचीत अच्छी रही।

### 'हमास' को आतंकी संगठन घोषित करे भारत: इजराइल



इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इजराइल ने कई मोर्चों पर बढ़त हासिल की है और उसने इस्लामी चरमपंथ के 'आतंकी नेटवर्क' को काफी कमजोर किया है, जिसका नेतृत्व ईरान करता है। उन्होंने कहा कि भारत को हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित करना चाहिए। हमास के संबंध अन्य चरमपंथी संगठनों से हैं, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) भी शामिल है। इस तरह के संगठनों के बीच वैश्विक स्तर पर जुड़ाव है और ये मिलकर काम करते हैं। अगर भारत सिर्फ यह घोषणा भी करता है, तो इसका वैश्विक स्तर पर बड़ा असर होगा, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और मालदीव जैसे देश भारत के रुख को देखते हैं और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं।

**इजराइल के राष्ट्रपति बोले**

## दक्षिणी लेबनान में 10 किमी का सुरक्षा जोन बनाए रखेगा इजराइल



तेल अवीव। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजराइल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर का सुरक्षा क्षेत्र बनाए रखेगा। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने हिजबुल्ला की उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें इजराइली सेना को अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पीछे हटने के लिए कहा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान के अंदर बनाए गए इस सुरक्षा क्षेत्र में ही तैनात रहेगी। उनका कहना है कि यह सुरक्षा क्षेत्र उत्तरी इजराइल के इलाकों को हमलों और टैंक रोधी हथियारों से बचाने में मदद करेगा।

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि लेबनान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौता करने का मौका है। उन्होंने बताया कि ट्रंप इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए उन्हें और लेबनान के राष्ट्रपति को बातचीत के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। नेतन्याहू के अनुसार, यह मौका इसलिए बना है क्योंकि इजराइल ने लेबनान में ताकत का संतुलन अपने पक्ष में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक महीने में लेबनान की ओर से सीधे शांति वार्ता के संकेत मिले हैं।

### युद्ध विराम का भारत ने किया स्वागत



भारत ने इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिन के युद्ध विराम की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि शांति की दिशा में उठाए गए हर कदम का स्वागत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम युद्ध विराम का स्वागत करते हैं। शांति की दिशा में उठाए गए हर कदम का हम स्वागत करते हैं। इजराइल की ओर से भारत को हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के अनुरोध पर प्रवक्ता ने कहा कि हमारे पास एक प्रक्रिया मौजूद है और उन मुद्दों का समाधान उसी प्रक्रिया के तहत किया जाता है।

---

## भारत-चीन एससीओ परामर्श

# द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर जोर, फैसले लागू करने पर सहमत


भारत के आलोक ए. डिमरी और चीन के यान वेनबिन चर्चा करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन ने 16-17 अप्रैल को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्विपक्षीय परामर्श आयोजित किया गया। भारत के एससीओ के राष्ट्रीय समन्वयक आलोक ए. डिमरी और चीन के राष्ट्रीय समन्वयक राजदूत यान वेनबिन ने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया। दोनों पक्षों ने एससीओ नेताओं के फैसलों को लागू करने और संगठन के भविष्य के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्ष एससीओ मामलों में आपसी सहयोग और सलाह-मशविरा जारी रखने और उसे मजबूत करने पर सहमत हुए। दोनों डेलीगेशन ने मिलकर सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से एससीओ फ्रेमवर्क के अंदर सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा करने के लिए मुलाकात की। दोनों पक्ष भविष्य में आपसी सलाह-मशविरा जारी रखने पर सहमत हुए।

**सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी पर की समीक्षा**

### तजाकिस्तान के साथ फिनटेक, फार्मा क्षेत्र पर चर्चा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ताजिकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दुशांबे में भारत-ताजिकिस्तान विदेश कार्यालय परामर्श का पांचवां दौर भी आयोजित किया गया, जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव (पश्चिम) और उप विदेश मंत्री इदिबेक कलंदर ने की। उन्होंने वर्तमान द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की, जिसमें व्यापार और आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, फिनटेक, फार्मास्यूटिकल्स, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे आपसी हित के क्षेत्र शामिल थे।*

### पुर्तगाल संग दीर्घकालिक साझेदारी पर जोर



पश्चिमी क्षेत्र के सचिव राजदूत सिबी जॉर्ज ने पुर्तगाल के स्वतंत्रता दिवस समारोह और उसके संविधान की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने भारत-पुर्तगाल की दीर्घकालिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और पारस्परिक हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

---

## ईरान से तेल खरीद पर भारत का खेल

# अमेरिकी डॉलर को छोड़ चीन की करेंसी युआन में कर दिया भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने ईरान से खरीदे गए तेल का भुगतान चीनी मुद्रा युआन में किया है। यह पेमेंट मुंबई स्थित आईसीआईसीआई बैंक के जरिए किया गया, जिसने अपनी शंघाई शाखा के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। भारतीय रिफाइनर्स ने सात साल बाद ईरान से तेल खरीदा है। भारत की सबसे बड़ी सरकारी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने इस महीने की शुरुआत में 20 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल खरीदा। यह तेल बड़े जहाज जया के माध्यम से



आया। यह करीब 20 करोड़ डॉलर (करीब 1857 करोड़ रुपए) का सौदा था और पिछले सात वर्षों में भारत की पहली ईरानी तेल खरीद मानी जा रही है। अलावा निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए भी चार जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर आने की अनुमति दी गई थी। इनमें से एमटी फेलिसिटी नामक जहाज तेल उतार चुका है।

## अमेरिकी सांसद सेशंस से मिले क्वात्रा

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द लगेगी मुहर, समर्थन की सराहना की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसद पीट सेशंस के साथ आपसी हित के मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी के लिए उनके समर्थन की सराहना की।

सेशंस वर्तमान में सदन की वित्तीय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य हैं और सदन की निगरानी और सरकारी सुधार समिति की सरकारी संचालन उपसमिति के अध्यक्ष हैं। क्वात्रा ने गुरुवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राबर्ट


विनय क्वात्रा पीट सेशंस

ओ ब्रायन से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के बारीक पहलुओं पर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में, भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी।

## टीसीएस नासिक केस धर्मांतरण मामला

# फरार आरोपी निदा ने खुद को प्रेग्नेंट बताया, कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी

**मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट मांगी**

**पुलिस ने 7 आरोपियों को अरेस्ट किया**

एजेंसी ▶▶ नासिक

नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के डीजीपी समेत कई विभागों से रिपोर्ट मांगी है। इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। उन्होंने बताया कि वह गर्भवती है। वहीं, निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिश हुई है। एसआईटी ने शुक्रवार को मुंबई के मुंब्रा में निदा के पति से 4 घंटे पूछताछ की। इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

### दावा- एफआईआर में धर्मांतरण का आरोप नहीं



निदा के वकील बाबा सैयद ने कहा कि एफआईआर में जबरन धर्मांतरण का कोई जिक्र नहीं है। निदा को एक मामले में नामजद किया गया है। वहीं निदा के पिता ने कहा है कि निदा ने शिकायत करने वाली महिला से कभी बात तक नहीं की और न ही किसी को धर्म परिवर्तन के लिए कहा। उनका परिवार सभी धर्मों का सम्मान करता है। परिवार ने बताया कि निदा इस समय गर्भवती है और भिवंडी स्थित अपने ससुराल में रह रही हैं।

### एसआईटी 9 मामलों की जांच कर रही

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में 9 शिकायतों की जांच हो रही है। इनमें 8 महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनके सीनियर ने उनके साथ मानसिक और यौन उत्पीड़न किया। ये घटनाएं फरवरी 2022 से मार्च 2026 के बीच की बताई गई हैं। पुलिस ने इस मामले में 7 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 6 पुरुष और एक महिला एचआर शामिल हैं।

---

**विदेश मंत्री जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल से की मुलाकात**

# यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सचिव रुस्तम उमेरोव पहुंचे नई दिल्ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने शुक्रवार को भारत दौरे के दौरान एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग और रूस-यूक्रेन संघर्ष की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने 17 अप्रैल 2026 को एनएसए


रुस्तम उमेरोव और अजीत डोभाल

अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा की।

एनएसए ने भारत के सैद्धांतिक रुख को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।

### यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया

*भारत दौरे के दौरान यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। इसकी जानकारी साझा करते हुए विदेश मंत्रालय ने लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव से मिलकर खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और यूक्रेन संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वैश्विक तनाव के बीच यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव का यह दौरा भारत के संबंधों को और बेहतर करने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है।*

## आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने वैश्विक समर्थन पर जताया आभार, कहा

# मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के आर्टेमिस-2 के एस्ट्रोनॉट्स रीज वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसेन धरती पर सुरक्षित लौट आए हैं। उन्होंने मिशन के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए स्पेस और चांद का रोमांचक अनुभव साझा किया और दुनिया भर से मिले अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। क्रू सदस्यों ने भावुक होते हुए कहा कि पृथ्वी से दूर चांद के आसपास का अनुभव जीवन बदलने वाला था। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा।

**मिशन को दुनिया से जबरदस्त समर्थन मिला**

**मिशन ऐसा था जो दुनिया को साथ ले आया**




### मिशन अविश्वसनीय रोमांच, टीम का शुक्रिया

मिशन के कमांडर रीड वाइजमैन ने बताया कि विक्टर, क्रिस्टीना, जेरेमी, आप सबका धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय रोमांच था और यह इस क्रू और पूरी यात्रा के दौरान एक-दूसरे के सहयोग से ही संभव हो पाया। हमारे बीच हमेशा के लिए एक खास रिश्ता बन चुका है। चार इंसान इससे ज्यादा करीब नहीं हो सकते, सिवाय इसके कि वे एक परिवार हों। वाइजमैन ने पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने ओरियन स्पेसक्राफ्ट को 'ओटे-इंटीग्रेटी' नाम दिया और कहा कि नासा और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने यह शानदार मशीन तैयार की, जो चार इंसानों को चांद के चारों ओर घुमाकर सुरक्षित वापस ला सकी।

### मिशन का लोगों पर गहरा असर पड़ा

*मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि हमने यह सब मिलकर किया है। हम आपके दिलों को अपने साथ ले गए थे और आपके दिलों ने हमारे दिलों को खुश कर दिया। क्रिस्टीना ने बताया कि लौटने के बाद उनके पति ने लोगों से बात की और बताया कि मिशन का लोगों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह असर सिर्फ देखने वालों की संख्या का नहीं था, बल्कि इसने लोगों के बीच की तमाम सीमाओं और पहचानों को पीछे छोड़ दिया था।*

### एक दूसरे का हौसला बढ़ाया

*क्रू सदस्यों ने बताया कि मिशन के दौरान उन्होंने एक-दूसरे का हौसला बढ़ाया और टीम वर्क की मिसाल पेश की। उन्होंने नासा की पूरी टीम, इंजीनियर्स और दुनिया भर के लोगों को धन्यवाद दिया, जिनके समर्थन से यह मिशन सफल हुआ। आर्टेमिस-2 मिशन चांद के चारों ओर मानवयुक्त उड़ान का महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य के आर्टेमिस कार्यक्रम और चंद्रमा पर मानव लैंडिंग की तैयारी है। अंतरिक्ष यात्रियों ने कहा कि यह यात्रा न सिर्फ उनके लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायक रही।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 1 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



शुभमन गिल
251 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
11 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### शुभंकर ने जीता बोल्डर्स क्लासिक का खिताब



**हैदराबाद।** यूरोपीय टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा ने बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ के पहले आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। शुभंकर ने दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट में यादगार वापसी करते हुए शुरुआती दो दौर के खेल में एक समान छह अंडर 66 के कार्ड के साथ बढ़त बना ली थी। दो बार के एशियाई टूर के विजेता ने तीसरे दिन आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए अपनी बढ़त को और मजबूत किया। उन्होंने शुक्रवार को अंतिम दौर में भी अपना बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

टाइटंस ने केकेआर को पांच विकेट से हराया

# गुजरात ने लगातार जीता तीसरा मैच, गिल की तूफानी पारी, रबाडा ने झटके 3 विकेट

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा (29 रन पर 3 विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर 2 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते 5 विकेट से हरा दिया। कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई।

टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने 50 गेंदों की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया।



### गिल ने कोहली को छोड़ा पीछे

केकेआर के खिलाफ बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए गिल ने इस सीजन विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 50 गेंद पर 86 रन की बेहतरीन पारी खेली और इस सीजन 250 प्लस रनों का आंकड़ा छुआ। उन्होंने 86 रन की पारी में केकेआर के खिलाफ 8 चौके और चार छक्के लगाए। साथ ही विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने ऑरेंज कैप पर भी कब्जा किया। गिल ने इस सीजन 4 पारियों में ही 250 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने इस दौरान 39, 56, 70 और 86 रन की पारियां खेली हैं। उनका इस दौरान स्ट्राइक रेट 154.94 और औसत 62.75 का रहा है। इस सीजन गिल के बल्ले से 24 चौके और 10 छक्के लगे हैं। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल अब नंबर 1 पर पहुंच गए हैं।

### बटलर की खास 'ट्रिपल सेंचुरी'

इंग्लैंड के धाकड़ विकेटकीपर बल्लेबाज और गुजरात टाइटंस के स्टार खिलाड़ी जोस बटलर के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने आईपीएल 2026 के 25वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। बटलर ने आईपीएल नहीं बल्कि ओवरऑल टी20 क्रिकेट में एक खास तिहरा शतक पूरा किया। उनके नाम अब टी20 फॉर्मेट में कुल 300 कैच दर्ज हो गए हैं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के सिर्फ चौथे खिलाड़ी ही हैं।

### स्कोर बोर्ड

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सीफर्ट का फिलिप्स बो रबाडा | 19 | 14 | 2 | 1 |
| रहाणे का रबाडा बो सिराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रघुवंशी का बटलर बो रबाडा | 08 | 4 | 2 | 0 |
| ग्रीन का बटलर बो राशिद | 79 | 55 | 7 | 4 |
| पॉवेल का सिराज बो अशोक | 27 | 20 | 2 | 2 |
| रॉय का बटलर बो प्रसिद्ध | 09 | 7 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का बटलर बो रबाडा | 01 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप का सिराज बो अशोक | 17 | 8 | 2 | 1 |
| नारायण का फिलिप्स बो सिराज | 00 | 5 | 0 | 0 |
| त्यागी रन आउट | 06 | 4 | 0 | 1 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 14, कुल योग: 20 ओवर में सभी आउट 180 रन
गेंदबाजी: सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध 4-0-32-1, अशोक 4-0-45-2, राशिद 4-0-44-1,

| गुजरात टाइटंस पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का त्यागी बो नारायण | 22 | 165 | 1 | 2 |
| गिल का ग्रीन बो अरोड़ा | 86 | 50 | 8 | 4 |
| बटलर का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 25 | 15 | 2 | 2 |
| सुंदर का त्यागी बो चक्रवर्ती | 13 | 13 | 1 | 0 |
| फिलिप्स का रिंकू बो रमनदीप | 19 | 18 | 2 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 07 | 6 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग : 19.4 ओवर में 181/5 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-1 , त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल 3-0-37-0, नारायण 4-0-28-1, चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1

आईपीएल

## जीत की लय में आरसीबी, दिल्ली कैपिटल्स के लिए कड़ी चुनौती



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

■ आज दोपहर 3 .30 बजे से रजत और अक्षर की टीमों में रोमांचक मुकाबला

### सीएसके और सनराइजर्स मुकाबला आज

**हैदराबाद।** प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है, जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी।

## पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी, कल से टूर्नामेंट



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 2 मई तक रवांडा में खेला जाएगा। मैचों का आयोजन किगाली शहर के गहांगा क्रिकेट स्टेडियम के आस-पास के दो ग्राउंड में होगा। शेड्यूल के मुताबिक, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट के पहले दिन इटली का मुकाबला मेजबान रवांडा से होगा, जबकि नेपाल का मुकाबला यूएसए से होगा। वानुअतु को पहले दिन बाई मिली है, जिसके बाद 19 अप्रैल को उसका मुकाबला रवांडा से होगा।

## डोसा-इडली गाने को लेकर फूटा सीएसके का गुस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आईपीएल 2026 के चल रहे सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने बीसीसीआई से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खास तौर पर, यह घटना बेंगलुरु स्टेडियम में हुई, जहाँ उनकी पारी शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाया गया था।

यूरोपा लीग

## सेमीफाइनल में एस्टन विला, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी।

### सेल्टा विगो को हराकर फ्रीबर्ग सेमीफाइनल में



फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई।

## हार से बौखलाए हार्दिक ने कहा, अब कड़े फैसले लेने का समय आ गया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी। पंड्या ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा।' इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. / डी- 378 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्रीमती कमला मंगलानी पत्नी श्री खेमचन्द मंगलानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय दिलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/05/2008 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती कमला मंगलानी का स्वर्गवास दिनांक 26/06/2021 को एवं उनके पति श्री खेमचन्द मंगलानी का स्वर्गवास पूर्व में हो गया है। आवंटी एक पुत्री श्रीमती मंजू (मोहिनी) का स्वर्गवास दिनांक 17/07/2024 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 1 पुत्रं श्री रमेश मंगलानी आत्मज स्व. श्री खेमचन्द मंगलानीद्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रासलाखेड़ी शबरी नगर, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई. डब्ल्यू.एस. 884 मण्डल द्वारा श्री राकेश कुमार खरे आत्मज श्री द्वारका प्रसाद खरे के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 26/08/2015 को पंजीकृत किया गया है। श्री राकेश कुमार खरे का स्वर्गवास दिनांक 04/12/2025 को हो गया है। आवेदक आवंटी की बहु श्रीमती रिचा खरे पत्नी श्री शुभम श्रीवास्तव द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र, मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक-ए/507 कालानी, मण्डल द्वारा श्रीमती खतीजा बाई पत्नी श्री नजमुद्दीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 25/06/2002 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती खतीजा बाई का स्वर्गवास दिनांक 06/09/2025 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पुत्र श्री हुसैन नजमुद्दीन आत्मज श्री नजमुद्दीन द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**


प्रकरण क्रमांक 4806 अ-6/2025-26

// इश्तहार //

आवेदक श्री कृष्णकांत कुशवाहा आत्मज मुन्नालाल कुशवाहा निवासी मध्य प्रदेश द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम खण्डाबड स्थित भूमि खसरा कमांक 63, 64 के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड कमांक 130 जिसका रकबा 800 वर्गफिट का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नांमातरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 24/4/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/4/2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**






## खबर संक्षेप

### लंबित शिकायत की समीक्षा में हंसने पर उपनिरीक्षक निलंबित

**भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंस से हो रही समीक्षा में कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रामकिशोर रहांगडाले को हंसना महंगा पड़ गया। इससे नाराज एसपी बालाघाट ने उन्हें तत्काल निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दे दिए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार 17 अप्रैल को सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की जा रही थी। कोतवाली थाने में पदस्थ उप निरीक्षक संजय किरार अपने मोबाइल से समीक्षा बैठक में ऑनलाइन जुड़े। लंबित शिकायत के बारे में पूछताछ करने पर पास बैठे कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रामकिशोर रहांगडाले ने हंस दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में वह हंसते हुए नजर आए। लिहाजा कोतवाली थाना प्रभारी से कार्यवाहक उपनिरीक्षक के हंसने का कारण पूछा गया। थाना प्रभारी का कहना था कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रामकिशोर रहांगडाले को हंसना नहीं चाहिए था। यह अनुशासनहीनता का परिचारक है। लिहाजा एसपी आदित्य मिश्रा ने कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रामकिशोर रहांगडाले को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### तस्कर गिरफ्तार, 20 बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन बरामद

**भोपाल।** गौतम नगर पुलिस ने निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन जब्त किए है। जब्त इंजेक्शन की कीमत छह हजार रुपए है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंद्रा सहायता नगर, गौतम नगर में एक संदिग्ध सफेद रंग का कुर्ता पहने हुए है। उसके पास गुलाबी रंग के गमछे में नशीले इंजेक्शन है, जिसे वह बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शोयेब उर्फ गोलू डोंगा (35) झुग्गी नंबर 45, इंद्रा सहायता नगर, गौतम नगर के रूप में की गई। तलाशी लेने पर उसके पास रखे गुलाबी गमछे में रखे बीस नग बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन मिले। बुप्रेनॉर्फिन एक शक्तिशाली ओपिओइड दवा है। इसका उपयोग मुख्य रूप से ओपिओइड लत (जैसे हेरोइन, अफीम) के इलाज और मध्यम से गंभीर दर्द के प्रबंधन के लिए किया जाता है। यह मस्तिष्क में ओपिओइड रिसेप्टर्स पर कार्य करके नशा छोड़ने के लक्षणों और तलब को कम करती है। यह केवल डॉक्टर के पर्चे पर उपलब्ध होती है।

# ईंटखेड़ी में स्व-सहायता समूहों की दीदियों से मिले कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शुक्रवार को ईंटखेड़ी स्थित समर्थन सीएलएफ सेंटर का भ्रमण करने पहुंचे, जहां उन्होंने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जरी-जरदौजी, जूट और बांस से बने उत्पादों के स्टॉल का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि ईंटखेड़ी समर्थन सीएलएफ से करीब चार हजार महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं लखपति दीदी के रूप में उभर रही हैं। ये महिलाएं पशुपालन, बैंक सखी, टैक्स कलेक्शन, सिलाई-कढ़ाई और अन्य व्यवसायों से जुड़ी हुई हैं।

गोलखेड़ी में गेहूं खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



ईंटखेड़ी स्थित समर्थन सीएलएफ सेंटर का भ्रमण करतीं कलेक्टर प्रियंका मिश्रा।

### गोलखेड़ी में देखा गेहूं खरीदी केंद्र

*कलेक्टर ने गोलखेड़ी के मां संतोषी वेयरहाउस के गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि जिले के 92 खरीदी केंद्रों पर 37 हजार 407 किसानों से गेहूं खरीदा जाएगा। अब तक 7 हजार 570 किसानों से 33 हजार 633 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।*

130655 किसानों से 57 लाख 13 हजार 640 क्विंटल गेहूं उपार्जित

# मप्र के किसानों को गेहूं विक्रय के लिए 30 अप्रैल तक स्लॉट बुकिंग की सुविधा मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब किसान गेहूं बिक्रय के लिए 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। खरीदी के लिए 3171 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। गेहूं की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है। अभी तक 4 लाख 22 हजार 848 किसानों की ओर से 1 करोड़ 82 लाख 96 हजार 810 क्विंटल गेहूं के विक्रय के लिए स्लॉट बुक किए जा चुके हैं। प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 30 हज़ार 655 किसानों से 57 लाख 13 हजार 640 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 355 करोड़ 3 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके।

### इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया

*प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिए इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष युद्ध की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार की ओर से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है।*

### उपार्जन केंद्र में किसानों के लिए गेहूं बिक्री की सभी सुविधाएं

*मंत्री राजपूत ने बताया कि जिन जिलों में गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहां गेहूं विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।*

### 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन

*मंत्री राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार की ओर से घोषित 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिए आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं को रखने के लिए जूट बारदानों के साथ ही पीपी, एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उपार्जित गेहूं में से 30 लाख 10 हजार 480 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा चुका है।*

नगरीय निकायों के कायाकल्प और वित्तीय सुदृढ़ीकरण के लिए दो दिवसीय शहरी सुधार कार्यशाला का समापन

# आधुनिक तकनीक और नवाचारों से संवरेगा प्रदेश का शहरी बुनियादी ढांचा

आयुक्त भोंडवे ने दिया डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने और मिशन मोड में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के तत्वावधान में भोपाल के भौरी स्थित सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में आयोजित दो दिवसीय शहरी सुधार कार्यशाला का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 16 और 17 अप्रैल को आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नगरीय निकायों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना, वित्तीय संसाधनों में वृद्धि के मार्ग प्रशस्त करना तथा नागरिक सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए आधुनिक नवाचारों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का साझाकरण करना रहा। इस बौद्धिक समागम में प्रदेश के विभिन्न निकायों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और विषय-विशेषज्ञों ने भविष्य के शहरी परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए गंभीर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के प्रथम दिन का केंद्र बिंदु नगरीय निकायों का आर्थिक सुदृढ़ीकरण और राजस्व वृद्धि रहा। इस दौरान शहरी सुधार, भूमि मुद्रीकरण और वित्तीय प्रबंधन के विविध आयामों पर व्यापक प्रकाश डाला गया। सूरत नगर निगम के उप आयुक्त नीलेश पटेल ने शोधित जल के प्रभावी पुनः उपयोग और उसके सफल क्रियान्वयन के मॉडल को साझा किया।

### राजस्व वृद्धि के व्यावहारिक तरीकों को रेखांकित किया




वहीं, पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम के संयुक्त नगर अभियंता सुनील अंशीराम भगवानी ने राजस्व वृद्धि के व्यावहारिक तरीकों को रेखांकित किया। प्रथम दिन के विभिन्न तकनीकी सत्रों में 'क्रेडिटवर्थी सिटीज' और सस्टेनेबल अर्बन फाइनेंस जैसे विषयों के साथ डिजिटल उपकरणों जैसे यूसीएफ, एईबीएएस और स्पैरो के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

### विभाग की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया

कार्यशाला के दूसरे दिन नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रतिभागियों को भविष्योन्मुखी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए विभाग की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को अपने क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन को अनिवार्य रूप से बढ़ावा देने के निर्देश दिए, जिससे वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। भोंडवे ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना और अमृत (एएमआरयूटी) द्वितीय चरण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन्हें समयबद्ध सीमा में पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्वच्छता मित्रों को विभाग की वास्तविक शक्ति बताते हुए उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण और पीपीई किट उपलब्ध कराने के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करने को कहा।

### आधुनिक इंजीनियरिंग समाधानों पर विशेष ध्यान दिया गया

*दूसरे दिन के तकनीकी सत्रों में आधुनिक इंजीनियरिंग समाधानों पर विशेष ध्यान दिया गया। विशेषज्ञ प्रबल भारद्वाज एवं हिमांशु चतुर्वेदी ने लिगेसी वेस्ट और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ उत्तर प्रदेश के बृजेश कुमार दुबे ने फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक जैसी लागत प्रभावी सड़क निर्माण पद्धतियों की जानकारी साझा की। भूजल विशेषज्ञ डॉ. एके विश्वकर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन और एक्विफर मैनेजमेंट के माध्यम से जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया।*

### स्मार्ट मॉनिटरिंग और रोबोटिक पाइपलाइन निरीक्षण

*कार्यशाला के अंतिम चरण में स्मार्ट मॉनिटरिंग और रोबोटिक पाइपलाइन निरीक्षण जैसी उन्नत तकनीकों के माध्यम से जल प्रणालियों में लागत अनुकूलन पर चर्चा की गई। ललित मोटवानी और बीवीआर शर्मा जैसे विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक मशीनों से पाइपलाइनों के रखरखाव और दक्षता बढ़ाने के गुर सिखाए। समापन सत्र में मप्र में जल पुनः उपयोग नीति के लिए एक रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत किया गया, जिसमें जल संरक्षण और सतत शहरी विकास के ढांचे को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।*

मंडला के अंजनिया चौकी क्षेत्र का मामला, जांच जारी

# 6 दिन से लापता युवक का सेप्टिक टैंक में 9 टुकड़ों में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडला के अंजनिया चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव घर के सेप्टिक टैंक से 9 टुकड़ों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान करियागांव निवासी आशीष साहू के रूप में हुई है। वह 6 दिन पहले यानी 11 अप्रैल से लापता था। खोजबीन के बाद परिजनों ने 15 अप्रैल को अंजनिया चौकी में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



मामले की जांच करती पुलिस।

### सेप्टिक टैंक से बदबू आने पर हुआ खुलासा

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मृतक के पिता मुन्ना लाल साहू ने पुलिस को सूचना दी कि घर के सेप्टिक टैंक से तेज बदबू आ रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और टैंक की जांच की, तो अंदर कपड़े में लिपटे शव के टुकड़े मिले। बाद में मुन्ना लाल ने शव की पहचान अपने बेटे आशीष के रूप में की। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए अंजनिया भेजा गया है।

### मृतक के बड़े भाई पर हत्या का शक

इस मामले में मृतक के बड़े भाई घनश्याम साहू पर शक जताया जा रहा है। पिता और स्थानीय लोगों ने भी उसी पर संदेह व्यक्त किया है। फिलहाल पुलिस घनश्याम से गहन पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों भाई अलग-अलग काम करते थे। आशीष ने कुछ समय पहले ट्रैक्टर खरीदा था और उसी से रोजगार चला रहा था, जबकि घनश्याम मंडला की एक फैक्ट्री में काम करता है। दोनों की मां भी 2019 से लापता बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश में अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई

# यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाली 15 वर्ष से अधिक पुरानी यात्री बसें अब नहीं दिखेंगी सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से सख्त है। इसी के तहत यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाली 15 साल से अधिक पुरानी यात्री बसें अब सड़कों पर दिखाई नहीं देंगी। प्रदेश के परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश भर में अभियान चलाकर 15 साल से अधिक पुरानी बसों पर कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों को नोटिस भेजकर वाहनों का पंजीयन निरस्त किया जा रहा है।

गुना, कटनी, मंडला और रतलाम जिले में 128 से अधिक वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के लिए जिलों के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई है। इधर, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि यात्रियों की जान से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और सड़क परिवहन को सुरक्षित, विश्वसनीय और मानकों के अनुरूप बनाया जाए।




### यात्री बसों पर लगातार की जा रही कार्रवाई

गुना जिले में परिवहन विभाग की ओर से 15 वर्ष से अधिक पुरानी हो चुकी यात्री बसों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में ऐसी वाहनों की संख्या 19 है। इनमें से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने 9 वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया है। शेष वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के लिए वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। कटनी जिले में 15 वर्ष से अधिक पुराने यात्री वाहनों की संख्या 66 है। यहां पर भी जिले क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने सभी वाहन मालिकों को वाहनों का पंजयीन निरस्त करने के लिए नोटिस जारी किया है।

## स्थानीय खेल समाचार

डीजीपी कप 2026 सुपर सिक्स मुकाबला

# साइबर टेलीकॉम, एसएएफ, भोपाल पुलिस और इंदौर पुलिस ने क्रिकेट के सेमीफाइनल में बनाई अपनी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर में खेले जा रहे डीजीपी कप 2026 के 28वें संस्करण में गुरुवार को 2 मैच खेले गए। इनमें पहला मैच साइबर टेलीकॉम और भोपाल पुलिस के बीच खेला गया। भोपाल पुलिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इनमें हेमंत के 85 (64), अंबिया के 27 (24), सर्वेश 14 के (12) के योगदान से टीम ने 165 रनों का लक्ष्य खड़ा किया।

साइबर टेलीकॉम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए भागवत ने 2 और रियाज़ इकबाल, नरेंद्र, राम को 1-1 विकेट प्राप्त किए। जवाब में साइबर टेलीकॉम की टीम की ओपनिंग साझेदारी रियाज इकबाल और




अनुराग ने 104 रन जोड़े,, जिसमें अनुराग ने 59 (40), रियाज़ इकबाल ने 43 (28), नरेंद्र 23 (17) रनों का योगदान दिया। भोपाल पुलिस की ओर से सुनील को 4, संदीप को 1 विकेट प्राप्त हुआ। अनुराग के शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**शुभम चौहान बने मैच के हीरो:** टूर्नामेंट का दूसरा मैच एसएएफ और एसबी के बीच खेला गया। एसबी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसबी ने 122 रनों का लक्ष्य दिया, जिसमें रवेंद्र ने 20 (14), शशांक ने 19 (13), मुश्ताक ने 14 (19) रनों की पारी खेली। एसएएफ के शुभम चौहान को 4, अरुण को 2, राहुल को 1 विकेट मिला। जवाब में एसएएफ की टीम ने 15 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल किया, जिसमें केके ने 47 (36), शुभम ने 37 (20), नागेंद्र सिंह 26(26) रनों का योगदान दिया। एसबी की ओर से राजकुमार को 2 और अमित को 1 विकेट प्राप्त हुए। शुभम चौहान के दोहरे प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्हें अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक रियाज़ इकबाल एवं कमांडेंट नगेंद्र सिंह, आईपीएस नरेंद्र रावत, भोपाल रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर द्वारा प्रदाय किया गया।

विधायक ट्रॉफी अंडर-12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट

# अरेरा ने अंकुर क्रिकेट अकादमी को हराकर किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अंडर-12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट में अंकुर क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। टॉस अरेरा अकादमी ने जीत पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। अंकुर ने निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाए।

अंकुर की ओर से हिमांशु बघेल ने 28, विभाग डंक ने 22, मोहक सिंह नयन ने 18 रन बनाए। अरेरा के संस्कार रघुवंशी ने तीन, राज और रुद्र प्रताप ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में अरेरा ने 7 विकेट पर जरूरी रन बना लिए। इनमें जय बैरागी ने 22, अनिका ख़रे ने 18, धैर्य पटेल ने 12 रन बनाए। अंकुर के विमान बंक ने 4 और हिमांशु बघेल ने एक विकेट लिया। संस्कार और विवान डंक को शानदार गेंदबाजी के लिए संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार योगेंद्र व्यास और अरेरा क्रिकेट अकादमी के हेड कोच सुरेश चेनानी ने दिया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930